# दैनिक ट्रिब्यून

आपकी आवाज

वर्ष/VOL : 42 अंक : 70 ◆ चंडीगढ़/ गुरुग्राम/ बठिंडा ◆ कार्तिक 8 प्रविष्टे, विक्रमी संवत् 2076 ◆ पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 3.00 ◆ Regd. No. CHD/0005/2018-2020

ई-मेल : dt@tribuneindia.com

बृहस्पतिवार, 24 अक्तूबर, 2019

www.dainiktribuneonline.com





ब्रेग्जिट विधेयक पारित लेकिन समय सीमा खारिज -पेज 9





अभिषेक नायर ने क्रिकेट से लिया संन्यास -पेज 11







### भाजपा - कांग्रेस दोनों को बहुमत की आस/कड़ी सुरक्षा में होगी हरियाणा की 90 सीटों पर गिनती

# किसको ताज, फैसला आज

दिनेश भारद्वाज/ट्रिन्यू

चंडीगढ़, 23 अक्तूबर

हरियाणा में सत्ता का ताज किसके सिर पर सजेगा, इसका फैसला बृहस्पतिवार को होगा। प्रदेश में विधानसभा की 90 सीटों के लिए 21 अक्तूबर को मतदान हुआ था। धांधली व बूथ कैप्चरिंग के चलते पांच हलकों के 5 बूथों पर बुधवार को दोबारा से मतदान हुआ। कल सुबह 8 बजे मतगणना शुरू होगी व 10 बजे तक रुझान आने शुरू हो जाएंगे। कुल 1169 उम्मीदवार मैदान में हैं। कांग्रेस व भाजपा के अलावा जननायक जनता पार्टी सभी 90 सीटों पर, इनेलो 81 पर चुनावी रण में है।

सबसे अधिक 25 उम्मीदवार हांसी व सबसे कम अंबाला कैंट और शाहाबाद (6-6) में चुनाव लड़ रहे हैं। बसपा ने 87, सीपीआई ने 4, सीपीआई (एम) ने 7 के अलावा विभिन्न दलों ने 434 उम्मीदवार उतारे हैं। इस बार के चुनावों में 375 नेताओं ने निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर फार्म भरा हुआ है। इनमें कांग्रेस व भाजपा के बागी उम्मीदवार भी शामिल हैं।

**बहुमत के लिए चाहिए 46 का आंकड़ा:** विधानसभा में किसी भी पार्टी को बहुमत के लिए 46 विधायकों की जरूरत है। 2014 के विस चुनावों में भाजपा पहली बार 47 सीटों के साथ पूर्ण बहुमत से सत्ता में आई थी। 19 सीटों वाली इनेलो मुख्य विपक्षी दल थी जबकि कांग्रेस 15 सीटों पर सिमट गई थी। हजकां 2 ही सीटें जीत पाई थी।

**सियासी दलों का गणित**

भाजपा ने मिशन-75 प्लस का नारा दिया है और वह मान रही है कि मिशन पूरा होगा। कांग्रेस भी बहुमत का दावा कर रही है। इनेलो से टूटी जजपा को भी अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद है। टूट के बाद इनेलो का फोकस 2-3 हलकों से आगे नहीं बढ़ा है। राजकुमार सैनी की लोसुपा का गोहाना और नारायणगढ़ पर ही मुख्य फोकस रहा। पूर्व मंत्री गोपाल कांडा अपनी हरियाणा लोकहित पार्टी के बैनर तले सिरसा से लड़ रहे हैं। आप 47 सीटों पर लड़ रही है।

**इन चेहरों पर रहेगी नज़र**

**भाजपा :** करनाल से मनोहर लाल खट्टर भाजपा के सीएम पद का चेहरा हैं। पांच वर्षों से उन्हीं के नेतृत्व में भाजपा की सरकार रही।


**कांग्रेस :** बेशक आधिकारिक तौर पर कांग्रेस ने घोषणा नहीं की लेकिन हुड्डा को सीएम का चेहरा माना जा रहा है। वे 10 वर्ष सीएम रहे।

**जेजेपी :** ताऊ देवीलाल के पड़पौते दुष्यंत चौटाला खुद की जननायक जनता पार्टी के सीएम फेस हैं। खुद उचाना कलां से चुनाव लड़ रहे हैं।

**इनेलो :** पार्टी व परिवार में टूट के बाद अभय ऐलनाबाद से मैदान में हैं। सीएम का चेहरा माना जाता है। सभी 90 हलकों पर प्रत्याशी नहीं दे पाये।

**महाराष्ट्र विस के साथ पंजाब-हिमाचल पर भी नज़र**

**मुंबई (भाषा) :** महाराष्ट्र में सोमवार को हुए विधानसभा चुनाव और सतारा लोकसभा उपचुनाव की मतगणना बृहस्पतिवार सुबह 8 बजे शुरू होगी। चुनाव अधिकारियों ने यह जानकारी दी। एक्जिट पोल में भाजपा-शिवसेना गठबंधन के आसानी से सत्ता हासिल करने की संभावना बताये गयी है। मतगणना ड्यूटी के लिए करीब 25,000 कर्मियों की तैनाती की गयी है। अधिकारियों ने बताई कि 288 विधानसभा क्षेत्रों के लिए राज्य के 269 स्थानों पर मतगणना होगी। सोमवार को 61.13 प्रतिशत मतदान हुआ था जबकि वर्ष 2014 में 63.20 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया था। इसके साथ ही पंजाब की 4 और हिमाचल की 2 विधानसभा सीटों पर हुए मतदान का परिणाम भी बृहस्पतिवार को आयेगा। कुल मिलाकर देश के 18 राज्यों की 51 विधानसभा, 2 लोकसभा सीटों का परिणाम आज निकलेगा।



महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडनवीस बुधवार को प्रदेश विधानसभा के चुनाव परिणाम से एक दिन पूर्व, अपनी धर्मपत्नी अमृता के साथ केदारनाथ धाम में शीश नवाने पहुंचे। -प्रेट्र

# अलकायदा के सहयोगी संगठन का कश्मीर से सफाया

## जाकिर मूसा के संगठन से जुड़े 3 आतंकी त्राल में ढेर

श्रीनगर, 23 अक्तूबर (हप्र/एजेंसी)

जम्मू कश्मीर पुलिस ने दावा किया है कि अलकायदा के सहयोगी संगठन अंसार गजवातुल हिंद (एजीएच) का कश्मीर घाटी से पूरी तरह सफाया कर दिया गया है। साथ ही कहा गया है कि पाकिस्तान आधारित आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद हमलों को अंजाम देने के लिए कश्मीर में अन्य संगठनों के साथ तालमेल बनाने की कोशिश कर रहा है। दक्षिण कश्मीर के त्राल में 3 आतंकवादियों को मार गिराने की घटना के एक दिन बाद राज्य के पुलिस महानिदेशक दिलबाग सिंह ने बुधवार को एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, 'एजीएच का सफाया हो गया है लेकिन कुछ तत्व हैं जो अब भी यहां सक्रिय हैं। वे अचानक सामने आते हैं, फिलहाल एजीएच का कश्मीर से सफाया हो गया है।'



श्रीनगर में प्रेस को सम्बोधित करते जेएंडके पुलिस के डीजी दिलबाग सिंह। -प्रेट्र

त्राल में मारे गए 3 आतंकवादियों की पहचान हमीद लोन उर्फ हामिद लल्हारी, नवीद अहमद टाक और जुनैद राशिद भट के रूप में हुई है। ये तीनों पुलवामा जिले के रहने वाले थे। यह समूह जैश के साथ मिलकर काम कर रहा था। उन्होंने कहा, 'अब जैश कश्मीर में प्रत्येक आतंकवादी संगठन के साथ समन्वय की कोशिश कर रहा है।'

**ऐसे चला आप्रेशन**

जानकारी के मुताबिक, पुलिस को मंगलवार दोपहर को सूचना मिली थी कि जैश के तीन आतंकी त्राल के राजपोरा में काजीनाग आए हैं। इसके बाद अभियान शुरू किया गया। जवान तलाशी लेते हुए आगे बढ़ ही रहे थे कि एक मकान में छिपे आतंकियों ने फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में तीनों ढेर हो गए।

**गजवातुल हिंद का प्रमुख था लल्हारी:** जाकिर मूसा 'अंसार गजवातुल हिंद' का मुखिया था, जिसकी मौत के बाद अब्दुल हमीद लल्हारी ने कमान संभाल ली थी। यह दल अपने आपको अल-कायदा का कश्मीर का गुट बताता था। मुठभेड़स्थल से बड़ी मात्रा में हथियार और गोलाबारूद भी बरामद किया है।

## यासीन मलिक के खिलाफ आरोप पत्र का संज्ञान

**नयी दिल्ली (एजेंसी) :** दिल्ली की एक अदालत ने राष्ट्रीय जांच एजेंसी द्वारा जम्मू-कश्मीर लिबरेशन फ्रंट (जेकेएलएफ) प्रमुख यासीन मलिक और अन्य के खिलाफ टैरर फंडिंग के लिये 2017 में दायर पूरक आरोप पत्र पर बुधवार को संज्ञान लिया। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश राकेश सयाल ने अंतिम रिपोर्ट पर संज्ञान लिया, जिसमें अलगाववादी नेताओं आसिया अंद्राबी, शब्बीर शाह और मसरत आलम भट को भी आरोपी के रूप में नामजद किया गया है। सुनवाई में अदालत ने कुछ आरोपियों की न्यायिक हिरासत 7 नवंबर तक बढ़ा दी। वे सुरक्षा कारणों के चलते वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिये अदालत के समक्ष पेश हुए थे।

## मेडिकल की फर्जी डिग्रियां बेचने वाला गिरफ्तार

**रायपुर (एजेंसी) :** छत्तीसगढ़ के रायपुर में एक व्यक्ति को मेडिकल डिग्री और डिप्लोमा के फर्जी प्रमाण पत्र बेचने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। आरोपी की पहचान शैलेंद्र कुमार ग्वारले के रूप में हुई है जो अधिकतर गांवों के बेरोजगार युवकों को निशाना बनाता था और 2013 से अपने फर्जी संस्थान के जरिये बीएएमएस, डीएएमएस तथा एमबीबीएस की फर्जी डिग्रियां बेच रहा था। वह आमतौर पर एक प्रमाण-पत्र के लिये 50 हजार रुपये लेता था।

### केंद्रीय मंत्रिमंडल ने दी हरी झंडी

# गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 85 रुपये क्विंटल बढ़ा

नयी दिल्ली, 23 अक्तूबर (एजेंसी)

सरकार ने बुधवार को गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 85 रुपये बढ़ाकर 1,925 रुपये क्विंटल कर दिया। वहीं दलहनों के एमएसपी में 325 रुपये क्विंटल तक की वृद्धि की गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति (सीसीईए) की बैठक में यह निर्णय किया गया। बैठक के बाद सूचना और प्रसारण मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने कहा, 'किसानों की आय बढ़ाने की पहल के तहत चालू वर्ष के लिये रबी फसलों पर यह फैसला किया है।' चालू फसल वर्ष के लिये जौ, मसूर का एमएसपी बढ़ाया गया है।

**अवैध कालोनी वालों को मालिकाना हक :** मंत्रिमंडल ने दिल्ली की अनधिकृत कालोनियों में रहने वाले लोगों को स्वामित्व का अधिकार देने संबंधी एक प्रस्ताव को भी मंजूरी दे दी, चाहे जमीन निजी हो या सरकारी।

**बीएसएनएल, एमटीएनएल का होगा विलय :** सरकार ने घाटे में चल रही सार्वजनिक क्षेत्र की दूरसंचार कंपनियों एमटीएनएल और बीएसएनएल के पुनरुत्थान पैकेज के तहत दोनों कंपनियों के विलय का फैसला किया। इनके पुनरुत्थान के लिए सरकारी बांड जारी होंगे, संपत्तियों का मौद्रीकरण होगा। और कर्मचारियों के लिए वीआरएस की पेशकश की जाएगी।



नयी दिल्ली में बुधवार को मीडिया से रूबरू विधि मंत्री रविशंकर प्रसाद और पर्यावरण मंत्री प्रकाश जावड़ेकर। मुकेश अग्रवाल

**गैर-पेट्रोलियम कंपनियां भी खोल सकेंगी पेट्रोल पंप**

सरकार ने ईंधन के खुदरा कारोबार को गैर- पेट्रोलियम कंपनियों के लिए खोल दिया है। अब ऐसी कंपनियों भी पेट्रोल पंप खोल सकेंगी जो पेट्रोलियम क्षेत्र में नहीं हैं। मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति (सीसीईए) ने दिशानिर्देशों की समीक्षा को मंजूरी दे दी है। ऐसी कंपनियां जिनका कारोबार 250 करोड़ रुपये है, ईंधन के खुदरा कारोबार क्षेत्र में उतर सकती हैं।

## उत्तराखंड के पूर्व सीएम हरीश रावत पर सीबीआई केस

नयी दिल्ली, 23 अक्तूबर (एजेंसी)

**विधायकों की खरीद-फरोख्त का मामला**

सीबीआई ने उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत के खिलाफ विधायकों की खरीद-फरोख्त की कथित कोशिश में शामिल होने के लिये मामला दर्ज किया है। सीबीआई द्वारा 2016 की एक कथित वीडियो को लेकर उनके खिलाफ मामला दर्ज किया गया। उस समय राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू था। वीडियो में रावत भाजपा में जाने वाले असंतुष्ट विधायकों के समर्थन को वापस पाने के लिये कथित रूप से पैसे को लेकर चर्चा करते हुए दिख रहे हैं, ताकि वह वापस सत्ता पा सकें। सीबीआई ने इस मामले में प्राथमिक जांच की एक सीलबंद रिपोर्ट अदालत में पेश की थी, जिस पर हाल ही में उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने सीबीआई को इस मामले में आगे बढ़ने और रावत के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया था।

### हिन्दू संगठन के नेता की हत्या का मामला

# पहले दागी थी गोली फिर 15 बार मारा चाकू

लखनऊ, 23 अक्तूबर (एजेंसी)



हिन्दू संगठन के नेता कमलेश तिवारी के कथित दोनों हत्यारों ने उन पर सिर्फ गोली ही नहीं चलायी बल्कि उन पर लगातार बर्बरता से चाकू से वार भी किये । पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बुधवार को बताया कि तिवारी के पोस्टमार्टम की रिपोर्ट में कहा गया है कि उनके शरीर में एक गोली लगी है और 15 वार चाकू के हैं। कमलेश के चेहरे पर एक गोली मारी गयी थी।

**हत्यारोपी ट्रांजिट रिमांड पर**

**अहमदाबाद :** कमलेश तिवारी की हत्या के सिलसिले में पकड़े गये दो आरोपियों को यहां की एक अदालत ने बुधवार को उत्तर प्रदेश पुलिस की एक टीम को ट्रांजिट रिमांड में सौंप दिया। सूरत निवासी अशफाक शेख (34) और मोइनुद्दीन पठान (27) को मंगलवार रात गुजरात आतंकवाद रोधी दस्ते ने गुजरात-राजस्थान सीमा के पास से गिरफ्तार किया था। इन दोनों को बुधवार को अहमदाबाद की एक अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें लखनऊ पुलिस को 72 घंटों की ट्रांजिट रिमांड में सौंप दिया गया। तिवारी की 18 अक्तूबर को हत्या कर दी थी।

**दूसरी गोली दागी लेकिन वह पिस्तौल में फंसी रह गयी**

विशेषज्ञों के मुताबिक, तिवारी के शरीर पर मिले जख्मों से साफ जाहिर है कि हत्यारों ने अत्यंत बर्बरता से चाकू से कई बार वार किये। ऐसा लगता है कि हत्यारों ने तिवारी पर पहले एक गोली चलायी। दूसरी गोली भी दागने का प्रयास किया लेकिन वह पिस्तौल में फंसी रह गयी, जिसके बाद उन्होंने तिवारी पर चाकू से कई वार किये। पुलिस ने अशफाक शेख (34) और मोइनुद्दीन (27) द्वारा कथित तौर पर इस्तेमाल की गयी पिस्तौल और चाकू बरामद कर लिया है।

## शिवकुमार तिहाड़ जेल से रिहा

नयी दिल्ली, 23 अक्तूबर (एजेंसी)

दिल्ली हाईकोर्ट से जमानत मिलने के बाद कर्नाटक कांग्रेस के नेता डी. के. शिवकुमार को बुधवार शाम तिहाड़ जेल से रिहा कर दिया गया। वह प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दायर धनशोधन मामले में आरोपी हैं। शाम में अदालत का आदेश मिलने के बाद उन्हें रात में 9.15 बजे मेडिकल जांच और अन्य औपचारिकताओं के बाद रिहा कर दिया गया। अदालत ने उन्हें जमानत देते हुए कहा कि 57 वर्षीय शिवकुमार सबूतों के साथ छेड़छाड़ नहीं कर सकते क्योंकि दस्तावेज जांच एजेंसियों के पास हैं।

शिवकुमार को धनशोधन मामले में तीन सितंबर को गिरफ्तार किया गया था। उन्हें न्यायिक हिरासत में तिहाड़ जेल में रखा गया था। इससे पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने शिवकुमार से बुधवार को तिहाड़ जेल पहुंचकर मुलाकात की। कांग्रेस सूत्रों के मुताबिक सोनिया सुबह करीब 9 बजे तिहाड़ जेल पहुंचीं। एक सूत्र ने बताया कि सोनिया ने कर्नाटक के इस वरिष्ठ कांग्रेस नेता की खैरियत जानी और कहा कि पार्टी उनके साथ खड़ी है।

**ताऊ बोल्या** संदीप जोशी

**चुनाव नतीजे आज**



भूल जा गिले शिकवे, ईब तो जो जीता उसी का हार

### सुप्रीमकोर्ट द्वारा नियुक्त प्रशासकों की समिति का कार्यकाल खत्म

# गांगुली बने दुनिया के सबसे अमीर क्रिकेट बोर्ड के 'कप्तान'

मुंबई, 23 अक्तूबर (एजेंसी)

पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली ने बुधवार को बीसीसीआई के 39वें अध्यक्ष के रूप में पदभार संभाल लिया। वह दुनिया के सबसे अमीर क्रिकेट बोर्ड का प्रमुख बनने वाला सबसे बड़ा नाम हैं। गांगुली (47) को बीसीसीआई की आम सभा की अगली बैठक तक अगले 9 महीने के लिए आधिकारिक रूप से भारतीय क्रिकेट के प्रमुख की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके साथ ही सुप्रीमकोर्ट द्वारा नियुक्त प्रशासकों की समिति का 33 महीने का कार्यकाल भी खत्म हो गया। गांगुली बंगाल क्रिकेट संघ के सचिव और अध्यक्ष रह चुके हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बेटे जय शाह को सचिव बनाया गया है। उत्तराखंड के माहिम वर्मा नये उपाध्यक्ष बने। बीसीसीआई के पूर्व अध्यक्ष और मौजूदा वित्त राज्य मंत्री अनुराग ठाकुर के छोटे भाई अरुण धूमल कोषाध्यक्ष जबकि केरल के जयेश जार्ज संयुक्त सचिव बने।

अपने कार्यकाल के दौरान गांगुली पूर्व अध्यक्ष एन. श्रीनिवासन और पूर्व सचिव निरंजन शाह जैसे पूर्व पदाधिकारियों के साथ समन्वय का प्रयास करेंगे जिनके बच्चे अब बीसीसीआई का हिस्सा हैं।



मुंबई में बुधवार को भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड अध्यक्ष का पद संभालने के मौके पर पूर्व कप्तान सौरव गांगुली। -प्रेट

**अगले साल जुलाई में छोड़ना होगा पद**

मैच फिक्सिंग प्रकरण के बाद 2000 में सबसे बुरे दौर में से एक के दौरान भारतीय टीम के कप्तान बने गांगुली को नये संविधान के के अनुसार अगले साल जुलाई के अंत में पद छोड़ना होगा। गांगुली से उम्मीद की जा रही है कि वह बंगाल क्रिकेट संघ के सचिव और फिर अध्यक्ष के अपने पद से मिले अनुभव का पूरा फायदा उठाएंगे। उनके उस कार्यकाल को मिलाकर गांगुली को अगले साल जुलाई में पदाधिकारी बने 6 साल हो जायेंगे जिसके बाद 2 साल का कूलिंग आफ पीरियड अनिवार्य है।

**ये होंगी चुनौतियां**

गांगुली ने कुछ लक्ष्य निर्धारित किए हैं जिसमें से एक प्रथम श्रेणी क्रिकेट के ढांचे का पुनर्गठन, प्रशासन को सही ढर्रे पर लाना और अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद में भारत को उसकी मजबूत स्थिति फिर लौटाना है। इसके अलावा अनुभवी विकेटकीपर महेंद्र सिंह धोनी के अंतर्राष्ट्रीय भविष्य, दिन-रात्रि टेस्ट और स्थायी टेस्ट केंद्रों पर उनका नजरिया भी अहम होगा। गांगुली का कार्यकाल उस समय शुरू हो रहा है जब आईसीसी ने भारत को अपने नवगठित कार्यकारी समूह से बाहर कर दिया है। बीसीसीआई ने अपने ट्विटर पेज पर लिखा, 'यह आधिकारिक है- सौरव गांगुली को औपचारिक रूप से बीसीसीआई का अध्यक्ष चुना गया।'








### कई नेताओं के भविष्य का फैसला आज

# सियासी घरानों की प्रतिष्ठा दांव पर

## तीनों लाल परिवारों के 12 दिग्गज नेता हैं मैदान में, देवीलाल की दूसरी, तीसरी एवं चौथी पीढ़ी डटी

दिनेश भारद्वाज/ट्रिन्यू
चंडीगढ़, 23 अक्तूबर

हरियाणा के विधानसभा चुनाव के नतीजे प्रदेश के कई बड़े सियासी घरानों के भविष्य का फैसला करेंगे। प्रदेश के तीनों लाल परिवारों के अलावा और भी कई पुराने राजनीतिक परिवारों की प्रतिष्ठा इन चुनावों से दांव पर है। देवीलाल परिवार की दूसरी, तीसरी व चौथी पीढ़ी चुनावी रण में है तो चौ. बंसीलाल और भजनलाल परिवार के लोग भी चुनाव लड़ रहे हैं।

अकेले हरियाणा ही नहीं, बिहार के लोगों की नजर भी हरियाणा के चुनावी नतीजों पर है। बिहार के दो दिग्गज नेताओं – लालू प्रसाद यादव और शरद यादव के दामाद और समधी चुनाव लड़ रहे हैं। यह पहला मौका है, जब देवीलाल परिवार के छह सदस्य चुनाव लड़ रहे हैं। स्व. देवीलाल के बेटे रणजीत सिंह रानियां हलके से निर्दलीय प्रत्याशी हैं। कांग्रेस से टिकट कटने के बाद वे बागी हो गये और आजाद ही मैदान में आ डटे। वहीं, पूर्व मुख्यमंत्री ओमप्रकाश चौटाला के छोटे बेटे अभय सिंह चौटाला इनेलो के टिकट पर ऐलनाबाद से चुनाव लड़ रहे हैं। अकेले अभय नहीं बल्कि पूरी इनेलो की प्रतिष्ठा इस बार दांव पर है। चौटाला के बेड़े बेटे डॉ. अजय सिंह चौटाला के बेटे दुष्यंत सिंह चौटाला उचाना कलां से जननायक जनता पार्टी के उम्मीदवार हैं। दुष्यंत जजपा का सीएम चेहरा भी हैं। देवीलाल परिवार की पुत्रवधू और अजय चौटाला की पत्नी नैना सिंह चौटाला बाढ़डा हलके से जजपा उम्मीदवार हैं।

देवीलाल के बेटे जगदीश सिंह के बेटे आदित्य देवीलाल चौटाला भाजपा टिकट पर डबवाली से चुनाव लड़ रहे हैं। उनके मुकाबले देवीलाल परिवार के ही डॉ. केवी सिंह के बेटे अमित सिहाग कांग्रेस टिकट पर चुनावी रण में डटे हैं। अमित सिहाग युवा कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष भी रहे हैं। सूबे में सबसे अधिक समय तक मुख्यमंत्री रहे स्व. चौ. भजनलाल के बेटे कुलदीप बिश्नोई आदमपुर से कांग्रेस टिकट पर चुनाव लड़ रहे हैं।


नैना चौटाला
बाढड़ा


दुष्यंत चौटाला
उचाना


अभय चौटाला
ऐलनाबाद



रणजीत चौटाला
रानिया



आदित्य देवीलाल
डबवाली


कुलदीप बिश्नोई
आदमपुर


चंद्रमोहन
पंचकूला



रणबीर महिंद्रा
बाढड़ा


किरण चौधरी
तोशाम


दूड़ाराम बिश्नोई
फतेहाबाद

### अहीरवाल में भी परिवारवाद


चिरंजीव राव
रेवाड़ी


यादवेंद्र सिंह
कोसली

कांग्रेसियों का परिवारवाद अहीरवाल में भी सिर चढ़कर बोला। पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अजय सिंह यादव के बेटे चिरंजीव राव को कांग्रेस ने रेवाड़ी से प्रत्याशी बनाया। हालिया लोकसभा चुनाव में खुद कै यादव गुरुग्राम से चुनाव लड़ चुके हैं। चिरंजीव राव युवा कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष रहे हैं और वे बिहार के भूतपूर्व सीएम लालू प्रसाद यादव के दामाद हैं। लालू की बेटी अनुष्का राव, चिरंजीव राव की धर्मपत्नी हैं। केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह के छोटे भाई यादवेंद्र सिंह कोसली से कांग्रेस टिकट पर चुनाव लड़ रहे हैं। वहीं इंद्रजीत के ही बीच वाले भाई राव अजीत सिंह के बेटे अर्जुन राव पर कांग्रेस ने अटेली से भरोसा जताया है। खट्टर सरकार में पीडब्ल्यूडी मंत्री रहे राव नरबीर सिंह के छोटे भाई कमलवीर यादव को कांग्रेस ने बादशाहपुर से अपना प्रत्याशी बनाया हुआ है। उनके दादा मोहर सिंह संयुक्त पंजाब में विधायक रहे हैं। वहीं पिता महावीर सिंह भी तीन बार विधायक और सांसद रहे। कमलवीर सिंह, बिहार के वरिष्ठ नेता शरद यादव के समधि हैं। शरद यादव की बेटी सुभासिनी यादव, कमलवीर के बेटे राजकमल की धर्मपत्नी हैं।

आदमपुर भजनलाल परिवार की पैतृक सीट है। अभी तक भजनलाल परिवार ने इस सीट से हार का मुंह नहीं देखा है। यही नहीं, भजनलाल के अलावा उनकी धर्मपत्नी जसमा देवी, खुद कुलदीप बिश्नोई व उनकी धर्मपत्नी रेणुका बिश्नोई भी यहां से विधायक रही हैं।

भजनलाल के बड़े बेटे व प्रदेश के पूर्व उपमुख्यमंत्री चंद्रमोहन बिश्नोई पंचकूला से कांग्रेस के उम्मीदवार हैं। वहीं, भजनलाल के भाई के बेटे दूड़ाराम बिश्नोई फतेहाबाद से भाजपा टिकट पर चुनावी रण में डटे हैं।

भूतपूर्व सीएम स्व. चौ. बंसीलाल परिवार के भी तीन सदस्य चुनाव लड़ रहे हैं। बंसीलाल की राजनीतिक विरासत संभालने वाली उनकी पुत्रवधू व स्व. सुरेंद्र सिंह की पत्नी किरण चौधरी तोशाम से मैदान में हैं। तोशाम को बंसीलाल परिवार की परंपरागत सीट माना जाता है। बंसीलाल के बड़े बेटे रणबीर सिंह महेंद्रा कांग्रेस टिकट पर बाढ़डा से चुनाव में डटे हैं। बंसीलाल के दामाद सोमबीर सिंह को कांग्रेस ने लोहारू हलके से मैदान में उतारा है।

### परंपरागत सीट से लड़ रहे हुड्डा

पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा भी पुराने और बड़े राजनीतिक परिवार से हैं। उनके स्व पिता चौ रणबीर सिंह संयुक्त पंजाब में भी मंत्री रहे। हुड्डा गढ़ी-सांपला-किलोई हलके से चुनाव लड़ रहे हैं। वे यहां से जीत की हैट्रिक लगा चुके हैं और लगातार चौथा चुनाव लड़ रहे हैं। प्रदेश में लगातार सबसे अधिक समय तक मुख्यमंत्री रहने का रिकार्ड हुड्डा के नाम दर्ज है। इसी तरह से कांग्रेस के दो बड़े दिग्गजों – पूर्व वित्त मंत्री हरमोहिंद्र सिंह चट्ठा के बेटे मनदीप सिंह चट्ठा पेहवा हलके से और पूर्व शिक्षा मंत्री व कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष रहे फूलचंद मुलाना के बेटे वरुण मुलाना, अंबाला जिला के मुलाना हलके से मैदान में उतारा है।


भूपेंद्र हुड्डा, गढ़ी-किलोई-सांपला

### मेवात में 2 घरानों में भिड़ंत


जाकिर हुसैन
नूंह

गुरुग्राम से सटे नूंह (मेवात) जिला में भी दो बड़े सियासी घराने एक बार फिर आमने-सामने हैं। इनेलो छोड़कर भाजपा में आये पूर्व विधायक जाकिर हुसैन को नूंह से प्रत्याशी बनाया गया है। वहीं पूर्व मंत्री आफताब अहमद कांग्रेस टिकट पर रण में डटे हैं। जाकिर हुसैन के पिता तैय्यब हुसैन सांसद व मंत्री रहे हैं वहीं आफताब अहमद के पिता खुर्शीद अहमद भी मंत्री रहे हैं।


आफताब अहमद
नूंह

### हाईकोर्ट में याचिका के बाद जजपा ने चुनाव आयोग को लिखा पत्र

# काउंटिंग रूम एरिया में लगाये जाएं जैमर

चंडीगढ़, 23 अक्तूबर (ट्रिन्यू)

जननायक जनता पार्टी (जजपा) ने ईवीएम की विश्वसनीयता पर सवाल उठा दिये हैं। जजपा ने स्ट्रांग रूम तथा मतणना केंद्र वाले क्षेत्रों में इंटरनेट सुविधा बंद करने और जैमर लगाने की मांग की है। जजपा ने इस संदर्भ में पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की, लेकिन हाईकोर्ट ने पार्टी को चुनाव आयोग के सामने अपना पक्ष रखने को कहा है।

जजपा के प्रदेश कार्यालय सचिव रणधीर सिंह ने केंद्रीय चुनाव आयोग को इस संदर्भ में पत्र लिखा है। साथ ही, हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल को भी पत्र लिखा है। जजपा के 'थिंक टैंक' माने जाने वाले व परदे के पीछे काम कर रहे जसबीर सिंह 'मीनू बैनीवाल' ने यह मुद्दा उठाया है। 21 अक्तूबर को वोटिंग वाले दिन ही उन्होंने सोशल मीडिया पर ईवीएम मशीनों में टैंपरिंग की आशंका जाहिर कर दी थी।

पार्टी की ओर से आयोग को लिखे गये पत्र में कई पार्टियों व नेताओं द्वारा पूर्व में उठाई गई मांग को भी अपने पत्र में शामिल किया है। यही नहीं, हरियाणा में पिछले कुछ दिनों में ईवीएम को लेकर उठे सवालों व घटनाओं का भी उल्लेख किया गया है। जजपा का कहना है कि ईवीएम की सुरक्षा को लेकर सभी स्ट्रांग रूम व मतणगना क्षेत्रों में तुरंत नेटवर्क जाम करने चाहिएं। साथ ही, उच्च क्वालिटी के जैमर लगाने को कहा है, जिससे इंटरनेट के जरिये किसी भी प्रकार की ईवीएम टैंपरिंग न हो सके।

ईवीएम को लेकर दिल्ली हाईकोर्ट के अलावा सुप्रीमकोर्ट में गये मामलों का भी जिक्र किया गया है। पार्टी का कहना है कि ईवीएम की विश्वसनीयता पर सवाल उठने के बाद ही वीवीपैट की शुरुआत हुई, लेकिन इसके बाद भी इस पर भरोसा नहीं किया जा सकता। पार्टी ने डॉ. सुब्रणयम स्वामी द्वारा दायर की गई याचिका का भी अपने पत्र में उल्लेख किया है। यही नहीं, यह भी कहा गया है कि दिल्ली सरकार के एक विधायक ने विधानसभा में लाइव-डेमो दिया था और यह साबित किया था कि ईवीएम मशीन को हैक किया जा सकता है।

इस घटना से जुड़ी मीडिया रिपोर्ट्स भी पत्र के साथ संलग्न की गई हैं। इसी तरह से 2009 में भाजपा नेता और विपक्ष के नेता रहे लालकृष्ण आडवाणी द्वारा ईवीएम के खिलाफ उठाई गई आवाज को भी पार्टी ने मुद्दा बनाया है। जजपा का कहना है कि अमेरिका के एक साइबर एक्सपर्ट ने भी यह दावा किया है कि ईवीएम मशीनों को हैक किया जा सकता है। एक आईएएस अधिकारी द्वारा ईवीएम की विश्वसनीयता पर उठाये गये सवालों से जुड़ी न्यूज कटिंग भी जजपा ने आयोग को सौंपी है।

पार्टी का कहना है कि लोकतंत्र में मतदाताओं का भरोसा सबसे अहम है। ऐसे में चुनाव आयोग को विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए तुरंत प्रभाव से यह कदम उठाना चाहिए।

### खट्टर के बयान का भी किया जिक्र

जजपा ने हरियाणा के मौजूदा सीएम मनोहर लाल खट्टर द्वारा चुनाव प्रचार के दौरान दिये गये उस बयान को भी मुद्दा बनाया है, जिसमें खट्टर ने ईवीएम का मतलब – ऐवरी वोट फॉर मनोहर और ऐवरी वोट फॉर मोदी बताया था। पार्टी का कहना है कि भाजपा के असंध से प्रत्याशी का भी एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वे कहते सुनाई-दिखाई दे रहे हैं कि बटन कोई भी दबाना, वोट फूल (कमल) पर ही जाएगी।

## लोसुपा प्रमुख को धमकी देने का आरोपी काबू

सोनीपत, 23 अक्तूबर (हप्र)

लोसुपा सुप्रीमो एवं गोहाना से उम्मीदवार राजकुमार सैनी को मोबाइल फोन पर जान से मारने की धमकी देने व अभद्रता करने के मामले में मोहाना पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी करनाल के गांव गगसीना का रहने वाला ओंकार सिंह है। आरोपी ने शराब के नशे में फेसबुक पर नंबर देखकर लोसुपा सुप्रीमो को धमकी दी थी। वह आरक्षण आंदोलन के दौरान लोसुपा सुप्रीमो द्वारा जाति विशेष पर टिप्पणी किए जाने से नाराज था। पुलिस ने उसे अदालत में पेश किया, जहां उसे जमानत मिल गई। लोसुपा के पदाधिकारी विनोद ने पुलिस को बताया था कि राजकुमार सैनी को उनके मोबाइल फोन पर जान से मारने की धमकी दी गई थी। पुलिस ने आरोपी के मोबाइल फोन को बरामद कर लिया है।

### बहादुरगढ़ पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री

## हुड्डा ने चाय की चुस्कियों के साथ की चुनावी चर्चा

### कहा- बहुमत से बनाएंगे सरकार


बहादुरगढ़ में बुधवार को पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बातचीत करते पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा। -हप्र

झज्जर/बहादुरगढ़, 23 अक्तूबर (हप्र/निस)

चुनाव परिणाम आने से एक दिन पहले प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री चौ. भूपेन्द्र सिंह हुड्डा बहादुरगढ़ पहुंचे। यहां उन्होंने काफी देर कार्यकर्ताओं के साथ चाय की चुस्की के बीच चुनाव को लेकर मंत्रणा की। कार्यकर्ताओं से चुनाव की फीड बैक लिया। हालांकि, उन्होंने पत्रकारों से बात नहीं की। कांग्रेस प्रत्याशी राजेन्द्र जून के कार्यालय में पूर्व सीएम हुड्डा काफी देर रुके। उन्होंने कार्यालय में मौजूद कांग्रेस नेताओं व कार्यकर्ताओं को चुनाव में अच्छा काम करने के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा की कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ होते हैं। हुड्डा ने कार्यकर्ताओं से कहा कि आपकी मेहनत रंग लाएगी और बृहस्पतिवार को पूर्ण बहुमत के साथ कांग्रेस की सरकार बनने जा रही है। साथ ही भाजपा के 5 साल के कायम कुशासन से हरियाणा प्रदेश की जनता को मुक्ति मिलेगी।

उन्हीं की मेहनत के बलबूते पर पार्टी सत्ता में आती है। जिन कार्यकर्ताओं ने चुनाव में अच्छा काम किया है, वह बधाई के पात्र हैं। उम्मीद है कि इन्हीं कार्यकर्ताओं की मेहनत पर चुनाव परिणाम भी अच्छे ही आएंगे।

यहां बता दें कि बहादुरगढ़ में कांग्रेस, भाजपा व इनेलो के बीच त्रिकोणीय मुकाबला बना हुआ है। बाजी किसके हाथ लगेगी कुछ कहा नहीं जा सकता। इस सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी लगातार दो बार विधायक रह चुके है, लेकिन मौजूदा समय में भाजपा के नरेश कौशिक यहां से विधायक हैं।

### चालती चाक्की

सत्यवीर नाहड़िया

खुड़का होणा आज सै, खुल ज्यां असली पाट।
एड्डी ठा-ठा देखते, चोगरदे सभ बाट।
चोगरदे सभ बाट, फूल के फेर खिलैगा?
बेरा पाट्टै आज, ताज के फेर मिलैगा?
चमकैगा के हाथ, साथ ताली नै धुड़का!
नाई आले. बाल, आज सभ होज्या खुड़का!!

### मतगणना को लेकर वरिष्ठ उप-चुनाव आयुक्त ने की बैठक

## केंद्रीय चुनाव आयोग की रहेगी पैनी नजर

चंडीगढ़, 23 अक्तूबर (ट्रिन्यू)

हरियाणा में विधानसभा की 90 सीटों के लिए बृहस्पतिवार को घोषित होने वाले नतीजों पर केंद्रीय चुनाव आयोग की पैनी नजर है। बुधवार को केंद्रीय निर्वाचन आयोग के वरिष्ठ उप-चुनाव आयुक्त डॉ. संदीप सक्सेना ने हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के अलावा सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों, निर्वाचन अधिकारियों व सहायक निर्वाचन अधिकारियों को मतगणना कार्य सुचारू एवं पारदर्शी ढंग से करवाने के आदेश दिये।

वे वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये हरियाणा के अधिकारियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने मतगणना को लेकर की गई तैयारियों की समीक्षा भी की। उनके साथ निदेशक डॉ. कुशाल पाठक व वीएन शुक्ला भी मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि आयोग मतगणना कार्य की बारीक से मॉनिटरिंग कर रहा है, इसलिए अधिकारी एवं कर्मचारी सभी औपचारिकताएं एवं आवश्यक कार्यवाही ऑनलाइन के साथ-साथ मैन्यूअली भी पूरी करें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक मतगणना केंद्र पर बेहतर इंटरनेट सुविधा होनी चाहिए, जिससे ईटीबीपीएस बैलेट पेपर की गणना में किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। प्रत्येक मतगणना केंद्र पर अतिरिक्त मतगणना टेबल, कम्प्यूटर आदि अन्य सामान भी पर्याप्त मात्रा में होना चाहिए तथा उनकी रिपोर्ट भी आयोग को भेजी जाए। मतगणना का डाटा फीड करते समय कोई त्रुटि नहीं होनी चाहिए तथा प्रत्येक राउंड की गणना होने के बाद सही डाटा फीड होना चाहिए। हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने कहा कि प्रदेश के सभी रिटर्निंग अधिकारी एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारी आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशानुसार मतगणना की सभी तैयारियां पूरी कर लें।



### गोहाना में स्ट्रांग रूम के बाहर पार्टी कार्यकर्ताओं का पहरा

## कांग्रेस प्रत्याशियों के ऐतराज के बाद प्रशासन ने रात एक बजे लगवाई लाइटें

गोहाना, 23 अक्तूबर (निस)


विधानसभा चुनाव में मतदान के बाद चुनाव आयोग ने गांव मोहाना स्थित बिट्स कालेज में बनाए स्ट्रांग रूम में ईवीएम मशीनों को कड़ी सुरक्षा में रखा है। बृहस्पतिवार को यहां मतगणना होनी है। इस केंद्र पर लाइटों व कैमरों का उचित प्रबंध न होने पर मंगलवार रात को कांग्रेस पार्टी के 4 प्रत्याशी व कार्यकर्त्ता मौके पर पहुंचे और व्यवस्था को लेकर ऐतराज जताया। प्रशासन ने रात के समय ही आनन-फाइन में यहां लाइटों का प्रबंध करवा दिया। इसके बाद कांग्रेस कार्यकर्ता निगरानी के लिए स्वयं केंद्र के बाहर डेरा डालकर बैठ गए। चुनाव विभाग द्वारा गांव मोहाना स्थित बिट्स कालेज में मुख्य सेंटर बनाया गया है।

विभाग द्वारा विधानसभा चुनाव में यहीं से ही सभी चुनावी गतिविधियों को यहीं से ही संचालित किया जा रहा है। सोमवार को मतदान के बाद स्ट्रांग रूम में लाइटें व कैमरों का उचित प्रबंध नहीं होने पर मंगलवार रात को कांग्रेस के गोहाना हलका से प्रत्याशी जगबीर सिंह मलिक, बरोदा हलका से प्रत्याशी श्रीकृष्ण हुड्डा, राई से प्रत्याशी जयतीर्थ दहिया व खरखौदा से प्रत्याशी जयवीर वाल्मीकि पहुंचे। चारों ने इस पर कड़ा ऐतराज जताया। प्रत्याशियों ने कहा कि स्ट्रांग रूम की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए प्रशासन द्वारा स्क्रीन भी नहीं लगवाई गई है। प्रत्याशियों ने कहा कि कालेज के पीछे के गेट भी खुले छोड़े गए हैं, जिससे यहां गड़बड़ी होने की संभावना है। प्रशासन ने आनन-फानन में रात करीब एक बजे लाइटों का प्रबंध करवाया। कांग्रेस कार्यकर्ता मतगणना केंद्र के बाहर एकत्रित होने की सूचना पर भाजपा के गोहाना हलका के प्रत्याशी तीर्थ राणा भी मौके पर पहुंच गए। उधर, कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने स्ट्रांग रूम के बाहर डेरा डाल लिया।

### भाजपा ही नहीं, कांग्रेस के भी कई नेता लड़े निर्दलीय चुनाव

# 20 से ज्यादा विधानसभा क्षेत्रों में बागी बिगाड़ सकते हैं खेल

चंडीगढ़, 23 अक्तूबर (ट्रिन्यू)


निर्मल सिंह


रणधीर कापड़ीवास


जिलेराम शर्मा


नरेश यादव

हरियाणा के चुनावी रण में डटे 20 से ज्यादा 'बागी' नेता सत्तारूढ़ भाजपा व विपक्षी दल कांग्रेस के समीकरण बिगाड़ सकते हैं। टिकट नहीं मिलने से नाराज इन नेताओं ने निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर चुनाव में ताल ठोकी हुई है। इनमें से कुछ ऐसे चेहरे हैं, जो काफी मजबूत नज़र आ रहे हैं। एक दर्जन से अधिक चेहरे ऐसे हैं, जो खुद बेशक चुनाव न जीत सकें, लेकिन अपनी ही पार्टी के उम्मीदवारों के लिए जरूर मुसीबत बने हुये हैं।

भाजपा ने दादरी से सोमबीर सांगवान का टिकट काट कर कुश्ती पहलवान बबीता फौगाट को दे दिया। इससे आहत सांगवान निर्दलीय मैदान में कूद गये। जननायक जनता पार्टी के प्रत्याशी व पूर्व मंत्री सतपाल सांगवान के साथ उनका कांटे का मुकाबला बना हुआ है। सिरसा से टिकट की मांग कर रहे राहुल सेतिया को भाजपा ने टिकट नहीं दिया तो वे निर्दलीय ही मैदान में आ गये। इसी तरह, रेवाड़ी के मौजूदा विधायक रणधीर सिंह कापड़ीवास ने टिकट कटने के बाद आजाद प्रत्याशी के तौर पर मोर्चाबंदी कर दी। पेहवा हलके में भी भाजपा प्रत्याशी व हॉकी खिलाड़ी संदीप सिंह को टिकट मिलने के बाद बागी हुये संदीप ओंकार सिंह मैदान में डटे हैं। पृथला से टिकट कटने के बाद भाजपा के नैनपाल सिंह रावत ने पूरी मजबूती के साथ निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर चुनाव लड़ा। महम में भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी शमेशर सिंह खरकड़ा के लिए बागी हुये बलराज कुंडू मुसीबत पैदा करते दिख रहे हैं। कुंडू रोहतक जिला परिषद के चेयरमैन रहे हैं और भाजपा टिकट के प्रबलतम दावेदारों में शामिल थे।

रणधीर सिंह गोलन पुंडरी से टिकट मांग रहे थे। भाजपा ने यहां से पार्टी के प्रदेश महामंत्री एडवोकेट वेदपाल पर दांव लगाया। ऐसे में नाराज गोलन निर्दलीय मैदान में कूद गये। 2014 में पुंडरी से आजाद प्रत्याशी के तौर पर चुनाव जीते दिनेश कौशिक ने भी भाजपा ज्वाइन कर ली थी और टिकट के दावेदारों में थे, लेकिन उन्हें टिकट नहीं मिला। कौशिक ने भी निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर चुनाव लड़ा है।

गुहला-चीका हलके से टिकट की मांग कर रहे देवेंद्र हंस को टिकट नहीं दिया तो उन्होंने निर्दलीय खड़े होकर भाजपा की मुश्किलें बढ़ा दीं। यहां से भाजपा के मौजूदा विधायक कुलवंत बाजीगर का टिकट काटकर रवि तारांवली को दिया गया। नीलोखेड़ी से टिकट मांग रहे धर्मपाल गोंदर को जब भाजपा ने भाव नहीं दिया और मौजूदा विधायक भगवानदास कबीरपंथी पर ही दांव खेला तो गोंदर भी निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर मैदान में आ डटे। इसी तरह, असंध से टिकट मांग रहे संजय मेहला बागी हो गये।

2014 में भाजपा की सरकार बनने से लेकर आखिर तक समर्थन देते रहे पुन्हाना से निर्दलीय विधायक रहे रईस खान को भी जब भाजपा ने टिकट नहीं दिया तो वे भाजपा छोड़कर मैदान में आ गए। पार्टी ने उनकी जगह नौक्षम चौधरी को उम्मीदवार बनाया है। कांग्रेस में भी बागियों की संख्या कम नहीं है। पूर्व मंत्री चौ. निर्मल सिंह अपनी बेटी चित्रा सरवारा के लिए अंबाला कैंट से टिकट मांग रहे थे। प्रदेशाध्यक्ष कुमारी सैलजा के विरोध के चलते हाईकमान चित्रा को टिकट नहीं दे पाया।

ऐसे में निर्मल सिंह खुद अंबाला सिटी से मैदान में आ डटे। यहां से कांग्रेस ने पूर्व विधायक जसबीर मल्लौर को टिकट दिया है। इसी तरह, उनकी बेटी अंबाला कैंट से निर्दलीय चुनाव लड़ रही हैं। पूर्व मुख्य संसदीय सचिव जिलेराम शर्मा का टिकट काटकर असंध से शमेशर सिंह गोगी को दिया गया तो वे भी कांग्रेस से बागी होकर निर्दलीय ही चुनावी रण में आ गये। इंद्री से विधायक रहे राकेश काम्बोज की उम्मीदों पर कांग्रेस खरी नहीं उतरी तो वे भी निर्दलीय उतर आए। पूर्व सीपीएस रामनिवास घोड़ेला बरवाला से टिकट मांग रहे थे। टिकट कटने से आहत घोड़ेला भी आजाद प्रत्याशी के तौर पर चुनाव लड़ रहे हैं। पूर्व विधायक और कुमारी सैलजा के सबसे करीबियों में रहे नरेश सेलवाल का भी टिकट कट गया। ऐसे में उन्होंने उकलाना से बतौर निर्दलीय प्रत्याशी मोर्चा खोल दिया। देवीलाल के बेटे रणजीत सिंह रानियां से टिकट मांग रहे थे। कांग्रेस ने टिकट काटा तो निर्दलीय मैदान में उतर गए हैं।

बेरी के मौजूदा विधायक डॉ. रघुबीर सिंह कादियान के सबसे नजदीकियों में रहे अजय अहलावत भी बागी होकर कादियान के खिलाफ ही बतौर निर्दलीय प्रत्याशी आ डटे। अहलावत कांग्रेस का टिकट मांग रहे थे। पूर्व विधायक नरेश यादव का टिकट कटा तो उन्होंने अटेली से मोर्चा खोल दिया। रोहतक में कांग्रेस ने पुराने चेहरे भारत भूषण बतरा पर दांव खेला। यहां से टिकट की मांग कर रहे मोहित धन्वंतरी विरोध में निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर आ डटे।

### गुड़गांव में कबलाना ठोक रहे अलग ताल

गुड़गांव सीट पर लंबे समय से मेहनत कर रहे गजे सिंह कबलाना टिकट की मांग कर रहे थे, लेकिन उनकी जगह पूर्व मंत्री सुखबीर सिंह कटारिया पर कांग्रेस ने दांव खेला। इससे नाराज़ कबलाना भी मैदान में आ डटे। हांसी से कांग्रेस टिकट की मांग कर रहे प्रेम सिंह की भी अनदेखी हुई तो वे भी निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर मैदान में आ गये। कांग्रेस ने यहां से ओमप्रकाश पंघाल को अपना प्रत्याशी बनाया हुआ है। बहरहाल, कई हलकों में बागियों ने भाजपा व कांग्रेस के पसीने छुड़ाए हुए हैं। अब चुनावी नतीजों से ही तय होगा कि इनके मैदान में आने का इन दोनों पार्टियों पर कितना असर पड़ा।

epaper.dainiktribuneonline.com

### 5 हलकों के 5 बूथों पर शांतिपूर्ण हुआ दोबारा मतदान

# बढ़ा रुझान, करसिंधु में 90.72 % वोटिंग

चंडीगढ़, 23 अक्तूबर (ट्रिन्यू)

जींद के उचाना कलां से भाजपा प्रत्याशी प्रेमलता की शिकायत पर करसिंधु गांव के बूथ नंबर-71 पर दोबारा हुए मतदान ने पिछले रिकार्ड भी तोड़ दिये। इस बार इस गांव के लोगों ने 90.72 प्रतिशत मतदान किया। करसिंधु सहित प्रदेश के पांच हलकों के पांच बूथों पर बूथ कैप्चरिंग पर धांधली की शिकायतों के बाद आयोग ने फिर से मतदान का फैसला लिया था। हरियाणा के संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. इंद्रजीत ने कहा कि पांचों बूथों पर पुनर्मतदान शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हुआ।

उन्होंने बताया उचाना कलां के बूथ 71 पर 90.7 प्रतिशत मतदान हुआ। जिला झज्जर में बेरी विधानसभा क्षेत्र के बूथ नंबर-161 पर 71.5 प्रतिशत, नारनौल विधानसभा क्षेत्र के बूथ नंबर-28 पर 71.09 प्रतिशत, रेवाड़ी जिला में कोसली विधानसभा क्षेत्र के बूथ नंबर-18 पर 84.19 प्रतिशत तथा जिला फरीदाबाद में पृथला विधानसभा क्षेत्र के बूथ नंबर-113 पर 75.98 प्रतिशत मतदान हुआ है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि पुनर्मतदान के मद्देनजर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। सभी 5 बूथों की वेबकास्टिंग की गई थी, जिस पर चंडीगढ़ मुख्यालय में बने कंट्रोल रूम से लगातार मॉनिटरिंग की गई। 90 विधानसभा सीटों के लिए प्रदेश में कुल 59 स्थानों पर 91 काउंटिग सेंटर बनाए गए हैं। बादशाहपुर विधानसभा क्षेत्र में मतदान केंद्रों की संख्या सबसे अधिक होने के कारण 2 काउंटिग सेंटर बनाए गए हैं। मतगणना सुबह 8 बजे से आरंभ होगी।

**थ्री टियर सिक्योरिटी सिस्टम**

काउंटिग सेंटर थ्री-टियर सिक्योरिटी सिस्टम से लैस होगा। मतगणना केंद्र के भवन के बाहरी तरफ सड़क पर हरियाणा पुलिस, मतगणना केंद्र के परिसर के मुख्य द्वार पर स्टेट आर्म फोर्स और मतगणना केंद्र के प्रवेश द्वार के बाहर केंद्रीय अर्धसैनिक बल के जवान तैनात रहेंगे। ईवीएम और वीवीपैट मशीनों को सुरक्षित रखने के लिए बनाए गए स्ट्रांग रूम के बाहर केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल तैनात हैं और कमरों के अंदर सीसीटीवी कैमरों से लगातार पैनी नजर रखी जा रही है।



उचाना कलां के बूथ नंबर 71 पर बृहस्पतिवार को दोबारा मतदान करने जाते मतदाता। -हप्र

## उचाना कलां गीत गाते बूथ पर पहुंची महिलाएं , इस बार 30 वोट ज्यादा पड़े

उचाना/जींद, 23 अक्तूबर (हप्र)

प्रदेश की हॉट सीटों में शामिल उचाना कलां के करसिंधू गांव में स्थित बूथ नंबर- 71 पर बुधवार को दोबारा से मतदान कराया गया, जिसमें मतदाताओं द्वारा पहले की बजाय 30 मत ज्यादा डाले गये। दिनभर मतदाताओं से पूरा जोश दिखाया। महिलाएं टोलियों में गीत गाते हुए मतदान केंद्र पर पहुंची और अपने अपने वोट डाले। मतदाता कई कई घंटे तक लंबी लाइन में खड़े रहे। कुल 970 मतों वाले इस बूथ पर 21 अक्तूबर को हुए मतदान के दौरान 850 मतदाताओं ने अपने वोट डाले थे, जबकि आज 880 मतदाताओं ने अपने वोट डाले। बूथ नंबर 71 पर कथित धांधली की वीडियो जारी होने के बाद चुनाव आयोग द्वारा यहां पर लाइव मतदान प्रक्रिया शुरू की गई। करसिंधु गांव की महिला रेणू ने मंगलवार देर रात बेटी को जन्म दिया। डिलीवरी होने के बाद भी वह बुधवार को अपने परिजनों के साथ बाइक पर सवार होकर मतदान केंद्र पर अपना मत डालने के लिए पहुंची।

### युवक ने तोड़ दी थी मशीन

**नारनौल (हप्र) :** नारनौल विधानसभा क्षेत्र के नांगलिया मित्रपुरा गांव में बुधवार को पुनर्मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गया। इस गांव के बूथ नं. 28 पर 1159 में से 840 मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया। मतदान प्रक्रिया शुरू होने के समय ग्रामीणों ने थोड़ा हंगामा जरूर किया, लेकिन अधिकारियों ने ग्रामीणों को समझाकर मतदान शुरू करा दिया। इस बूथ पर मतदान के दिन गांव के एक युवक ने ईवीएम तोड़ दी थी। मशीन तोड़ने के आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ केस दर्ज कर लिया था।

### बेरी में पूरा दिन बूथ पर डटे रहे कांग्रेस, भाजपा, जजपा प्रत्याशी

**झज्जर (हप्र) :** बेरी विधानसभा के गांव महराना में एक बूथ पर बुधवार को दोबारा से मतदान कराया गया। महराना गांव इस बूथ पर 1114 मतदाताओं द्वारा अपने मत का प्रयोग किया जाना था। 21 अक्तूबर को हुए मतदान के दौरान इस बूथ पर 60 प्रतिशत मतदान हुआ था, लेकिन आज इस बूथ पर वोट प्रतिशत में थोड़ी वृद्धि हुई। बूथ पर सुबह के समय मतदान प्रक्रिया थोड़ी धीमी चली, लेकिन दोपहर होते-होते इस बूथ पर मतदान ने रफ्तार पकड़ी। दोपहर 12 बजे तक इस बूथ पर 392 वोट डाले गए थे, लेकिन शाम 5 बजे इस बूथ पर 766 वोट डाले गए। पोलिंग खत्म होने तक इस बूथ पर वोट प्रशित बढ़ा जरूर,लेकिन मामूली थोड़ा। उधर महराना गांव में दोबारा से हुए बूथ नंबर 161 में चुनाव निष्पक्ष कराने की प्रक्रिया के चलते कांग्रेस प्रत्याशी व पूर्व स्पीकर डा.रघुबीर सिंह कादयान,भाजपा प्रत्याशी विक्रम कादयान के अलावा अन्य पार्टियों के प्रत्याशी पूरा दिन डटे रहे और अपनी-अपनी जीत के प्रति काफी आश्वस्त दिखाई दिए।

### व्हीलचेयर न होने के चलते बुजुर्ग हुए परेशान

**फरीदाबाद/बल्लभगढ़ (हप्र) :** पृथला विधानसभा के अंतर्गत आने वाले गांव छांयसा के बूथ नंबर 113 के वीडियो वायरल के बाद बुधवार को प्रशासन की सख्ती के बीच पुनर्मतदान शांतिपूर्ण संपन्न हो गया। इस बूथ पर करीब 837 मतदाता है। जिनमें से पिछली बार (21 अक्तूबर को) हुए मतदान में करीब 640 मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया था। इस बार (बुधवार को) करीब 636 मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया। जहां सुबह करीब 7 बजे से मतदान शुरू होकर, देर शाम छह बजे तक चला। ग्रामीणों ने अपने मत को लेकर काफी जोश देखने को मिला। बूथ पर सीसीटीवी कैमरे लगाएं गए थे जहां अधिकारियों को भी जाने की अनुमति नहीं जा रही थी। दूसरी तरफ बूथ पर पहुंचने के लिए बुजुर्गों को काफी परेशानी झेलनी पड़ी। सुबह बुर्जुर्गों को ले जाने के लिए व्हील चेयर की व्यवस्था नहीं थी।

### कोसली के छव्वा गांव में शांतिपूर्ण हुआ चुनाव

**रेवाड़ी (निस) :** कोसली विधानसभा क्षेत्र के गांव छव्वा में बुधवार को पुनर्मतदान शांतिपूर्वक संपन्न हो गया। 84 प्रतिशत लोगों ने मताधिकार का प्रयोग किया। छव्वा गांव के मतदान केंद्र नं-18 पर एक ही व्यक्ति द्वारा बार-बार मतदान किए जाने की शिकायत के बाद निर्वाचन आयोग ने इस बूथ पर पुनर्मतदान के आदेश दिए थे। आज 892 में से 751 मतदाताओं ने मत का प्रयोग किया, जबकि 21 अक्तूबर को 729 लोगों ने वोट डाले थे।

## जीतने वाले उम्मीदवारों की 3 दिन पहले दिवाली

पुरुषोत्तम शर्मा/हप्र

सोनीपत, 23 अक्तूबर

आखिरकार वह घड़ी आ गई है, जिसका इंतजार लंबे समय से हो रहा था। बृहस्पतिवार दोपहर तक तस्वीर लगभग साफ हो जाएगी कि इस बार किसकी दिवाली हैप्पी होने वाली है। इस बार जीतने वाले उम्मीदवारों की 3 दिन पहले ही दिवाली मन जाएगी। कहीं गुलाल उड़ेगा तो कहीं पटाखे फोड़े जाएंगे। इधर, मतगणना के लिए प्रशासन ने पुख्ता बंदोबस्त कर दिए हैं। सुरक्षा के साथ-साथ बीट्स कॉलेज की ओर जाने वाले रूट को डायवर्ट कर दिया गया है। मतगणना पूरी होने तक यह रूट आम नागरिकों के लिए बंद ही रहेगा। मतगणना सुबह 8 बजे शुरू हो जाएगी और कुल 10 से 12 राउंड में मतगणना होगी। जिले के सभी 6 विधानसभा क्षेत्रों की मतगणना बीट्स कॉलेज मोहाना में होगी।

**काउंटिंग को लेकर प्रशासन ने किये पुख्ता इंतजाम**

इसके लिए यहां पर अलग-अलग विधानसभा के हिसाब से मतणगना केंद्र बनाए गए हैं। इसमें प्रत्येक विधानसभा के लिए 14-14 मेजें लगाई गई हैं। संभावना है कि दोपहर 12 बजे तक स्थिति लगभग स्पष्ट हो जाएगी। चुनाव एजेंट को फोन ले जाने पर पाबंदी रहेगी, तो गोहाना का रूट भी वाया मोई माजरी डायवर्ट कर दिया गया है। यह रास्ता आमजन के लिए बंद रहेगा।

**जींद (हप्र) :** शहर के अर्जुन स्टेडियम में 24 अक्तूबर बृहस्पतिवार को विधानसभा जींद, जुलाना व उचाना कलां की मतगणना होगी। बुधवार को उपायुक्त डा.आदित्य दहिया व पुलिस कप्तान अश्वीन शैणवी ने मतगणना केंद्रों को निरीक्षण किया। जींद विधानसभा क्षेत्र के मतों की गणना के लिए अर्जुन स्टेडियम के मल्टी पर्पज हाल में मतगणना केन्द्र बनाया गया है।

**रोहतक (हप्र/निस) :** रोहतक के चारों विधानसभा क्षेत्रों की 24 अक्तूबर को जाट शिक्षण संस्थाओं में होने वाली मतगणना के लिए सुरक्षा के चाक चौबंद प्रबंध किए गए हैं। शहर में दिल्ली बाइपास चौक से मेडिकल मोड़ तक मार्ग आमजन के आवागमन के लिए बन्द रहेंगा। जाट कॉलेज होस्टल से पावर हाउस चौक तक 100 मीटर के दायरे के अन्दर किसी भी व्यक्ति या वाहन को खड़ा होने नही दिया जाएगा। यातायात डायवर्ट करने के लिए अलग से नाके लगाए गए है। उपायुक्त एवं रोहतक संसदीय क्षेत्र के रिटर्निंग अधिकारी आरएस वर्र्मा ने सभी मतगणनों केंद्रों की तैयारियों का जायजा लिया।

## फरीदाबाद-पलवल में भाजपा-कांग्रेस के दिग्गजों की साख दांव पर

देशपाल सौरोत/राजेश शर्मा/हप्र

पलवल/फरीदाबाद, 23 अक्तूबर

विधानसभा चुनाव को लेकर पलवल-फरीदाबाद दोनों जिलों में मतदान के बाद आज आने वाला ईवीएम के रिजल्ट के साथ ही भाजपा व कांग्रेस के कई दिगगज नेताओं का कद भी तय होगा। दोनों जिलों में लगने वाली कई सीटों को लेकर इस बार भाजपा की ओर से जहां प्रधानमंत्री से लेकर गृहमंत्री, रक्षामंत्री और मुख्यमंत्री समेत यहां से केन्द्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर की साख दांव पर लगी हुई है। वहीं कांग्रेस में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा और प्रदेशाध्यक्ष कुमारी सैलजा की साख भी दांव पर लगी है।

**प्रधानमंत्री, गृहमंत्री, रक्षामंत्री ने की थी रैलियां**

मालूम हो कि विधानसभा चुनाव में भाजपा ने 'अबकी बार 75 पार' का नारा दिया था। जिसके चलते देश व प्रदेश के कई बडे नेताओं द्वारा एक के बाद एक ताबड़तोड़ जनसभाएं व रैलियां आयोजित करके इन बड़े नेताओं ने भाजपा के पक्ष में माहौल बनाने का प्रयास किया था। भाजपा की आपसी गुटबाजी और प्रत्याशियों की खिलाफत को देखते हुए स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हरियाणा में फरीदाबाद लोकसभा से ही अपने चुनावी प्रचार अभियान की शुरुआत रैली के माध्यम से कर भाजपा के पक्ष में माहौल बनाने के साथ-साथ ज्यादा से ज्यादा मतदान की अपील की थी। यहां यह भी गौरतलब है कि अकेले तिगांव और ओल्ड फरीदाबाद सीट पर कथित फूट को लेकर भाजपा आलाकमान तक की नींद उड़ी हुई थी। यही कारण है कि प्रधानमंत्री की रैली से पहले जहां राज्य के मुख्यमंत्री मनोहर लाल भी तिगांव सहित कई विधानसभाओं में अपनी चुनावी प्रचार रैली को आयोजित कर भाजपा के पक्ष में माहौल बनाने का काम कर चुके थे। लेकिन प्रधानमंत्री की जनसभा के दो ही दिन बाद केंद्रीय गृहमंत्री एवं भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह भी तिगांव में जनसभा को संबोधित करने पहुंचे थे। प्रधानमंत्री सहित देश के दो शीर्ष नेताओं के अलावा केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी भोजपुरी गायक और दिल्ली प्रदेश के भाजपा अध्यक्ष व सांसद मनोज तिवारी ने भी उनके समर्थन में पूर्वांचल वोट को साधने का काम किया था। वहीं पृथला में विरोध को देखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह की रैलियों के बाद पृथला में केंद्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह को अलग से जनसभा करनी पड़ी। अगर बात की जाए कांग्रेस की तो कांग्रेस के लिए प्रदेश अध्यक्ष कुमारी सैलजा, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र हुड्डा, छत्तीसगढ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, राजस्थान के उप-मुख्यमंत्री सचिन पायलट व उत्ताराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने भी रैलियां की थी।


फसल अवशेष न जलाने के लिए हरियाणा के किसानों से अपील







फसल अवशेष जलाने से हानि

- बचे हुए भूसे एवं दानों की हानि।
- सूक्ष्म पोषक तत्व नष्ट होने से जमीन की उपजाऊ शक्ति कम हो जाती है।
- नाइट्रोजन की कमी होने से उत्पादन घटता है।
- आसपास के खेतों में आग लगने का खतरा बढ़ जाता है।
- वायु प्रदूषण बढ़ने से लोगों में बीमारियों का खतरा पैदा होता है।

समाधान

फसलों के अवशेष का स्ट्रा बेलर, रीपर बाइंडर एवं स्ट्रा रीपर द्वारा समुचित उपयोग किया जा सकता है। इस प्रकार मल्चर / एम.बी. प्लो एवं रोटावेटर के प्रयोग से फसलों के अवशेष को मिट्टी में मिला कर कम्पोस्ट के रूप में प्रयोग किया जा सकता है।

अवशेष न जलाने के लाभ

- खेत में फानों को मिलाने से नाइट्रोजन की मात्रा बढ़ती है एवं कम खाद की ज़रूरत होती है।
- वायु प्रदूषण कम होने से वातावरण शुद्ध रहता है।
- मशीनों के प्रयोग से समय अनुसार बहाई का होना।
- स्ट्रा बेलर द्वारा बनाए गए गट्ठे बायोमास पॉवर जनरेशन प्लांट को बेचकर आमदनी में वृद्धि।

फसल के बचे हुए फाने / अवशेष / ठूंठ को खेत में नहीं जलाना है। प्रदूषण को मिटाना है।



कृषि तथा किसान कल्याण विभाग, हरियाणा। सेक्टर-21 पंचकूला।

ब्रज चौरासी कोस परिक्रमा यात्रा : हजारों श्रद्धालु ट्रैक्टर, रस्सों से कर रहे थे नदी पार

# यमुना पार कर रहे 2 श्रद्धालुओं की मौत, कई की हालत खराब

## मृतकों में एक महिला, दूसरा वृद्ध, दोनों पश्चिम बंगाल निवासी



पलवल के हसनपुर में बुधवार को यमुना पार करते श्रद्धालु। -हप्र

देशपाल सौरोत/हप्र

पलवल, 23 अक्तूबर

हसनपुर में युमना नदी पार कर रहे ब्रज चौरासी कोस परिक्रमा यात्रा में शामिल 2 श्रद्धालुओं की मौत हो गई जबकि कई की हालत बिगड़ गई। हादसा आज पलवल जिला के हसनपुर के निकट माहौली व यूपी के बीच उस समय हुआ जब हजारों श्रद्धालु ट्रैक्टर और रस्सों की सहायता से यमुना पार कर रहे थे। इस दौरान श्रद्धालुओं की नदी में डूबने की सी स्थिति बन गई और उनके मुंह में प्रदूषित पानी आ जाने से एक महिला व एक वृद्ध श्रद्धालु की मौत हो गई और कई की हालत बिगड़ गई, जिन्हें मथुरा के विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि यमुना का प्रदूषित जल अत्याधिक मात्रा में शरीर में जाने के कारण यह हादसा हो गया।

**यमुना नदी पर पैंटून पुल की कोई व्यवस्था नहीं है। यात्रा में शामिल सभी श्रद्धालुओं को नदी से सुरक्षित निकालकर यूपी सीमा में भेज दिया गया था। उसके बाद हुए हादसे के बारे में कोई जानकारी नहीं है।**

-इब्राहिम खान, पलवल जिला के हसनपुर स्थित तहसीलदार

बरसाना के मान मंदिर से पदम्श्री रमेश बाबा की ब्रज चौरासी कोस के लिए निकली यात्रा में लगभग 5 हजार साधु-संतों और श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया था। उक्त यात्रा में शामिल श्रद्धालु यूपी व पलवल जिला के होडल क्षेत्र के विभिन्न गावों से होते हुए यूपी सीमा में प्रवेश करने के लिए पलवल के हसनपुर के पास माहौली के निकट यमुना नदी पार कर रहे थे। यमुना नदी पर पुल की व्यवस्था नहीं होने के कारण श्रद्धालुओं ने रस्सों की सहायता से नदी को पार करना शुरू कर दिया। बताया जाता है कि जब श्रद्धालु यमुना नदी को रस्सी की सहायता से पार कर रहे थे तो श्रद्धालुओं के मुंह में पानी चला गया। नदी का जल प्रदूषित होने के कारण श्रद्धालुओं का स्वास्थ बिगड गया। पानी पीने के कारण कई श्रद्धालुओं को यूपी के विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया गया, जिनमें उपचार के दौरान कपूरगंज मालदां पश्चिम बंगाल निवासी रामकृष्ण सरकार व शांतिदेवी निवासी 24 परगना पश्चिम बंगाल की मौत हो गई। मालूम हो कि पलवल जिला के हसनपुर के गांव माहोली और जैदपुर के बीच यमुना नदी पर पैंटून पुल रहता है। बारिश के दिनों में यमुना नदी का जलस्तर बढने के चलते पर यहां पैंटून पुल को हटा दिया गया था।

### क्या कहते हैं राधारानी ब्रज यात्रा के व्यवस्थापक

राधारानी ब्रज यात्रा के व्यवस्थापक सनील सिंह ने बताया कि उन्होंने पलवल जिला के हसनपुर स्थित माहौली में यमुना नदी पर पैंटून पुल के मामले को लेकर जिला उपायुक्त से बातचीत की थी जिस पर उन्होंने आश्वासन भी दिया था लेकिन चुनावों में व्यस्त होने के कारण इसकी व्यवस्था नहीं हो सकी। उन्होंने बताया कि इसके बाद उन्होंने उत्तर प्रदेश के अलीगढ लोक निर्माण विभाग के कनिष्ठ अभियंता से पैंट्रून पुल के बारे में बातचीत की लेकिन उन्होंने बजट नहीं होने की बात कहकर पल्ला झाड़ लिया। उन्होंने बताया कि ट्रैक्टरों और रस्सों के माध्यम से श्रद्धालुओं को नदी से निकलने की व्यवस्था की गई। कुछ यात्रियों की लम्बाई कम होने के कारण नदी का प्रदूषित पानी उनके मुंह में चला गया, जिस कारण हादसा हो गया।

ऑटो चालक ने साथियों सहित पेचकस और रॉड से किया हमला

# जींद के युवक की कालका में हत्या

## 3 हुए घायल, सेना में भर्ती होने आए थे सभी युवा, 3 आरोपी गिरफ्तार

पिंजौर, 23 अक्तूबर (निस)

जींद जिले के पिल्लूखेड़ा से अपने 5 दोस्तों राजेश, प्रवीन, अनु, गौरव, राहुल के साथ कालका मिलिट्री स्टेशन में टीए पद पर भर्ती होने आए अश्विनी को कालका के एक ऑटो चालक ने अपने साथियों सहित पेचकस, लोहे की रॉड से हमला कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया। अश्विनी (19) ने गत देर रात्रि दम तोड़ दिया जबकि उसके घायल 3 साथी अस्पताल में भर्ती हैं।

घायल राजेश ने पुलिस को बताया कि भर्ती में उनका मेडिकल टेस्ट क्लियर नहीं हुआ था, राजेश, अश्विनी, प्रवीन, अनु स्टेशन गेट पर अपने दोस्तों का इंतजार कर रहे थे तभी वहां से गुजरते हुए एक ऑटो ने अश्वनी को टक्कर मार दी। अश्विनी ने कहा कि देखकर नहीं चल सकता तो ऑटो चालक ने नीचे उतरकर अश्वनी को थप्पड़ मारने शुरू कर दिये। इस पर अश्विनी की ऑटो चालक से हाथापाई होने लगी।

राजेश, प्रवीण, अनु अश्वनी को छुड़ाने लगे तभी चालक के 4 अन्य साथियों ने हाथों में नुकीला पेचकस, लोहे की रॉड लेकर उनपर हमला बोल दिया। इसमें राजेश, अश्वनी, प्रवीण को काफी चोटें आईं। भीड़ इकट्ठा होने पर ऑटो चालक साथियों सहित फरार हो गया। खून से लथपथ अश्विनी को कालका सरकारी अस्पताल लाए जहां डाक्टरों ने अश्विनी, प्रवीण की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें सेक्टर 32 चंडीगढ़ जीएमसीएच रेफर कर दिया जहां देर रात अश्वनी ने दम तोड़ दिया।

अश्विनी की हत्या के 3 आरोपियों को कालका पुलिस ने बुधवार देर शाम गिरफ्तार कर लिया है। तीनों आरोपी कालका के बताए जा रहे हैं। दरअसल, घायल तीनों युवकों ने पुलिस को ऑटो रिक्शा का नंबर दे दिया था, जिस आधार पर पुलिस ने तुरंत धरपकड़ करते हुए उन्हें गिरफ्तार कर आगे जांच शुरू कर दी है। पुलिस तीनों आरोपियों को बृहस्पतिवार को अदालत में पेश करेगी।



कालका में रेलवे स्टेशन से मिलिट्री स्टेशन जाते जींद के युवक। -निस

### छाती में घुसी थी नुकीली वस्तु

सूत्रों के अनुसार अश्विनी की छाती में नुकीली वस्तु घुसने का गहरा घाव था। उसके सिर सहित शरीर के अन्य जगहों पर भी चोटें आई थी। प्रवीण के शरीर में भी 5 जगह तेजधार हथियार से कटने के घाव हैं। अश्विनी गांव भुराण थाना पिल्लूखेड़ा का निवासी था जबकि राजेश पिल्लूखेड़ा मंडी, प्रवीण, अनु गांव रजाना कलां, राहुल भुराण, गौरव मुराली पिल्लूखेड़ा जिला जींद के निवासी हैं।

### हत्यारोपी चचेरे भाइयों समेत 3 काबू

**सोनीपत (हप्र) :** शहर की धानकान बस्ती में ईंट उठाने को लेकर हुए झगड़े में युवक को चाकू मारकर हत्या करने के मामले में पुलिस ने आरोपी चचेरे भाइयों समेत 3 आरोपियों को काबू कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी धानकान बस्ती निवासी विजय उर्फ सुक्खा, उसका भाई धान्नू उर्फ सूर्या तथा सचिन उर्फ बिहारी है। पुलिस ने बुधवार को तीनों आरोपियों को अदालत में पेश किया। अदालत ने उन्हें एक दिन के रिमांड पर लिया गया है। पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है।

### 17 से 22 अक्तूबर तक थी टीए पद की भर्ती

कालका मिलिट्री क्षेत्र में गत 17 से 22 अक्तूबर तक टीए पद की भर्ती थी। 22 को जींद जिले की भर्ती हुई इसलिए सभी दोस्त गत सोमवार ट्रेन से कालका पहुंचे रात अपने एक जानकार के रुके सुबह मिल्ट्री ग्राउंड में पहुंचे थे। शारीरिक माप तोल और दौड़ के बाद केवल गौरव और राहुल का फिजिकल क्लीयरेंस मिली जो अपना फिटनेस सर्टिफिकेट लेने के लिए अंदर ही रुक गए थे और चारों बाहर आकर उनका इंतजार कर रहे थे। कालका पुलिस ने राजेश की शिकायत पर ऑटो चालक उसके चार साथियों पर धारा 323, 324, 302, 34 के तहत मामला दर्ज कर का लिया है। सूत्रों के अनुसार पुलिस बुधवार को ऑटो चालकों और कुछ युवकों को थाने लाई है, जिनसे आरोपियों के बारे में पूछताछ की जा रही है।

पराली की समस्या से परेशानी

# किसानों ने किया रोष प्रदर्शन



फतेहाबाद में बुधवार को पराली की समस्या को लेकर किसानों के प्रतिनिधिमंडल से बातचीत करते उपायुक्त। -निस

फतेहाबाद, 23 अक्तूबर (निस)

पराली के उचित प्रबंध व पराली को खेत से बाहर निकालने के लिए किसानों को पैक्सों के माध्यम से निःशुल्क मशीन उपलब्ध करवाने की मांग को लेकर आज किसान संघर्ष समिति हरियाणा सम्बंधित जम्हूरी किसान सभा पंजाब के आह्वान पर जिलेभर से आए किसानों ने लघु सचिवालय के बाहर रोष प्रदर्शन किया। इसके बाद उन्होंने कृषि उपनिदेशक को डीसी व नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के नाम ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन का नेतृत्व प्रधान मनदीप नथवान ने किया। इसके बाद पराली समस्या के समाधान को लेकर जिला उपायुक्त व किसान संघर्ष समिति के प्रतिनिधिमंडल के बीच बातचीत हुई जिसमें किसानों ने जिला प्रशासन के समक्ष पराली प्रबंधन को लेकर आ रही समस्या को विस्तार से रखा। किसानों द्वारा दिए गए सुझावों पर उपायुक्त ने कार्रवाई का आश्वासन दिया। इसको लेकर 25 अक्तूबर को दोबारा किसान संघर्ष समिति व जिला उपायुक्त के बीच बैठक बुलाई गई है।

उन्होंने कहा कि कमेटी पिछले 2-3 सालों से लगातार जिला प्रशासन से पराली समस्या का समाधान करने की मांग को लेकर मिलती रही है जबकि अब तक न तो किसी अधिकारी ने और न ही हरियाणा सरकार ने किसानों को पराली न जलाने सम्बंधी कोई प्रबंध किया गया है। किसान संघर्ष समिति के मनदीप सिंह ने बताया कि किसानों ने अपने खेतों में धान निकाल ली है। इस बार धान की पैदावार भी कम हुई है। आर्थिक तंगी के चलते किसान पराली के लिए मशीनों का किराया वहन नहीं कर सकते। किसान संघर्ष समिति ने उपायुक्त से मांग की कि प्रशासन द्वारा पराली प्रबंधन को लेकर मशीनें सरकारी बैंकों, पैक्सों के माध्यम से किसानों को फ्री उपलब्ध करवाई जाए ताकि किसानों पर आर्थिक बोझ भी न पड़े और पराली समस्या का भी समाधान हो जाए। इसको लेकर उपायुक्त ने इस दिशा में कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।

## ऑनर किलिंग : कब्र से निकाला जायेगा छात्रा का शव

नूंह/मेवात, 23 अक्तूबर (निस)

जिला के तावड़ूखंड के गांव खोरी खुर्द में स्कूली छात्रा के ऑनर किलिंग का मामला प्रकाश में आया है। अन्य लोगों का इल्जाम है कि मृतका के पिता, भाई ,माता व अन्य लोगों ने एक साजिश के तहत अपनी पुत्री का प्रेम प्रसंग का मामला उजागर होने पर उसे मौत के घाट उतार कर गांव के कब्रिस्तान में दफना दिया। ड्यूटी मजिस्ट्रेट की देखरेख में शव को कब्र से निकालने की तैयारी की जा रही है। हालांकि खबर लिखे जाने तक पुलिस ने कोई मामला दर्ज नहीं किया था। बता दें कि 12वीं की छात्रा एक प्राईवेट स्कूल में पढ़ती थी। बताया जा रहा है कि उसका उसके सहपाठी से प्रेम प्रसंग होने पर इस बात का पता छात्रा के परिजनों को पता चल गया तथा 22 अक्तूबर को छात्रा के परिजनों ने उसकी हत्या कर दी। अन्य लोगों ने पुलिस को मामले की शिकायत दी। तावडू थाना प्रभारी विशाल कुमार ने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही नियमानुसार कार्रवाई अमल में लायी जायेगी।

वर्ल्ड कॉलेज छात्रों का धरना 52वें दिन में

# इच्छामृत्यु की इजाजत मिली न हुआ समाधान



झज्जर के पंडित श्रीराम शर्मा पार्क में बुधवार को मांगों को लेकर धरने पर बैठे वर्ल्ड कॉलेज के विद्यार्थी। -हप्र

झज्जर, 23 अक्तूबर (हप्र)

पिछले करीब पौने दो महीने से कॉलेज प्रबंधन की कार्यशैली को लेकर धरना, प्रदर्शन व आमरण अनशन कर चुके वर्ल्ड कॉलेज के आंदोलनरत छात्र-छात्राओं की 52 दिन बीत जाने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं हो पाया है। आंदोलनरत छात्र-छात्राएं यहां शहर के पंडित श्रीराम शर्मा पार्क में तम्बू लगाकर धरना दे रहे हैं, लेकिन न तो शासन-प्रशासन ही उनकी समस्या का समाधान कर पा रहा है और न ही कॉलेज प्रबंधन उनकी मांगों पर ध्यान दे रहा है। उनका कहना था कि जिला प्रशासन के अधिकारी तो एक तरह से कॉलेज प्रबंधन का ही साथ दे रहे हैं। किसी भी अधिकारी ने उनकी आकर सुध नहीं ली। उन्हें एक-दो बार जिला प्रशासनिक अधिकारियों ने सचिवालय बुलाया जरूर और उनकी समस्या को लेकर मंत्रणा भी की, लेकिन समस्या का समाधान नहीं किया।

छात्रों ने राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मानवाधिकार आयोग, हरियाणा के सीएम, चीफ जस्टिस सहित कई अन्य उच्चाधिकारियों को पत्र भेज कर इच्छा मृत्यु दिए जाने की इजाजत मांगी है लेकिन इन सबके बावजूद हालात ज्यों के त्यों बने हुए हैं।

# चुनावी रंजिश में पेट्रोल पंप फूंकने का प्रयास

## प्रबंधक सहित 3 घायल । 8 हजार रुपये भी लूटे

हिसार, 23 अक्तूबर (हप्र)

हिसार के आजाद नगर थाना क्षेत्र के रावतखेड़ा गांव स्थित मनीराम फीलिंग स्टेशन के प्रबंधक व कर्मचारियों ने 12-13 लोगों पर चुनावी रंजिश में लाठी-जेलियों से हमला करने और पंप में आग लगाने का प्रयास करने का आरोप लगाया है। एकाएक हुए इस हमले में पेट्रोल पंप के मैनेजर अनिल कुमार, सेल्समैन राजेराम व दीप घायल हो गए। घटना के वक्त पहुंचे लोगों ने घायलों को इलाज के लिए पहले सीएचसी मंगाली व बाद में सिविल अस्पताल हिसार में दाखिल करवाया।

घायल राजेराम ने बताया कि 21 अक्तूबर को मतदान के दिन गांव रावतखेड़ा के अपने आप को एक पार्टी विशेष का एजेंट बताने वाले साहबराम बिश्नोई ने उस पर व मोहल्ले के अन्य अनुसूचित जाति के लोगों पर वोट डालने का दबाव बनाया था। जब उनकी बात नहीं मानी तो उन्होंने रंजिशन अपने साथियों के साथ मिलकर यह हमला किया है। हमलावर साहबराम बुधवार सुबह पेट्रोल पंप पर आकर खुद ही अपने मोटरसाइकिल की टंकी में पानी डालने लगा और जातिसूचक गालियां देते हुए कहा कि वोट न देने का अंजाम भुगताना पड़ेगा। जब पंप के प्रबंधक ने मोबाइल से वीडियो बनानी शुरू की तो साहबराम गुस्से में आ गया और फोन कर अपने अन्य साथियों को वहां बुला लिया। बाद में ट्रेक्टर, जीप व मोटरसाइकिल पर सवार होकर आए सुंदर बिश्नोई, ब्रेटली, दीपक बिश्नोई, सोहन, राजेंद्र, रामरीद व चार-पांच अन्य हमलावरों के हाथों में जेलियों, लाठी व गंडासी से हमला कर पंप सेल्समैन राजेराम, मैनेजर अनिल कुमार व सेल्समैन दीप को घायल कर दिया। आरोप है कि हमलावरों ने माचिस जलाकर पंप की तरफ फेंकी। सेल्समैन राजेराम से 8 हजार नकदी लूटने का भी आरोप लगाया है।

# 5 लाख से भरे एटीएम को काट उखाड़ ले गए चोर

रेवाड़ी, 23 अक्तूबर (निस)



बावल के औद्योगिक क्षेत्र सेक्टर-3 स्थित यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के बूथ पर लगे एक एटीएम को देर रात को गैस कटर से काटकर चोर उखाड़ ले गए। इस वारदात का बुधवार की सुबह खुलासा हुआ तो मौके पर पहुंची पुलिस ने बूथ का जायजा लिया। इस एटीएम में 5.40 लाख रुपये भरे हुए थे। कसौला थाना के प्रभारी निरंजन कुमार ने बताया कि बीती देर रात को चोर गैस कटर के साथ बूथ में पहुंचे और उसे काटकर नोटों से भरी ट्रॉली लेकर चंपत हो गए। सुबह 5 बजे निकटवर्ती एक कंपनी के गार्ड ने जब एटीम मशीन को खुला देखा तो इसकी सूचना पुलिस को दी। गैस कटर के कारण पूरी मशीन धुआं से काली हो गई थी। पुलिस ने एटीएम के निकट लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाल रही है।

# महिला की हत्या में पति, ससुर को उम्रकैद

सोनीपत, 23 अक्तूबर (हप्र)

अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश डा. प्रमिंद्र कौर की अदालत ने महिला की गोली मारकर हत्या करने के मामले में सुनवाई करते हुए आरोपी पति व ससुर को दोषी करार दिया है। दोनों दोषियों को उम्रकैद की सजा सुनाई गई है। दोषी पति को 20 हजार रुपये व ससुर को 10 हजार रुपये जुर्माना भी किया गया है। दोषी ने जेल से आने के बाद अपनी पत्नी की गोली मारकर हत्या कर दी थी। जबकि ससुर पर अपने बेटे को उकसाने का आरोप था। रोहतक के गांव बनियानी निवासी नरेश ने 6 अगस्त, 2017 को पुलिस को बताया था कि उसके बहनोई गांव मातंड निवासी धर्मेंद्र ने उसकी बहन वैष्णो देवी की गोली मारकर हत्या कर दी है।

नरेश ने पुलिस को बताया था कि 6 अगस्त, 2017 को वह अपने चाचा कंवरभान के साथ गांव मातंड में गए थे। इसी दौरान उन्होंने देखा था कि उसकी बहन वैष्णो गली में बचाओ-बचाओ करते हुए भाग रही थी जबकि उसका पति धर्मेंद्र हाथ में पिस्तौल लेकर फायरिंग करता भाग रहा था। इसी दौरान उसके पति ने उसकी बहन को गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया था। पुलिस ने हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया था।

उम्मीदवार ने किया हवन-यज्ञ

# बरवाला के 2 प्रत्याशी पहुंचे सालासर बाबा की शरण में

हिसार, 23 अक्तूबर (हप्र)

हिसार के बरवाला विधानसभा सीट से भाजपा के प्रत्याशी सुरेंद्र पूनिया एवं कांग्रेस से बागी निर्दलीय प्रत्याशी रामनिवास घोड़ेला राजस्थान के चूरू जिले स्थित सालासार धाम की शरण में चले गए। रामनिवास घोड़ेला ने सालासर धाम में पूजा अर्चना करने की अपनी फोटो भी जारी की है वहीं जयपुर के समीप खाटू श्याम जी के धाम पर जाने की भी बात कही है।

वहीं सुरेंद्र पूनिया के समर्थकों ने भी उनके सालासर धाम जाने की पुष्टि की है। वहीं हिसार से कांग्रेस की टिकट पर चुनाव लडने वाले रामनिवास राड़ा ने मतदान के बाद अपनी जीत सुनिश्चित करने के लिए हवन-यज्ञ किया। यहां बता दें कि मतदान के दिन आदमपुर प्रत्याशी कुलदीप बिश्नोई ने भी अपने हलके के गांव सीसवाल के प्रसिद्ध शिवालय में जाकर पत्नी पूर्व विधायक रेणुका बिश्नोई के साथ जाकर पूजा अर्चना की थी।



राजस्थान के सालासर धाम में बुधवार को पूजा करते पूर्व विधायक रामनिवास घोड़ेला। -हप्र

### चुनाव एजेंट से मारपीट, 3 पर केस

**गोहाना (निस) :** विधानसभा चुनाव में एजेंट गांव कासंडी निवासी एक युवक पर किसी हथियार से हमला करके घायल कर दिया गया। घायल को गांव खानपुर कलां स्थित बी.पी.एस. राजकीय महिला मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया, जहां से उसे पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया गया। पुलिस ने 3 युवकों पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव कासंडी निवासी सोनू ने बताया कि वह चुनाव में एजेंट था। वह बीती शाम को वह गांव सरगथल जाने वाले मार्ग पर खड़ा था। उस दौरान पीछे से किसी ने हथियार से हमला कर दिया जिससे वह घायल होकर जमीन पर गिर गया।

### भाजपा कार्यकर्ता पर लाठी-डंडों से हमला

**पलवल (हप्र) :** भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता पर लाठी-डंडा, रॉड व तलवार से हमला करने व जान से मारने की धमकी देने का मामला प्रकाश में आया है। कैंप थाना पुलिस ने दो नामजद सहित 10 अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एसआई सत्यनारायण ने बताया कि आदर्श कालोनी निवासी धर्मेंद्र ने शिकायत दर्ज कराई कि उसका भाई अशोक बघेल भाजपा का कार्यकर्ता है। चुनाव के दौरान अशोक बघेल सल्लागढ़ स्थित सरकारी स्कूल में बने बूथ पर मौजूद था। उसी दौरान अनूप रावत, महेश रावत व उनके दस-बारह अन्य साथी आए और आते ही अशोक पर लाठी-डंडों व रॉड से हमला कर दिया ।

## राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार

# नम आंखों से कैप्टन इंद्रजीत को दी अंतिम विदाई

अंबाला, 23 अक्तूबर निस/हप्र

अंबाला छावनी के श्याम नगर निवासी कैप्टन इंद्रजीत सिंह का आज राजकीय सम्मान के अंतिम संस्कार किया गया। आर्मी की टुकड़ी ने मातमी धुन बजाकर और हवा में गोलियां दागकर कैप्टन को सलामी दी। इस दौरान आर्मी के मेजर जरनल अनिल चौधरी, मेजर दलजीत सिंह, अनिल विज, एसडीएम अंबाला छावनी सुभाष चंद्र सिहाग, डीएसपी राम कुमार व अन्य अधिकारियों ने पार्थिव शरीर पर पुष्प चक्र भेंट कर श्रद्धांजलि दी।

सेना के अधिकारियों ने बताया कि अरूणाचल प्रदेश में चीन बॉर्डर के साथ दुर्गम चोटियों एवं बर्फीले क्षेत्र में कैप्टन इंद्रजीत सिंह की ड्यूटी थी। पिछले कईं दिनों से उनकी तबीयत खराब हो गई थी, उन्हें सेप्टिक शॉक हो गया था तथा 21 अक्तूबर को इंद्रजीत सिंह की तबीयत ज्यादा खराब होने के कारण उन्हें गुवाहाटी के अपोलो अस्पताल में भर्ती किया गया था। जहां पर उनकी उपचार के दौरान मौत हो गई। उनका पार्थिव शरीर आज पूरे राजकीय सम्मान के साथ उनके घर से श्मशान घाट तक लाया गया। यहां पर उनके छोटे भाई लांस नायक प्रभजोत सिंह व कैप्टन इंद्रजीत सिंह के 6 वर्षीय बेटे इश्मीत सिंह ने पार्थिव शरीर को मुखाग्नी दी।



अंबाला छावनी में बुधवार को कैप्टन इंद्रजीत सिंह को श्रद्धांजलि देतीं पत्नी हरमीत कौर उनका बेटा इश्मीत। -प्रदीप मैनी

### मां बोलीं मुझे अपने बेटे पर गर्व

कैप्टन इंद्रजीत सिंह की माता 53 वर्षीय बलवंत कौर ने बताया कि उन्हें अपने बेटे पर गर्व है। देश की सेवा करने का जजबा उसमें बचपन से ही था। कैप्टन इंद्रजीत सिंह के साथी मेजर दलजीत सिंह ने बताया कि इंद्रजीत सिंह की तैनाती 22 महार रेजिमेंट में थी। देश सेवा का जनून उसमें भरा हुआ था। उन्होंने बताया कि इंद्रजीत ने 29 अप्रैल 2006 में सिपाही के तौर पर आर्मी ज्वाईन की थी, लेकिन वह सेना में अधिकारी बनना चाहता था। इसी बीच उसने टेस्ट क्लीयर कर 10 जून 2017 को अधिकारी के तौर पर सेना में कमिशन हासिल किया। कैप्टन इंद्रजीत सिंह अपने पीछे 53 वर्षीय अपनी माता बलवंत कौर, 30 वर्षीय पत्नी हरमीत कौर, 6 वर्षीय बेटा इश्मीत सिंह, भाई प्रभजोत सिंह व बहन बलजिन्द्र कौर को छोड़ गये हैं। यहां बता दें कि कैप्टन इंद्रजीत सिंह के पिता स्वर्गीय जोगिन्द्र सिंह सेना में सूबेदार के पद से रिटायर थे तथा इंद्रजीत सिंह का छोटा भाई लांस नायब प्रभजोत सिंह 39 मीडियन रेजीमेंट में हैं।

## पुरानी रंजिश में युवक को पीटकर किया घायल

अंबाला शहर, 23 अक्तूबर (हप्र)

पुरानी रंजिश के चलते एक युवक को मार-पीट कर घायल करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में पुलिस ने आपराधिक मामला दर्ज किया है। घायल युवक को उपचार के लिए सिविल अस्पताल दाखिल करवाया गया है।

इस संबंध में पुलिस ने रुपिंद्र सिंह निवासी जट्टां वाली की शिकायत पर यह मामला दर्ज किया है। उसने अपने बयान में उसने कहा कि गगन चावला निवासी हीरा नगर उसका दोस्त था। करीब 2 महीने पहले वह गगन के साथ उसके दोस्तों पंजाब वा मलिक के पास बनूड के पास एक गांव में उनकी गाड़ी वापस देने के लिये गए थे, जहां पर आपस में कहा-सुनी हो गई थी। इसी कारण गगन उससे रंजिश रखने लगा।

वह हीरा नगर में अपने दोस्त के घर बैठा था तो तभी गगन, पंजाब व मलिक के साथ दो अन्य युवकों के साथ वहां आए और आते ही उन्होंने अपने हाथों में पकड़े डंडों, किरपाणों से मारना शुरू कर दिया और जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। सन्नी व अन्य ने उसे इलाज के लिये सिविल अस्पताल दाखिल करवा दिया। उसने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की गुहार लगाई है।

## सड़क का मरम्मत कार्य शुरु



चंडीगढ़ में बुधवार को चंडीगढ़-पंचकूला रोड की मरम्मत करते कर्मचारी। शहर में खराब सड़कों की वजह से कई हादसे हो चुके हैं। - रवि कुमार

# अंबाला ओपीएस स्कूल में होगी काउंटिंग

अंबाला शहर, 23 अक्तूबर (हप्र)

अंबाला शहर की मतगणना सेक्टर-9 स्थित ओपीएस स्कूल में होगी। इस क्षेत्र में 253 बूथ हैं। पुलिस प्रशासन द्वारा मतगणना केंद्रों के बाहर सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गये हैं। प्रशासन ने मतगणना के दौरान वीडियोग्राफी और नेट कनैक्टीवीटी रहने के पूरे इंतजाम किए हैं। सीसीटीवी कैमरों की समुचित व्यवस्था भी की गई है। विजयी उम्मीदवार की घोषणा के बाद भी होने सुरक्षा व्यवस्था के चाक चौबंद प्रबंध उपलब्ध करवाए जाएंगे।

फिलहाल मतदान के बाद ईवीएम मशीनें तीन स्तरीय सुरक्षा में स्ट्रांग रूम में बंद हैं जहां हर 3 घंटे बाद सुरक्षा कर्मियों की ड्यूटी बल रही है। स्ट्रांगरूम से मतगणना हाल में ले जाते वक्त ईवीएम निकालने के समय भी वीडियोग्राफी करवाई जाएगी। इस बारे में डीसी अशोक कुमार ने कहा कि जिले में सभी निर्वाचन क्षेत्रों में मतगणना की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। प्रत्येक मतगणना केद्र में ड्यूटी मजिस्ट्रेट और स्टाफ पूरी तरह मुस्तैदी से काम कर रहा है। जिले में सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह से चाक-चौबंद है जो परिणाम के बाद भी जारी रहेगी। निर्वाचन अधिकारियों व स्टाफ को काउंटिंग के दौरान सभी प्रकार के फार्मों पर संबंधित के हस्ताक्षर करवाने को कहा गया है। वहीं दूसरी और विधानसभा चुनाव में अपनी विजय के लिए पूरी तरह आश्वस्त उम्मीदवारों और उनके समर्थकों ने जीत के बाद जश्न की पूरी तरह से तैयारियां कर ली हैं। हलवाइयों और ढोल वालों को आर्डर दिए जा चुके हैं जबकि कई अन्य ने जश्न की तैयारियों को लेकर सजग रहने को कहा है। अंबाला शहर की सीट सबसे हॉट सीट बन चुकी है और सबकी निगाह इसके चुनाव परिणाम पर है बाकी सीटों पर कमोबेश हार जीत का अंदाजा आम जन भी लगा रहे हैं।

### मतगणना केन्द्र के पास धारा 144 लगाई

पंचकूला/चंडीगढ़ (नस) : यहां विधानसभा चुनाव में किस राजनीतिक पार्टी के नेता के सिर पर जीत का सेहरा बधेंगा यह कल मतणना के नतीजों से साफ हो जायेगा। मतगणना के दौरान सुरक्षा की बागडोर संभाल रही स्थानीय पुलिस ने आज मतगणना केन्द्रों के इर्द-गिर्द धारा 144 लगा दी। पिछले दो दिनों से विपक्षी पार्टियों द्वारा केन्द्रों के बाहर धरना देकर सुरक्षा की मांग के मद्देनजर स्थानीय पुलिस ने केन्द्रों के आसपास मोबाइल और वायरलेस के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगा दिया है। बुधवार को पुलिस उपायुक्त कमलदीप गोयल ने मतगणना के दौरान केन्द्रों के आसपास 500 मीटर के एरिया तक धारा 144 लागू कर दी। कालका विधानसभा क्षेत्र से ईवीएम को गवर्नमेंट गर्ल्स कॉलेज सेक्टर 1 में रखा गया है। इन्हीं केन्द्रों में मतगणना होनी है। उपायुक्त ने बताया कि आदेशों का उल्लंघन करने वाले के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। यह आदेश 24 अक्तूबर मतगणना समाप्त होने के उपरांत परिणाम घोषित होने तक प्रभावी रहेंगे।

## ट्रैक्टर ट्राली की टक्कर से बाइकसवार की मौत

जीरकपुर, 23 अक्तूबर (निस)

जीरकपुर थाना क्षेत्र में पटियाला रोड पर स्थित गांव अड्डा झुगिया के नजदीक एक ट्रैक्टर ट्राली की टक्कर से एक बाइक चालक की मौत हो गई और दूसरा घायल हो गया। दुर्घटना के बाद घायल हुए दोनों बाइक चालकों को जीएमसीएच, सेक्टर 32, चंडीगढ़ ले जाया गया, जहां पर डाक्टरों ने एक घायल दीपक को मृत घोषित कर दिया गया। हादसे के बाद ट्रैक्टर ट्राली चालक मौके से फरार हो गया।

बताया जाता है कि हादसे के बाद बाइक सवार संदीप और दीपक सड़क पर गिर गए। मोटरसाइकिल दीपक चला रहा था और संदीप पीछे बैठा था। पीछे से लोगों को आता देख ट्रैक्टर ट्राली चालक वाहन सहित फरार हो गया। पुलिस ने घायल संदीप के बयान के आधार पर ट्रैक्टर ट्राली के नंबर के आधार पर अज्ञात चालक के खिलाफ मामला दर्ज करके आगामी जांच शुरू कर दी है।


**सार्वजनिक सूचना**

**समक्ष : सम्पदा अधिकारी, एचएसवीपी**
**नाम : अर्बन एस्टेट, पंचकूला**

**विषय :** मालिक स्व. श्रीमती स्नेह लता हुरिया (Hurria) पत्नी स्व. श्री ओम प्रकाश हुरिया की वसीयत रहित मृत्यु के आधार पर मकान नं. 377, सेक्टर-10, पंचकूला के संबंध में स्वामित्व का हस्तांतरण।

रिकार्ड के अनुसार उक्त प्रॉपर्टी की मालिक स्व. श्रीमती स्नेह लता हुरिया की 19.02.2019 को मृत्यु हो चुकी है तथा पंजीकृत या अपंजीकृत वसीयत नहीं है। वे अपने पीछे निम्न कानूनी वारिस छोड़ गई हैं :-

(1) गुलशन हुरिया, (2) अनुराधा।

श्री गुलशन हुरिया पुत्र स्व. ओम प्रकाश हुरिया, निवासी मकान नं. 377, सेक्टर-10, अर्बन एस्टेट, पंचकूला ने कानूनी वारिस होने के नाते अपने पक्ष में उक्त प्रॉपर्टी की ट्रांसफर के लिए आवेदन किया है तथा श्री गुलशन हुरिया के नाम पर पुनः अलाटमेंट हेतु आवेदन किया है।

यदि किसी व्यक्ति को आवेदक के पक्ष में उक्त प्लाट/मकान के हस्तांतरण संबंधी कोई एतराज है तो वह इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिन के भीतर संपदा अधिकारी, एचएसवीपी, पंचकूला के कार्यालय में उचित प्रमाण सहित लिखित रूप में अपने एतराज बताये अन्यथा उक्त संपत्ति एचएसवीपी नीति अनुसार संपदा अधिकारी द्वारा हस्तांतरित/पुनः अलाटमेंट कर दी जाएगी और बाद में किसी दावे पर विचार नहीं किया जायेगा।

**कानूनी वारिस : गुलशन हुरिया, अनुराधा,**
**संपदा अधिकारी की ओर से**

DI-102758


## खबर है...




चंडीगढ़ में बुधवार को वाइस ऑफ हाउसिंग सोसायटी (सेक्टर 48 से 51) के सदस्यों ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर अपनी मांगें रखीं। - दैनिक ट्रिब्यून

## युवती का अपहरण, आरोपी परिवार के खिलाफ मामला

**अंबाला शहर (हप्र) :** स्थानीय पुलिस ने एक युवती की मां की शिकायत पर बेटी का अपहरण करने और इस मामले में पूरे परिवार की मिलीभगत होने, जान से मारने की धमकी देने के आरोप में आपराधिक मामला दर्ज किया है। पूरे मामले को लेकर स्टेशनरी की दुकान चलाने वाली बलदेव नगर निवासी एक महिला ने पुलिस को बताया कि उसकी 20 वर्षीय बेटी 19 अक्तूबर को दोपहर को बाजार गई, लेकिन आज तक वापस नहीं आई। उन्हें जानकारी मिली कि उनकी बेटी को बलदेव नगर का ही एक लड़का गलत नीयत से अपहृत करके ले गया है। युवक के परिवार के पास जाकर इस बारे में बात की गई तो आरोप है कि उनके माता-पिता, दोनों भाइयों द्वारा धमकी दी गई कि अपना मुंह बंद रखें वरना वो बच्ची के गलत कर हत्या कर देंगे। महिला के अनुसार इस कारण उसके पति की तबीयत भी खराब हो गई है। उसने इस घटना में पूरे परिवार की मिलीभगत होने की बात कहते हुए कार्रवाई करने की गुहार लगाई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## ताला तोड़ घुसा चोर, मालिक को धक्का देकर भागा

**अंबाला शहर (हप्र) :** बिजली विभाग में कार्यरत एक एसडीओ के घर का ताला तोड़कर एक चोर घुस गया लेकिन अचानक बिजली अधिकारी घर पहुंच गया तो चोर उसे धक्का मार कर फरार हो गया। अनिल शर्मा निवासी पटियाला हाऊस की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज करके तलाश शुरू की है। एसडीओ अनिल ने पुलिस को बताया कि उसकी पत्नी पोलीटेक्नीक अंबाला में कार्यरत है। सुबह दोनों घर को ताला लगाकर अपने अपने काम पर चले गए थे। ऑफिस में हाजिरी लगा कर वह किसी जरूरी काम से वापस अपने घर पहुंचा तो देखा कि घर के मेन दरवाजे का ताला टूटा हुआ था। अंदर एक अनजान व्यक्ति घुसा हुआ था, अलमारी खुली हुई थी, सामान बिखरा हुआ था। जब उसे पकड़ने के लिए चोर-चोर कहकर शोर मचाया और उसे पकड़ने की कोशिश की तो वो उसे धक्का देकर सीढ़ियों से नीचे भाग गया और अपने दोपहिया पर सवार होकर फरार हो गया।

### मुख्यमंत्री ने कवर के लिए 10 करोड़ की घोषणा की थी

## एक साल बाद भी निगम तैयार नहीं कर पाया नाले के सौंदर्यकरण की रिपोर्ट

आदित्य शर्मा/नस
पंचकूला/चंडीगढ़, 23 अक्तूबर

नगर निगम पंचकूला घोषणा के एक साल बाद भी 10 करोड़ रुपये की लागत से शहर से गुजरने वाले नाले के सौंदर्यकरण की रिपोर्ट तैयार नहीं कर पाया। मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने 23 अक्तूबर, 2018 को जिला पंचकूला के लिए 234 करोड़ रुपये के विकास पैकेज की घोषणा करते हुए, बुनियादी ढांचे के पूरे स्पेक्ट्रम को कवर करते हुए सेक्टर 5 मनसा देवी कॉम्पलैक्स में नाले को कवर करने के लिए 10 करोड़ रुपये की घोषणा की थी। योजना के अनुसार मानसा देवी कॉम्पलैक्स में सेक्टर 5 से पंचकूला में सेक्टर 18 के पास बुढ्नपुर क्षेत्र तक 2.5 किलोमीटर लंबी नाली को कवर किया जाना था और बाद में भूमि लाभ योजना के तहत बूथ पार्क और पार्किंग स्थल का निर्माण करने की योजना है।

अधिकारियों के मुताबिक नाले के कवर के बाद प्राप्त भूमि उपयोग के लिए डिजाइन तैयार जा रहा था। नाले के पास की भूमि पर बूथों का निर्माण किया जायेगा और शेष क्षेत्र को पार्कों या पार्किंग क्षेत्र में बदल दिया जाएगा। उनका कहना है कि एचएसवीपी परियोजना को सलाहकार एजेंसी से तकनीकी रूप से जांच करवाएगा कि नाले को कैसे कवर किया जाए ताकि परियोजना से प्राप्त जमीन का सही उपयोग हो सके। पंचकूला नगर निगम के एक्सईएन अंकित लोहान का कहना है कि परियोजना की व्यवहार्यता रिपोर्ट अभी तक तैयार नहीं की गई।

गौरतलब है कि पहले इस परियोजना का निर्माण एचएसवीपी के इंजीनियरिंग विंग द्वारा किया जाना था और उन्होंने नाले में बड़ी पाइप लाइन बिछाने का फैसला किया था ताकि बारिश का पानी इसमें से बह सके और इसके लिए उन्होंने केन्द्र की बेबफोर्स कंपनी से इसकी सलाह ली थी। हालांकि परामर्श एजेंसी ने अपनी रिपोर्ट में कहा था कि पाइप लाइन बिछाने से केवल बारिश के मौसम में समस्या बढ़ सकती है। यदि पाइप लाइन वहां से गुजरने के कारण अवरुद्ध हो जाती है तो पाइप लाइन दुर्गंध देती है। बाद में एचएसवीपी ने नाले को कवर करने का फैसला किया था जैसा की चंडीगढ़ प्रशासन द्वारा किया जा रहा था। विधायक ज्ञान चन्द गुप्ता ने यह भी कहा कि जिस परियोजना का निर्माण पहले एचएसवीपी द्वारा किया जाना था, उसका अनुमान लगभग तैयार कर लिया गया है और कहा गया कि चुनाव के मद्देनजर आदर्श आचार सहिंता के कारण निविदाएं नहीं मंगाई जा सकी।

### उपायुक्त की अध्यक्षता में निकाला गया ड्रा

## 24 लोग ही अस्थाई स्टालों पर बेच पाएंगे पटाखे

अंबाला शहर, 23 अक्तूबर (हप्र)

जिला में इस दीपावली पर केवल 24 लोग ही अस्थाई स्टालों पर पटाखे बेच पाएंगे। उपायुक्त की अध्यक्षता में आज 24 स्टाल विक्रेताओं के ड्रॉ निकाले गये तथा इसके अलावा दो वेटिंग के भी ड्रॉ निकाले गये। यह ड्रॉ इसलिए निकाले गये यदि 24 स्टाल विक्रेताओं में से कोई स्टाल नहीं लगाना चाहता तो वेटिंग वाले विक्रेताओं को इसकी अनुमति दी जायेगी। ड्रॉ में उपस्थित विक्रेताओं से पर्ची के माध्यम से यह प्रक्रिया की गई और इसकी वीडियोग्राफी भी की गई। उपायुक्त अशोक कुमार शर्मा ने बताया कि दीपावली के पर्व पर प्रशासन द्वारा निर्धारित स्थानों पर ही पटाखा विक्रेता पटाखों के स्टाल लगाने के लिए निर्देश दिए गए हैं। निर्धारित स्टालों पर ही पटाखे बेचे जा सकते हैं। निर्धारित मापदंडों के मुताबिक यदि कोई अन्य स्थानों पर पटाखों को बेचता हुआ पाया गया तो उसका लाइसेंस रद्द किया जायेगा और नियमानुसार कार्रवाई भी अमल में लाई जायेगी।

### पंचकूला में लगेंगे 13 स्टाल

पंचकूला/चंडीगढ़ (नस) : दीपावली के पर्व पर प्रशासन ने पटाखों की बिक्री करने के लिए जिले में 35 स्टॉल लगाने के लिए स्थल निर्धारित कर दिए हैं। उपायुक्त मुकेश कुमार आहूजा की अध्यक्षता में बुधवार को हुई बैठक में उन्होंने बताया कि पटाखों की बिक्री के लिए 27 अक्तूबर तक स्थल लगाने के लिए पंचकूला में 13 स्टाल, पिंजौर में 5, कालका में 10, रायपुररानी में 3 और रामगढ व बरवाला में 2-2 स्टॉल लगाने के लिए स्थान निर्धारित किए गए है।

## कार-मोटरसाइकिल भिड़ंत में युवक की गई जान

अंबाला शहर, 23 अक्तूबर (हप्र)

अंबाला-नारायणगढ़ रोड पर गांव पटवी के पास एक कार और मोटरसाइकिल में हुई भिड़ंत में एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान गांव पंजोखरा निवासी 21 वर्षीय दीपांशु शर्मा के रूप में हुई है। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया है। जानकारी के अनुसार दीपांशु मंगलवार रात को पटवी से मोटरसाइकिल पर अंबाला की ओर आ रहा था कि एक हिमाचल नंबर की कार ने उसे टक्कर मार दी। हादसे में बुरी तरह से जख्मी हुए दीपांशु को सिविल अस्पताल में लाया गया जहां डाक्टरो ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया।


**सार्वजनिक सूचना**



**श्री मनीष कुमार लोहान, एचसीएस**
**सहायक संपदा अधिकारी, यू.टी., चंडीगढ़ के समक्ष**
**संपदा अधिकारी, यू.टी., चंडीगढ़ की शक्तियों का प्रयोग करते हुए**

**विषय :** (श्रीमती रीना चोपड़ा पत्नी श्री विक्रम चोपड़ा द्वारा की गई) अपंजीकृत वसीयत दिनांक 27.07.2019 के आधार पर मकान नं. 655, सेक्टर 43-ए, चंडीगढ़ (M-9) के 33% हिस्से के स्वामित्व अधिकारों का हस्तांतरण श्री विक्रम चोपड़ा पुत्र स्व. श्री बी.एम. चोपड़ा के नाम पर करना (परिवार के भीतर)।

सामान्य जनता तथा सभी संबंधितों की जानकारी हेतु यह अधिसूचित किया जाता है कि मकान नं. 655, सेक्टर 43-ए, चंडीगढ़ वाली प्रॉपर्टी इस कार्यालय के रिकार्ड के अनुसार 67% हिस्से की सीमा तक श्री विक्रम चोपड़ा के नाम पर 33% हिस्से की सीमा तक श्रीमती रीना चोपड़ा के नाम पर है।

श्री विक्रम चोपड़ा ने बताया है कि उक्त प्रापर्टी के 33% हिस्से की मालकिन श्रीमती वीना चोपड़ा 12.08.2019 को स्वर्ग सिधार गई। मृतक के उन्होंने निम्न कानूनी वारिस बताए हैं :-

**1. श्री यशान चोपड़ा- बेटा**
**2. तुषार चोपड़ा- बेटा**

अब श्री विक्रम चोपड़ा ने स्व. श्रीमती रीना चोपड़ा द्वारा की गई अपंजीकृत वसीयत तिथि 27.07.2019 के आधार पर उक्त प्रॉपर्टी के 33% हिस्से के स्वामित्व अधिकार को (परिवार के भीतर) हस्तांतरित करने के लिए आवेदन किया है।

यदि किसी व्यक्ति के पास उक्त कानूनी वारिसों के अलावा मृतक के अन्य कानूनी वारिस के बारे में कोई जानकारी हो, तो वह इस बारे में तुरंत ही संपदा कार्यालय, यू.टी. चंडीगढ़ को लिखित रूप में सूचित करे।

यदि किसी व्यक्ति को उपरोक्त आवेदकों के पक्ष में उक्त संपत्ति के परिवर्तन पर कोई आपत्ति है तो वह/वे इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिन के भीतर अपने संबद्ध एतराजों को अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में उसे प्रस्तुत कर सकते हैं जिसमें विफल रहने पर उक्त संपत्ति को तद्नुसार परिवर्तित कर दिया जाएगा तथा बाद के किसी स्तर पर आगामी दावा, चाहे जो भी हो, स्वीकार नहीं किया जाएगा।

**मनीष कुमार लोहान, एचसीएस,**
**सहायक संपदा अधिकारी, यू.टी. चंडीगढ़।**
**संपदा अधिकारी, यू.टी. चंडीगढ़ की शक्तियों का प्रयोग करते हुए।**

DI-102725


### कुवि प्रशासन ने जारी की अधिसूचना

## प्राइवेट परीक्षा के लिए अब ऑनलाइन कर सकेंगे आवेदन

कुरुक्षेत्र, 23 अक्तूबर (हप्र)

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय डिजिटल यूनिवर्सिटी प्रोजेक्ट के तहत इस शिक्षा सत्र से एक नयी व्यवस्था शुरू करने जा रहा है। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय ने बेटियों को मुफ्त शिक्षा देने के लिए प्राइवेट परीक्षा शुरू की थी जिसके तहत छात्राएं सिर्फ परीक्षा शुल्क देकर किसी भी पाठ्यक्रम को पास कर सकती हैं। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय ने इस सत्र से इस परीक्षा के डाटा ऑनलाइन करने के लिए पोर्टल की शुरुआत की है। अब छात्राएं ऑनलाइन आवेदन कर सकती हैं।

बुधवार को विश्वविद्यालय प्रशासन की तरफ से अधिसूचना जारी कर दी गई है। अधिसूचना के अनुसार विश्वविद्यालय ने यूजी/पीजी भाग-1 के प्राईवेट छात्रों के लिए सत्र 2019-20 के लिए परीक्षा फॉर्म जमा करने के लिए ऑनलाइन प्रक्रिया शुरू की है। परीक्षा फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 21 दिसंबर होगी।

### परीक्षा नियंत्रक बोले

परीक्षा नियंत्रक डॉ. अंकेश्वर प्रकाश ने बताया कि प्राईवेट परीक्षा के लिए ऑनलाइन पोर्टल खोल दिया गया है। प्राईवेट मोड से परीक्षा देने वाले विद्यार्थी 21 दिसम्बर तक इसके लिए आवेदन कर सकते हैं।

### मुख्यमंत्री ने की इंडस्ट्रीज़ एसोसिएशन के रजत जयंती समारोह की अध्यक्षता

## निवेश आकर्षित करने में उद्यमियों की अहम भूमिका

बीबीएन, 23 अक्तूबर (निस)

राज्य के उद्यमी प्रदेश के 'ब्राण्ड एंबेस्डर' हैं और प्रदेश में निवेश को आकर्षित करने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने उद्यमियों से 7 व 8 नवंबर को धर्मशाला में होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर मीट को सफल बनाने में अपना सहयोग देने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री बागबानियां में बद्दी-बरोटीवाला-नालागढ़ इंडस्ट्रीज़ एसोसिएशन की रजत जयंती समारोह की अध्यक्षता कर रहे थे।

जय राम ठाकुर ने कहा कि प्रदेश की प्रगति और विकास में उद्यमियों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि उद्योग प्रदेश में न केवल लाखों युवाओं को रोजग़ार के अवसर उपलब्ध करवा रहे हैं, बल्कि करोड़ों रुपये के करों के माध्यम से प्रदेश के खजाने में भी योगदान दे रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश अब 'ईज़ ऑफ डूइंग रिफॉर्मस' में 'फास्ट मूवर्स' की श्रेणी में शीर्ष स्थान पर है और सिंगल विंडो के माध्यम से निवेशकों को सेवाएं उपलब्ध करवाने में दक्षता, पारदर्शिता, समयबद्धता और जवाबदेही सुनिश्चित की जा रही है। इस अवसर पर बीबीएनआईए ने मुख्यमंत्री राहत कोष में 11 लाख रुपये का अंशदान भी किया।

उद्योग मंत्री बिक्रम सिंह ठाकुर ने कहा कि सरकार उद्यमियों को सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्ध है। बीबीएनआईए के अध्यक्ष संजय खुराना व महामंत्री यशवंत सिंह गुलेरिया ने उद्यमियों को बेहतर वातावरण उपलब्ध करवाने के लिए प्रदेश सरकार का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री वीरेन्द्र कंवर, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री डॉ. राजीव सैजल, सांसद सुरेश कश्यप, विधायक परमजीत सिंह, नालागढ़ के विधायक लखविन्द्र राणा, जल प्रबन्धन निगम के उपाध्यक्ष दर्शन सिंह सैनी, अशोक शर्मा उपाध्यक्ष गौवंश, पूर्व विधायक केएल ठाकुर सहित उपस्थित थे।



बीबीएन के बागबानियां में रजत जयंती समारोह का शुभारम्भ करते जयराम ठाकुर।- निस


**HIMACHAL PRADESH**
**PUBLIC WORKS DEPARTMENT**
**NOTICE INVITING TENDER**

Sealed item/percentage rate tenders on **Form No. 6 , 7 & 8** are hereby invited by the **Executive Engineer, Kasauli Division, HPPWD, Kasauli** for the following works on behalf of the Governor of Himachal Pradesh from the approved and eligible contractors as under:

| Sr. No. | Tender Schedule | Date | Time |
|---|---|---|---|
| 1 | Receipt of application for tender forms | 18.11.2019 | Up to 3.00 p.m. |
| 2. | Issue of Tender Forms | 19.11.2019 | Up to 5.00 p.m. |
| 3. | Receipt of Tenders | 20.11.2019 | Up to 11.00 a.m. |
| 4. | Opening of Tenders | 20.11.2019 | At 11.30 a.m. |

The offer of the tender shall be kept opened for **90 days.** The Executive Engineer reserves the right to reject any tender without assigning any reason:-

| Job No. | Name of Work | Tentative Cost | Earnest Money | Time Allowed | Cost of Form |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | C/O Patta to Nichla Kaunta road under Mukhya Mantri Sadak Yojna (SH:- P/L Gr.-I,II 20mm thick premix carpet & Seal coat and PCC drain in km 0/0 to 0/300). | 4,88,093/- | 9800/- | Two Months | 350/- |
| 2 | R/R damages on Chandi Goela road in km 0/0 to 5/00 (SH:- C/O R/wall from 0/901 to 0/910). | 4,97,114/- | 10,000/- | Two Months | 350/- |
| 3 | Restoration of damages on Parwanoo Kasauli Dharmpur road Km 0/0 to 29/500 (SH:- C/O PCC Retaining wall at RD 29/202 to 29/211.30) 3rd step and balance work of 1st & 2nd step). | 4,98,009/- | 10,000/- | One Month | 350/- |
| 4 | Restoration of rain damages on Parwanoo Kasauli Dharmpur road in km 0/0 to 29/500 (SH:- C/O PCC Retaining wall at RD 29/202 to 29/211.30) 4th , 5th & 6th step and balance work of 3rd step). | 4,97,373/- | 10,000/- | One Month. | 350/- |
| 5 | R.R damages on Bhojnagar Banasar road in km 0/0 to 12/750 (SH:- C/O stone masonary B/wall at RD 8/240 to 8/275). | 3,97,648/- | 8000/- | One Month | 350/- |

The Earnest Money in the shape of FDR, Time Deposit, and Saving Account in HP duly pledged in favour of the Executive Engineer, Kasauli Division, and HPPWD, Kasauli must accompany with the application by putting work **JOB Number.**

The contractor will not have more than two works in hand at the time of tender and undertaking on affidavit that he is not having more than two works in hand must be attached with the application. Conditional tenders and tenders without earnest money shall summarily be rejected.

The contractors shall insert the rates in words against each item also.

The tender forms will not be issued to those contractors whose performance found unsatisfactory.

The latest validity of enlistment must have to be attached with the application/otherwise no application shall be entertained.

The photocopy of GST number should be attached with the application otherwise tender form will not be issued.

**On behalf of the Governor of HP**
**Executive Engineer,**
**Kasauli Division, HPPWD, Kasauli.**

**No. PW-Ksli/CB-Tender-NIT/2019-20-** DPR/HP/256 **Dated:-**

## 20 साल बाद

# हत्या के दोषी को राहत नहीं

सौरभ मलिक/ट्रिन्यू
चंडीगढ़, 23 अक्तूबर

हत्या के केस में 20 साल की सजा प्राप्त सुबेग सिंह को अभी कोई राहत नहीं मिली है। दोषी को अभी जेल की सलाखों में ही रहना पड़ेगा। पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट ने उसकी समय से पहले छोड़ने की याचिका को खारिज कर दिया। उसका नाम बुड़ैल जेल ब्रेक में भी सामने आया था लेकिन वह इस मामले में बरी हो गया।

**जेल की सलाखों में ही रहना पड़ेगा**

इस बारे में पटियाला जिला मजिस्ट्रेट ने एक रिपोर्ट दाखिल की थी। इसमें कहा गया था कि दोषी एक अभ्यस्त अपराधी है। पंजाब में आतंकवाद के दौर में वह आतंकी गतिविधियों में भी संलिप्त रहा है। उन्होंने रिपोर्ट में कहा कि यदि याचिकाकर्ता को आजाद कर दिया जाता है तो संभव है कि वह अपने पुराने साथियों के साथ मिल जाएगा और फिर से आतंकवादी गतिविधियों में शामिल हो जाये। इससे प्रदेश की शांति भंग होने सकती है।

## हत्या मामले में दोषियों को उम्रकैद

बीबीएन, 23 अक्तूबर (निस)

अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश नालागढ़ वीरेंद्र ठाकुर की अदालत ने हत्या के मुकदमे में दोषियों धर्मपाल एवं चंद्रपाल को उम्रकैद की सजा सुनाई है। तथ्यों की जानकारी देते हुए उप जिला न्यायवादी संदीप शर्मा ने बताया कि मृतक दुर्गेश व दोषियों धर्मपाल व चंद्रपाल गांव शोबन माजरा में बर्गर की रेहड़ी करते थे। दोषियों का मृतक दुर्गेश के साथ बर्गर के रेट को लेकर तकाजा था, जिस कारण 20 सितंबर 2014 को दोषियों धर्मपाल व चंद्रपाल दोनों निवासी बरेली उत्तर प्रदेश ने रात 9 बजे के करीब मृतक दुर्गेश को भरतगढ़ में पार्टी के बहाने ले गए। वहां उसी रात गांव बड़ा पिंड भरतगढ़ में नहर के किनारे सिर पर रॉड से वार कर के मौत के घाट उतार दिया था।

### राजकीय प्रिंटिंग प्रेस बंद

# कर्मचारी अन्य विभागों में एडजस्ट होने शुरू

चंडीगढ़, 23 अक्तूबर (ट्रिन्यू)

प्रशासन ने शहर की सबसे पुरानी राजकीय प्रिंटिंग प्रेस को 30 सितंबर को पूरी तरह से बंद करने का फैसला लिया था। प्रशासन के कार्मिक विभाग ने अब इसमें काम करने वाले सैकड़ों कर्मचारियों को प्रशासन के दूसरे विभागों में एडजस्ट करने का काम शुरू कर दिया है। राजकीय प्रिंटिंग प्रेस में छपाई का काम बंद होने से सभी कर्मचारी पिछले 23 दिन से पूरा दिन अपनी ड्यूटी के दौरान फ्री बैठकर घरों को जा रहे थे।

वहीं, केंद्र से प्रशासन को उक्त प्रेस में काम करने वाले सभी कर्मियों को एडजस्ट का पत्र आने के बाद प्रशासक के सलाहकार मनोज कुमार परीदा ने बुधवार को 89 कर्मचारियों को दूसरे विभागों में नौकरी देने के आदेश जारी कर दिये। राजकीय प्रिंटिंग प्रेस के कर्मचारियों को केंद्र सरकार के निर्देशों के अनुसार दूसरे विभागों में समायोजित किया जा रहा है। इसमें पहली सूची में जिन 89 कर्मचारियों एवं अधिकारियों को प्रशासन के दूसरे विभागों में ट्रांसफर किया है, उनमें से अधिकतर इंजीनियरिंग विभाग में ट्रांसफर किये गये हैं। 89 कर्मियों में से 11 सेक्शन होल्डर को इंजीनियरिंग विभाग में ट्यूबवैल ऑपरेटर लगाया है। इनमें हैड रीडर के पद पर अनिता कुमारी को भी ट्यूबवैल ऑपरेटर के पद पर तैनात किया है। वहीं, सहायक सेक्शन होल्डर व पीओ रीडर में से अधिकतर को ट्यूबवैल ऑपरेटर लगाया गया है। इसमें दो महिलाओं को इंजी. विभाग में क्लर्क के पद पर शेष को ट्यूबवैल ऑपरेटर के पद पर।

प्रिंटिंग एवं स्टेशनरी विभाग में कंप्यूटर विभाग में ग्रेड-2 के कर्मी सतीश कुमार को इंजीनियरिंग विभाग में वर्क मुंशी के पद पर लगाया गया। वहीं, इस विभाग के अन्य 13 कंप्यूटर कर्मियों को इंजीनियरिंग विभाग में जूनियर टेक्नीशियन के पद पर लगाया गया। सात सीनियर मैकेनिकों को जूनियर टेक्नीशियन लिफ्ट ऑपरेटर लगाया गया।



### कंपोजिटर्स, मैकेनिक बने सीटीयू में बस कंडक्टर

एकमात्र इलेक्ट्रिशियन को इंजीनियरिंग विभाग में इस पद पर रखा गया। एक गैली प्रेसमैन को विभाग में जूनियर टेक्नीशियन के पद पर लगाया गया। इसके अलावा सीटीयू में बस कंडक्टर की कमी को देखते हुए 13 कंप्यूटर विभाग में काम करने वाले सीनियर को कंडक्टर के पद पर लगाया गया। वहीं, चार कंपोजिटर्स, 9 सीनियर मैकेनिक एवं जूनियर मैकेनिकों, 2 मोनो मैकेनिकों, एक डिस्ट्रीब्यूटर, एक डार्क रूम सहायक को सीटीयू में बस कंडक्टर के पद पर लगाया गया। कुल मिलाकर सीटीयू में 30 कर्मियों को एडजस्ट किया गया।

## क्लासीफाइड


### ट्यूशन

**करनाल में सभी विषय** (सी.बी.एस.ई.) क्लास-X हेतु योग्यता प्राप्त होम ट्यूटर चाहिए। सम्पर्क करें : 94660-52017. (CL19102785)

### सार्वजनिक सूचना

**मैं, अनमोल पुत्र श्री किशन लाल** निवासी 1260, फेज-II, राम दरबार, चंडीगढ़, ने अपना नाम बदलकर अनमोल गुप्ता रख लिया है। (CL19102652)

**मैं, तनिका पुत्री शिवजी राम निवासी** # 23, सेक्टर-9-ए, चंडीगढ़ ने अपना नाम बदलकर तनिका गोयल रख लिया है। (CL19102670)

**मैं, कामना शर्मा पत्नी सतीश कुमार** निवासी ग्राम इस्माइलाबाद, तहसील पिहोवा, ज़िला कुरुक्षेत्र (हरियाणा), ने अपना नाम बदलकर कामना रानी रख लिया है। (CL19102671)

**मैं, विजय सिंह पुत्र स्व. श्रीलाल** (3136619) निवासी खेड़ी बूरा, चरखी दादरी। मेरे पिता के आर्मी रिकार्ड में मेरा नाम राजबीर व जन्मतिथि 23.06.1962 गलत है। मेरा सही विजय सिंह व जन्मतिथि 08.07.1963 है। (CL19102683)

**मैं, प्रतीक कुमार कौशिक पुत्र सतीश** कुमार शर्मा निवासी 584/19, सिविल अस्पताल रोड (करनाल), ने अपना नाम बदलकर प्रतीक कौशिक रख लिया है। (CL19102781)

### न्यायालय सूचना

**न्यायालय श्री संजय जिंदल, अति. जिला न्यायाधीश-4, कमरा नं. 212, द्वितीय तल, जिला न्यायालय, रोहिणी, दिल्ली**

वाद नं. : 773/17
अगली पेशी : 25.10.19
नरेन्द्र एवं अन्य
बनाम
श्रीमती मनजीत

सूचना बनाम :
श्रीमती मनजीत पत्नी साधू राम निवासी गांव जैनपुर खास, डाकघर मैदपुर, जिला नवांशहर, (पंजाब)।

आप जानबूझकर समन की तामील से बच रहे हैं, यह अधिसूचित किया जाता है कि यदि आप तारीख 25.10.2019 को, जो अंतिम निपटारे के लिए नियत की गयी तारीख है, उक्त मामले में अपनी प्रतिरक्षा नहीं करेंगे तो उसकी सुनवाई और अवधारण एकपक्षीय रूप से किया जाएगा।

यह आज तारीख 10.10.2019 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दी गई है।

हस्ता./-
अति. जिला न्यायाधीश-4,
जिला न्यायालय, रोहिणी,
CL19102647 दिल्ली।

### सार्वजनिक सूचना

**हम, सुरेश कुमार पुत्र नाथी राम,** बिमला देवी पत्नी सुदेश कुमार निवासी गांव परवालो, जगाधरी, जिला यमुनानगर अपने पुत्र सुर्यकांत, पुत्रवधू संगीता रानी को हमारे कहने -सुनने से बाहर होने पर अपनी चल -अचल संपत्ति से बेदखल करते हैं। इनसे लेन -देन करने पर हमारा परिवार जिम्मेवार नहीं होगा। (CL19102707)

**मैं, सिमरनजीत कौर पत्नी No.** 15575296A L/HAV बलजिन्दर सिंह निवासी गांव एवं डाकघर तरनतारन, तहसील एवं जिला तरनतारन (पं.) ने अम्बाला कैंट के समक्ष शपथपत्र दिनांक 23/10/2019 के तहत अपना नाम सिमरनजीत कौर से बदलकर सिमरन कौर रख लिया है। (CL19102745)

**मैं, पूजा बिंदल पत्नी प्रदीप कुमार,** गांव तमनौली, डाकघर नहोनी (अम्बाला) घोषित करती हूं कि मुझ से रसबीर कौर के नाम पर पुरानी (मूल) रजिस्ट्री इंतकाल नं. 2611, जमाबंदी 2014-15, खेवट खतौनी 531/579, खसरा नं. 40//5, रकबा, 1-14/केए 9/34 मुलाना (अम्बाला) में कहीं गुम हो गई है। यदि किसी को मिले, तो कृपया सम्पर्क करें : 9992779951. (CL19102753)

**हम, सुदेश कुमारी पत्नी आजाद** सिंह व आजाद सिंह पुत्र ईश्वर सिंह निवासी मकान नं. 1708, सेक्टर-5, अर्बन एस्टेट, कुरुक्षेत्र, ने अपने पुत्र अजय सिंह व उसकी पत्नी सुनैना को अपनी चल -अचल संपत्तियों से बेदखल कर दिया है, क्योंकि ये हमारे कहने -सुनने से बाहर हैं। इनसे लेन -देन करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। (CL19102756)

### न्यायालय सूचना

**न्यायालय सुश्री शैल जैन, प्रिंसिपल जज, फैमिली कोर्ट, केंद्रीय जिला, तीस हज़ारी कोर्ट्स, दिल्ली**

HMA No. 1688/2018
प्रीति
- वादी
बनाम
गगनदीप उर्फ बॉबी
- प्रतिवादी

सूचना बनाम :
श्री गगनदीप उर्फ बॉबी पुत्र श्री यशपाल अरोड़ा उर्फ बिट्टू निवासी 1163/28, ओल्ड डीसी रोड, दीवान चक्की वाली गली, सोनीपत, हरियाणा।

यतः (वादी) श्रीमती प्रीति पत्नी श्री गगनदीप उर्फ बॉबी, पुत्री श्री सुभाष चंद सचदेवा निवासी एन 96-97, मजनू का टीला, पंजाबी बस्ती, दिल्ली-110054 ने तलाक की डिक्री द्वारा विवाह भंग करने हेतु हिन्दू विवाह अधिनियम, 1955 की धारा 13(1) (i) (i ए) तथा (i बी) के तहत उक्त मुकदमा दायर किया है। आपको समन जारी किये जाते हैं कि आप 09.01.2020 को पूर्वा. 10.00 बजे असालतन या वकालतन पेश होकर उक्त का जवाब दें, अन्यथा एकपक्षीय निपटारा किया जायेगा।

आज 17.10.2019 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रण के तहत जारी किया गया।

हस्ता./-
प्रिंसिपल जज,
केंद्रीय जिला,
फैमिली कोर्ट,
तीस हज़ारी, दिल्ली।
CL19102560

### आवश्यक सूचना

दि ट्रिब्यून ट्रस्ट का इस समाचार पत्र में मुद्रित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाइड) के तथ्यों संबंधी कोई दायित्व नहीं है। हमारा समाचारपत्र इनको सत्यापित नहीं करता है। पाठकों से विनती है कि वे इन विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पूर्व तथ्यों की स्वयं पुष्टि कर लें।




मोहाली के शिवालिक पब्लिक स्कूल में वार्षिक समारोह में परफार्म करते बच्चे। - विक्की

# हाईकोर्ट, जिला अदालत को उड़ाने की धमकी

## बार एसोसिएशन के अध्यक्ष को पत्र के जरिये मिली धमकी

चंडीगढ़/पंचकूला, 23 अक्तूबर (नस)

जम्मू-कश्मीर में से धारा 370 हटाने के बाद आतंकी गतिविधियों में शामिल एक शख्स ने चंडीगढ स्थित पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट और सेक्टर 43 स्थित जिला अदालत को बम से उड़ाने की धमकी दी है। जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एनके नंदा को मिले एक पत्र में अज्ञात ने 29 अक्तूबर को दोनों न्यायालयों को निशाना बनाते हुए विस्फोट करने की धमकी दी है। नंदा ने इस संबंध में यूटी की एसएसपी समेत जिला एवं सत्र न्यायाधीश को पत्र लिखकर शिकायत सौंपी। जिसके बाद परिसर में सुरक्षा कड़ी कर दी गयी है। अध्यक्ष एनके नंदा को आज दिन में यह धमकी भरा पत्र प्राप्त हुआ। जिसमें अज्ञात शख्स ने एक विशेष धर्म का बार-बार जिक्र किया और धमकी दी कि वह आने वाले दिन के समय हमला करेगा और उसकी इसको हल्के में न लिया जाये।

### एसएसपी को शिकायत के बाद शहर में हाई अलर्ट

चंडीगढ़ के दोनों न्यायालयों को बम से उड़ाने की धमकी देने वाले शख्स ने हमले का दिन और टाइम भी मुकर्रर किया है। आरोपी ने टाइप किए इस पत्र की शुरूआत में जम्मू-कश्मीर के हालात का हवाला देते हुए बमबारी से सरकार को संदेश पहुंचाने की बात लिखी है। अध्यक्ष को मिले इस धमकी भरे पत्र के बाद पुलिस प्रशासन ने चंडीगढ़ में हाई अलर्ट जारी कर दिया है।

## सामूहिक छुट्टी का फैसला बरकरार

चंडीगढ़/पंचकूला, 23 अक्तूबर (नस)

यूटी पावरमैन यूनियन के आह्वान पर चंडीगढ़ के बिजली कर्मचारियों ने दिवाली पर की जा रही सामूहिक छुट्टी का फैसला बरकरार रखा है। कर्मचारियों ने ऐलान किया कि प्रशासन के एसई तथा चीफ इंजीनियर द्वारा 14 और 16 अक्तूबर को हुई बैठकों में मांगों पर बनी सहमति के मद्देनजर मांगों को लागू होने तक वे अपना फैसला नहीं बदलेंगे। यूनियन के महासचिव गोपाल दत्त जोशी ने आज जानकारी देते हुए कहा कि चीफ इंजीनियर तथा एसई इलेक्ट्रिसिटी द्वारा निश्चित समय में मांगों को लागू कराने के दिये गये विश्वास के बाद यूनियन द्वारा 17 अक्तूबर को होने वाली 2 घंटे की पैन डाउन/टूल डाउन हड़ताल को वापस लिया था।

## घायल बच्ची की मौत

पंचकूला/चंडीगढ., 23 अक्तूबर (नस)

गांव सकेतड़ी में दो परिवारों के बीच हुई हाथापाई के बाद घायल एक चार वर्षीय बच्ची ने बुधवार की सुबह दम तोड़ दिया। मृतक लड़की की पहचान रिया के रूप में हुई। सकेतड़ी निवासी और मृतक लड़की के पिता विशाल ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में कहा कि वह अपनी पत्नी और बच्चों के साथ गांव सकेतड़ी में एक झोपड़ी में रहता है और मजदूरी का काम करता है। उन्होंने कहा कि 13 अक्तूबर को उनके परिवार का एक अन्य व्यक्ति के साथ झगड़ा हुआ था। उन्होंने आरोप लगाया कि हाथापाई के दौरान उनकी नाबालिग बेटी को आरोपी ने धक्का दे दिया और वह ईंटों पर गिर गई जिससे उसके सिर में चोट लग गई।

## पत्रकारिता विभाग के संस्थापक पीपी सिंह को अवार्ड

चंडीगढ़, 23 अक्तूबर (ट्रिन्यू)

भारत में पत्रकारिता की शिक्षा पंजाब यूनिवर्सिटी लाहौर में शुरू करने वाले प्रो. पीपी सिंह को जोशी फाउंडेशन की ओर से मरणोपरांत आउटस्टैंडिंग कंट्रीब्यूशन इन जर्नालिज्म अवार्ड से सम्मानित किया गया है। लाहौर में सत्र 1941 में पत्रकारिता विभाग शुरू करने वाले प्रो. सिंह को यह अवार्ड उनके उल्लेखनीय योगदान के लिये मीडिया अवार्ड पंजाब के तहत दिया गया है। यह अवार्ड स्कूल ऑफ कम्युनिकेशन्स स्टडीज की प्रो. अर्चना आर सिंह ने ग्रहण किया। यह अवार्ड सांसद किरण खेर और सांसद सनी देयोल ने प्रदान से किये।

### 'गुरु ग्रंथ साहिब में सभी 10 गुरु मौजूद'

# 'सिख अपने धर्म से बिल्कुल उलट चल रहे'

चंडीगढ़, 23 अक्तूबर (ट्रिन्यू)

गुरु नानक देव जी ने जिस भी धर्म के लोगों से संपर्क किया, उन्हें उसी में रहते हुए सही रास्ता दिखाया। आडंबर की बजाए धर्म का अर्थ समझाते हुए सभी को अपने धर्म में अडिग रहने की शिक्षा दी। इसी वजह से हर धर्म के लोग उनसे प्रेम करते हैं और वह जगतगुरू बन गये। ये कहना था जत्थेदार तख्त श्री हरिमंदिर जी पटना साहिब ज्ञानी रणजीत सिंह का।

वह पंजाब यूनिवर्सिटी में गुरू नानक देव जी के 550 वें जन्मदिवस को समर्पित तीन दिवसीय गुरमति समागम के समापन समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि गुरू नानक देव ऐसी शख्सियत हैं जिनका रूप दस बार संसार में आया और इस समय श्री गुरु ग्रंथ साहिब में वाणी के रूप में विराजमान है। राम आए तो कोई दूसरा राम नहीं आया, कृष्ण आए तो कोई दूसरा कृष्ण नहीं आया लेकिन नानक 10 रूपों में आए। ये उनका अपने भक्तों के साथ वादा था।

गुरुद्वारा श्री मुक्तसर साहिब पीयू स्टूडेंट्स की लगभग 35 साल पुरानी संस्था में पीयू कैंपस स्टूडेंट्स कौंसिल और पीयू प्रशासन की ओर से कराए गए इस समागम में श्री गुरु ग्रंथ साहिब के अखंड पाठ कराए गए। तीनों दिन कीर्तन दरबार सजाया गया। मिसल शहीदां तरना दल, हरियां वेला के बाबा निहाल सिंह ने कहा कि सिख अपने धर्म से बिल्कुल उलट चल रहे हैं। नशे को सिख गुरुओं ने मना किया है जबकि ये सिखों में आम होता जा रहा है, ये बहुत खतरनाक स्थिति है।

सिख एजुकेशन सोसायटी के कर्नल जेएस बाला, बीकेएस इंटरनेशनल चेरिटेबल ट्रस्ट के प्रेसिडेंट अतर सिंह, चेरिटेबल आई हॉस्पिटल एचएस सभ्रवाल को सिख संगत की ओर से सम्मानित किया गया। कंट्रोलर ऑफ एग्जामिनेशन प्रो. परविंदर सिंह, रजिस्ट्रार प्रो. कर्मजीत सिंह, डीन कॉलेज डेवलपमेंट कौंसिल प्रो. संजय कौशिक और डीन यूनिवर्सिटी इंस्ट्रक्शन और कार्यकारी वीसी प्रो. शंकर जी झा ने भी समागम में शिरकत की।

# गुस्साए कर्मचारियों ने फूंका प्रशासन का पुतला

## बोले- कर्मचारियों के लिए नहीं सिक्योर पॉलिसी

चंडीगढ़/पंचकूला, 23 अक्तूबर (नस)

चंडीगढ़ प्रशासन के अधीन विभागों में काम कर रहे कच्चा एवं अनुबंध कर्मचारियों ने आज सेक्टर 17 में मांगों को अनदेखा करने के विरोध में लामबंद होकर विरोध प्रदर्शन किया।

कर्मचारियों ने अधिकारियों और प्रशासन पर अपनी जमकर भड़ास निकाली। हजारों कर्मचारियों और मजदूरों ने गलत नीतियों का विरोध करते हुए प्रशासन का पुतला भी फूंका। इंटक के बैनर तले सैकड़ों कर्मचारियों ने बुधवार को हल्ला बोला।

तय फैसले पर सुबह के समय कर्मचारी नगर निगम कार्यालय के सामने एकत्रित हुए और चंडीगढ़ सबोर्डिनेट सर्विसेज फेडरेशन समेत सभी सरकारी और गैर सरकारी यूनियनों के हजारों कर्मचारियों और मजदूरों ने प्रशासन का पुतला फूंका और साथ ही कहा मांगों का समाधान नहीं होने पर कर्मचारी 17 दिसंबर को रैली कर अनिश्चतकालीन भूख हड़ताल पर बैठेंगे। इंटक के प्रदेश अध्यक्ष नसीब जाखड़ ने कहा कि सरकार और प्रशासन कर्मचारियों और मजदूरों की मांगों को लेकर गंभीर नहीं है। 10 से 15 वर्षों तक विभागों में नौकरी करने के बाद प्रशासन बिना नोटिस दिए कर्मचारी को निकाल देता है। जाखड़ ने कहा कि इन सभी समस्याओं का हल करवाने के लिए इंटक की तरफ से राज्यपाल समेत सभी विभागों के एचओडी को पत्र लिख चुके हैं लेकिन वार्ता के लिए अभी तक नहीं बुलाया गया।



चंडीगढ़ में बुधवार को सेक्टर-17 में एमसी प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन करते सीएमसी रोड व बागवानी विभाग के कर्मचारी। - दैनिक ट्रिब्यून

## पशुपालन कर्मियों ने किया रोष प्रदर्शन

**अंबाला शहर (हप्र) :** पशुपालन विभाग में कार्यरत चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों को प्राइवेट कंपनी का एजेंट बनाए जाने के विरोध में आज चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी यूनियन द्वारा उपनिदेशक पशुपालन अंबाला के कार्यालय पर विरोध प्रदर्शन किया गया जिसकी अध्यक्षता जिला प्रधान राजेश कुमार ने की। राजेश कुमार ने बताया कि पशुपालन विभाग में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को हिंदुस्तान इंश्योरेंस ब्रोकर लिमिटेड नामक प्राइवेट कंपनी का जबरदस्ती एजेंट बनाने की कार्रवाई की जा रही है।

**दिवाली बोनस न मिलने पर लगाया जाम**

**अंबाला (निस):** दिवाली पर बोनस न मिलने को लेकर प्रताप फैब्रिक के वर्करों ने हाईवे जाम कर दिया । मंगलवार को हड़ताली वर्करों को मैनेजमेंट ने सुनवाई का भरोसा दिया था । बुधवार सुबह वर्करों के प्रतिनिधियों ने मैनेजमेंट से बात की तो मैनेजमेंट ने दिवाली से पहले बोनस देने की बात स्वीकार कर ली । इस पर ज्यादातर वर्कर तो मान गए मगर कुछ आज ही बोनस व सैलरी लेने की मांग पर अड़ गए ।

## एनआरएमयू व रेल कर्मियों में रोष, नारेबाजी

**पिंजौर (निस) :** कालका रेलवे स्टेशन और वर्कशॉप में एनआरएमयू ब्रांच शाखाओं और रेल कर्मियों ने बुधवार को रेलवे के निजीकरण, निगमीकरण के विरुद्ध केन्द्र सरकार और रेल प्रशासन के खिलाफ अलग-अलग रोष प्रदर्शन करते हुए जमकर नारेबाजी की। इस मौके पर रेलवे वर्कशॉप में ब्रांच अध्यक्ष प्रदीप कुमार, सचिव संजीव कुमार आदि ने भाग लिया। सुभाष चन्द्र और संजीव ने कहा कि सरकार ने पहले रेलवे की सात उत्पादन इकाइयों का निगमीकरण किया उसके बाद तेजस गाड़ी को पूर्ण रूप से निजी हाथों में सौंप दिया। अब 150 अन्य गाड़ियों को निजी हाथों में सौंपने की योजना है जिसके लिए एक कमेटी भी गठित की जा चुकी है। कर्मियों की नौकरी पर खतरा देखते हुए एनआरएमयू महामन्त्री ने अंदोलन का निर्णय लिया है।

# 2020 तक 27 सेवायें होंगी आनलाइन

### परियोजना में शामिल किए जाने वाले सभी विभागों के अधिकारियों की बैठक

ट्रिब्यून न्यूज़ सर्विस
चंडीगढ़, 23 अक्तूबर

अगले वर्ष नवम्बर माह तक चंडीगढ़ में कुल 27 ई-गवर्नेंस सेवाएं शुरू हो जायेंगी। निगमायुक्त एवं चंडीगढ़ स्मार्ट सिटी लिमिटेड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी केके यादव ने इस परियोजना में शामिल किए जाने वाले सभी विभागों के अधिकारियों की बैठक में यह जानकारी दी।

इन सेवाओं में प्रमुख ई-गवर्नेंस सेवाओं में ऑनलाइन बिल्डिंग प्लान अप्रूवल, कम्युनिटी / बैंक्वेट हॉल की बुकिंग, ऑनलाइन शिकायत प्रबंधन, ई-हॉर्टिकल्चर सर्विसेज, ऑनलाइन अनुमतियां और एनओसी, ऑनलाइन पानी और सीवरेज कनेक्शन शामिल हैं। संपत्ति कर के साथ जन्म और मृत्यु पंजीकरण, चंडीगढ़ स्मार्ट सिटी लिमिटेड वेब-पोर्टल और मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से इन सेवाओं का उपयोग कर सकेंगे। नागरिक अपने आवेदन की स्थिति कभी भी व कहीं भी ट्रैक कर सकते हैं।

उल्लेखनीय है कि ई-गवर्नेंस सेवाओं के कार्यान्वयन के लिए चंडीगढ़ स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा गत दिवस मेसर्स प्राइसवाटर हाउसकूपर्स (पीडब्ल्यूसी) के साथ समझौते पर हस्ताक्षर किए गए थे। परियोजना का उद्देश्य मैनुअल हस्तक्षेप को कम करने, पारदर्शिता सुनिश्चित करने, ऑनलाइन नागरिक सेवाओं और जनता की शिकायतों के लिए 24 घंटे उपलब्धता को सुनिश्चित करना है। केके यादव का कहना था कि परियोजना का उद्देश्य नागरिकों के लिए सेवाओं को ऑनलाइन उपलब्ध करना है। पहले इसमें कुल 27 ई-गवर्नेंस सेवाएं होंगी। आयुक्त ने सलाह दी कि प्रत्येक विभाग संबंधित व्यक्तियों का एजेंसी को डेटा उपलब्ध करायें और उसी को संबंधित विभाग के प्रमुख द्वारा अनुमोदित किया जाएगा।

### गठित की जाएगी अधिकारियों की समिति

केके यादव ने कहा कि अधिकारियों की एक संचालन समिति का गठन किया जायेगा, जो योजना की प्रगति की निगरानी के साथ-साथ एजेंसी मैसर्स प्राइसवाटर हाउसकूपर्स (पीडब्ल्यूसी) द्वारा तैयार योजना की भी मौनिटरिंग करेगी। परियोजना के पूरा होने का समय एक वर्ष है। इसकी अगली बैठक 1 नवंबर, 2019 के लिए निर्धारित की गई है। बैठक में मुख्य वास्तुकार, निगम के मुख्य अभियंता, मुख्य अभियंता-सह-विशेष सचिव चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड के मुख्य अभियंता उपस्थित थे।

## मजदूर की मौत पर मुआवजे को लेकर भड़के परिजन

# लाश रख कर जीटी रोड किया बंद, पीसीआर का मोटरसाइकल फूंका

## पुलिस ने लाठीचार्ज और हवाई फायरिंग कर किए तितर-बितर

राजपुरा, 23 अक्तूबर (निस/ट्रिन्यू)

राजपुरा में आढ़ती की दुकान पर कार्य करने वाले एक मजदूर की बीमारी के कारण अचानक मौत हो जाने के बाद आज सुबह कुछ प्रवासी मजदूरों ने लाश को उक्त आढ़ती की दुकान के बाहर रखने के बाद राजपुरा-पटियाला रोड पर जाम लगा कर प्रदर्शन किया और छड़ें, लाठियां व ईंट-पत्थर लेकर वहां से निकल रहे लोगों पर बरसाने लगे गये। भड़के प्रवासी मजदूरों को रोकने के लिये पहुंचे पुलिस अधिकारी को भी मजदूरों ने घेर लिया और बुरी तरह से मारपीट करते हुये उसे घायल कर उसके मोटरसाइकिल को आग लगा दी। पुलिस को भड़के मजदूरों को तितर-बितर करने के लिए लाठीचार्ज और हवाई फायर करना पड़ा।

स्थिति गम्भीर होते देख एसडीएम राजपुरा शिव कुमार, डीएसपी राजपुरा, डीएसपी घनौर, पटियाला से एसपीडी हरजीत सिंह भी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और अनाज मण्डी के प्रधान हरदीप सिंह लाडा व अन्य सदस्यों को साथ लेकर मामले को शांत कराया और मृतक के परिवार वालों को समझा कर अंतिम संस्कार के लिये भेजा।


राजपुरा में बुधवार को पीड़ित परिवार वालों से बात करते एसडीएम। -निस

प्रवासी मजदूर आढ़ती से मजदूर के परिजनों के लिए मुआवजे की मांग कर रहे थे, जबकि आढ़ती अंतिम संस्कार और उपचार पर हुआ खर्च देने का ही इच्छुक था। इस कारण मजदूर भड़क गए।


जला हुआ बाइक।

एसपीडी पटियाला हरजीत ने बताया कि राजू नामक प्रवासी मजदूर अनाज मण्डी में साईंदास कृष्ण कुमार की दुकान पर कार्य करता था। बीते कल सुबह उसकी तबीयत खराब होने पर परिवार के सदस्य उसे पटियाला रजिंद्रा अस्पताल व बाद में चंडीगढ़ के सेक्टर 32 अस्पताल में ले गये, जहां पर डाक्टरों ने उसे मृत करार दे दिया। अगली सुबह उन्होंने एसोसिएशन के प्रधान हरदीप लाडा से मुआवजा और अंतिम संस्कार आदि के लिये कुछ रुपये देने की मांग की और कुछ न मिलता देखकर राजू के रिश्तेदारों व अन्य सहयोगियों ने लाश को उठाकर उक्त आढ़ती की दुकान के बाहर रख दिया। देखते ही देखते प्रदर्शनकारी सड़क को जाम कर वहां से गुजरने वाले लोगों पर लाठियां, पत्थर बरसाकर उन्हें घायल करने लगे गये।

### पुलिस अधिकारी को किया घायल

मौके पर पहुंचे पीसीआर के एएसआई हरविंदर सिंह ने उन्हें समझाने की कोशिश की तो उक्त प्रदर्शनकारियों ने उक्त पुलिस अधिकारी को घेर कर मारपीट करते हुये तेजधार हथियार से हमला कर गम्भीर घायल कर उनके मोटरसाइकल को आग लगा दी। मौके से गुजरे एक व्यक्ति ने जब पुलिस मुलाजिम को बचाने की कोशिश की तो उसे भी प्रदर्शनकारियों ने घायल कर दिया।

## स्पोर्ट्स कार्नर



चंडीगढ़ में बुधवार को स्पेशल ओलंपिक्स भारत में भाग लेने के बाद सामूहिक चित्र खिंचवाते विशेष बच्चे। - मनोज महाजन


जीरकपुर में बुधवार को टेनिस टूर्नामेंट के खिलाड़ी मेहर कौर को बॉल रिटर्न करती सिद्धका। - नितिन मित्तल


चंडीगढ़ में बुधवार को बास्केटबॉल के मैच में भिड़ते सेंट जेवियर व सेंट जोन (वाइट ड्रेस) स्कूल के खिलाड़ी। - विक्की

### बैडमिंटन में नरेश रहे प्रथम

**अम्बाला (नस) :** जीएमएन कॉलेज के शारीरिक शिक्षा विभाग विभाग द्वारा आज गैर शिक्षण विभाग के पुरुषों के बीच बैडमिंटन प्रतियोगिता कराई गई। 12 खिलाड़ियों ने भाग लिया। इसमें प्रथम स्थान नरेश कुमार, द्वितीय स्थान तरनवीर सिंह, तृतीय स्थान राहुल यादव ने प्राप्त किया। प्राचार्य ने सभी को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

## खबर है...


मोहाली में बुधवार को फेज-7 की मार्केट में दिवाली त्योहार के मद्देनजर सजाये गये स्टाल। - दैनिक ट्रिब्यून

### कन्या की करवाई शादी

**बीबीएन (निस) :** बरोटीवाला के बल्याणा गांव में समाजसेवी रामजीदास ठाकुर और उनकी धर्मपत्नी पुष्पा ठाकुर ने एक निर्धन परिवार की बेटी की शादी करवाकर सामाजिक जिम्मेदारी की मिसाल कायम की है। प्रवासी राजकुमार साहू की बेटी प्रीति के विवाह का खर्च दम्पति ने उठाया। इस समारोह में स्थानीय अनिल शर्मा, रमेश कुमार, वीरेंद्र ठाकुर, लज्जा राम, दिनेश, हुसन, रामकुमार, स्थानीय पंचायत के प्रधान रामरतन चौधरी,उपप्रधान हितेंद्र शर्मा शामिल हुए।

### कपंनी से 93,000 रुपये चोरी

**बीबीएन (निस) :** बद्दी में कम्पनी कर्मचारी द्वारा कम्पनी से पैसे चुराने पर मामला प्रकाश में आया है कृष्ण कुमार ने पुलिस में शिकायत दी है इसकी शीतलपुर रोड पर केके इंटरप्राइसेस के नाम से स्क्रैप का यूनिट है । इसके पास 2 लड़के काम कर रहे हैं । ये लोग उसके 93,000 रुपये चुराकर चले गये।

# एक किलो अफीम सहित तीन व्यक्ति गिरफ्तार

1मोहाली, 23 अक्तूबर (निस)

सोहाना थाना पुलिस ने 1 किलो अफीम के साथ तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मेहर सिंह, विश्वदीप सिंह, जगसीर सिंह निवासी गांव अलवाल जिला संगरुर के रूप में हुई है। तीनों आरोपियों के खिलाफ थाना सोहाना में एनडीपीएस का मामला दर्ज कर लिया गया है। आरोपियों के आज मोहाली अदालत में पेश कर एक दिन का पुलिस रिमांड हासिल किया गया है। सोहाना थाना पुलिस के एसएचओ राजेश हस्तीर ने बताया कि मंगलवार रात उनकी टीम बाकरपुर चौक के पास नाकाबंदी कर वाहनों की चैकिंग कर रही थी। उसी दौरान टीम को गुप्त सूचना मिली कि एक स्विफ्ट कार में तीन व्यक्ति अफीम लेकर आ रहे हैं जिन्होंने इसकी सप्लाई चंडीगढ़ में देनी है। पुलिस ने सूचना के आधार पर बाकरपुर चौक के पास चौकसी बढ़ा दी। उसी दौरान जब वहां से स्विफ्ट गाड़ी निकलने लगी तो उसे रोककर गाड़ी की तलाशी देने के लिए कहा गया। गाड़ी में बैठे तीनों व्यक्ति पुलिस को देखकर हड़बड़ाने लगे तो पुलिस को उनपर शक हो गया। जब पुलिस ने गाड़ी की तलाशी ली तो उनसे 1 किलो अफीम बरामद हुई। पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ एनडीपीएस का मामला दर्ज कर लिया।

पुलिस पूछताछ में यह बात सामने आई कि तीनों ही व्यक्ति खेतीबाड़ी का काम करते हैं और अफीम बेचने का कारोबार भी करते हैं। वह डिमांड पर ट्राईसिटी में अफीम की सप्लाई देने के लिए आते हैं।

### तस्करी कर लाई जा रही देसी शराब की खेप बरामद

**चंडीगढ़/पंचकूला (नस) :** पंजाब के रास्ते तस्करी कर चंडीगढ़ से लाई जा रही देसी शराब की खेप के साथ पुलिस ने एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से कुल 100 पेटियां अवैध शराब की बरामद कीं। सेक्टर 39 पुलिस के सब इंस्पेक्टर नवीन को क्षेत्र से अवैध शराब की तस्करी कर चंडीगढ़ से बाहर लाकर बेचने की सूचना मिली रही थी। मंगलवार की रात को सब इंस्पेक्टर ने मुखबिर की सूचना पर सेक्टर 39 की जिरी मंडी के नजदीक छापामार कर आरोपी को दबोच लिया। तलाशी के दौरान ईशर ट्रक में रखे समान को जब हटाया गया तो वहां छिपा कर रखी हुई शराब की पेटियां मिली। पुलिस की पूछताछ में पकड़े गए आरोपी की शिनाख्त सेक्टर 29 निवासी गुरप्रीत सिंह के रूप में हुई। सब इंस्पेक्टर नवीन ने बताया कि आरोपी से बरामद शराब देसी कंपनी मार्का 999 स्टार व्हिस्की की है। आरोपी के पास शराब का कोई लाइसेंस या परमिट नहीं था। पुलिस ने वाहन को कब्जे में लेकर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

## जिला तैराकी एसोसिएशन की कार्यकारिणी गठित

अंबाला, 23 अक्तूबर (निस)

डिस्ट्रिक्ट स्विमिंग एसोसिएशन अंबाला के प्रधान राजेंद्र विज ने आज अपनी पूरी टीम के साथ अंबाला कैंट के वार हीरोज मेमोरियल स्टेडियम में नए बन रहे स्विमिंग पूल का दौरा किया। राजेंद्र विज ने बताया कि अंबाला छावनी में बन रहा यह स्विमिंग पूल ऑल वेदर होगा। इस अवसर पर डिस्ट्रिक्ट स्विमिंग एसोसिएशन अंबाला के चुनाव आब्जर्वर डॉ प्रवीण कादयान, जॉइंट सेक्रेट्री हरियाणा स्विमिंग एसोसिएशन की देखरेख में हुए, जिसमें राजिंदर विज को प्रधान, रोहित जैन को चीफ पैटर्न, रविंद्र मदान, हेमंत वालिया, राकेश शर्मा को पैटर्न, नरेश भारद्वाज को सीनियर वाइस प्रेसिडेंट, देवेंद्र शर्मा और कश्मा लांबा को वाइस प्रधान, मनमोहन शर्मा को महासचिव, विनोद कश्यप को खजांची, गुलजार मेहता को ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेट्री, सतीश कुमार, शाम ढुल को जॉइंट सेक्रेट्री, नीरज जैन को, हेमंत जैन को अकाउंटेंट, लोकेश मेहता, सुनील गोयल को मीडिया इंचार्ज, अरुण कुमार बत्रा को लीगल एडवाइजर, अशोक कुमार, विक्रमजीत सिंह ,केवल ठाकुर,सुनीत मेहता, अनीता शर्मा को एग्जीक्यूटिव मेंबर नियुक्त किया गया।

# पशु जन्म नियंत्रण केन्द्र का शिलान्यास


चंडीगढ़ के रायपुर कलां गांव में बुधवार को मनोज कुमार परीदा एनिमल बर्थ कंट्रोल सेंटर का शिलान्यास करते हुए। इस अवसर पर मेयर राजेश कालिया भी उपस्थित रहे। - रवि कुमार

चंडीगढ़, 23 अक्तूबर (ट्रिन्यू)

चंडीगढ़ के प्रशासक के सलाहकार मनोज कुमार परीदा ने आज यहां गांव रायपुर कलां में पशु जन्म नियंत्रण केंद्र का शिलान्यास किया।

सभा को संबोधित करते हुए सलाहकार ने कहा कि जानवर अपने लिए बोल नहीं सकते हैं, पर इंसान उनकी आवाज हैं। जानवरों के लिए देखभाल केंद्र प्रदान करना ब्रह्मांड में सबसे अच्छी सेवा है। उन्होंने कहा कि निगम न केवल चंडीगढ़ के नागरिकों के लिए अच्छा कर रहा है, बल्कि जानवरों के लिए देखभाल सेवायें भी उपलब्ध करा रहा है। उन्होंने 15 एकड़ भूमि में मवेशी तालाब की व्यवस्था और 1.4 एकड़ भूमि में डॉग केयर सेन्टर की योजना की सराहना की। मनोज कुमार ने निगम को परियोजना को पूरा करने और चलाने के लिए पर्याप्त धन उपलब्ध कराने का भी आश्वासन दिया।

### एक वर्ष के भीतर होगा निर्माण

महापौर राजेश कालिया ने इस अवसर पर कहा कि रायपुर कलां में निगम की 15 एकड़ भूमि में से 1.40 एकड़ भूमि में पशु जन्म नियंत्रण केंद्र स्थापित किया जाएगा। बाकी जमीन का इस्तेमाल मवेशी तालाब बनाने के लिए किया जायेगा। उन्होंने कहा कि 300 कुत्तों के लिए पशु जन्म नियंत्रण केंद्र में 5 डाग केनेल शामिल होंगे। निगमायुक्त केके यादव ने समारोह में कहा कि केंद्र में 10-12 श्रमिकों के लिए अस्पताल, प्रयोगशाला, रसोई, पार्किंग क्षेत्र और शयनगार प्रदान किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि केंद्र का निर्माण एक वर्ष की समयावधि के भीतर किया जाएगा। इस अवसर पर प्रमुख गृह सचिव अरुण कुमार गुप्ता, वरिष्ठ उप महापौर हरदीप सिंह व अन्य पार्षद उपस्थित थे।

### एनसीसी कैडेटों ने पटाखे विरोधी रैली निकाली


चंडीगढ़ के पीजीजीसीजी-42 की आर्मी विंग के एनसीसी कैडेट्स बुधवार को 'पटाखा विरोधी' रैली निकालते हुए।

**चंडीगढ़/पंचकूला (नस) :** पटाखे जलाने से होने वाले प्रदूषण के बढ़ते स्तर को लेकर जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से पीजीजीसीजी-42 की आर्मी विंग के एनसीसी कैडेट्स के द्वारा अमृत कौर के नेतृत्त्व में एक 'पटाखा विरोधी' रैली निकाली गई, जिसमें कुल 55 कैडेट्स ने भाग लिया। इस संदेश के लिए कैडेट्स ने तख्तियों और बैनरों का प्रयोग करते हुए नारों 'पटाखे को न चलायें', 'प्रदूषणरहित दिवाली लाये खुशहाली' और 'आओ प्रदूषण रहित दिवाली मनाएं' के ज़रिये लोगों को जागरूक किया। रैली का आगाज़ महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. बीनू डोगरा ने किया।

### स्वच्छता रैली का आयोजन

**अम्बाला (नस) :** आर्य गर्ल्स कॉलेज के अंग्रेजी विभाग व इतिहास विभाग एवं जीएमएन कालेज के गणित विभाग ने साथ मिलकर स्वच्छता रैली निकाली। इस कार्यक्रम में स्वच्छता की शपथ भी ली गई। रैली में लगभग 200 छात्राओं ने भाग लिया। शुभारंभ कार्यकारी प्राचार्य डॉ. ममता जैन ने किया। स्वच्छता रैली कॉलेज से शुरू की गई और रेजिमेंट बाजार के आस-पास क्षेत्र की सफाई की गई। छात्राओं ने लोगों को जागरूक करने के लिए नारे लगाए और साफ-सफाई की।

### एसडी स्कूल में नृत्य नाटक की प्रस्तुति

**अम्बाला (नस) :** दी एसडी विद्या स्कूल के विद्यार्थियों ने भागवत अजुकम विषय पर अत्यंत मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। इस अवसर पर मुख्य अतिथि गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी उपस्थित रहे। विद्यालय की डायरेक्टर प्राचार्य नीलइंद्रजीत कौर संधु, स्कूल की उपाध्यक्ष शबनम नाथ तथा कक्षा नवमी के विद्यार्थियों के अभिभावक उपस्थित थे। भजन जय-जय नारायण-नारायण द्वारा बच्चों ने भक्ति के रस से सबको सरोबार कर दिया तथा भूमि मंगलम नृत्य प्रस्तुत कर विद्यार्थियों ने दर्शकों का ध्यान बरबस ही अपनी ओर खींच लिया। विश्व के पहले संस्कृत नाटक माने जाते भागवत अजुकम पर हिंदी नृत्य नाटक प्रस्तुत किया गया, जिसमें आत्मा और शरीर का संबंध बताते हुए आत्मा की अमरता को दर्शाया गया।




### महिला खिलाड़ियों ने जीता रजत पदक

**अम्बाला (नस) :** सनातन धर्म कॉलेज के चैस टीम की प्रिया, अंकिता, रिम्पी, मुस्कान और साक्षी ने कुरुक्षेत्र युनिवर्सिटी में आयोजित इंटर कॉलेज चैस चैम्पियनशिप में रजत पदक जीत कर कॉलेज का नाम रोशन किया। कालेज के प्राचार्य डॉ राजिंदर सिंह राणा एवं प्रवक्ता डॉ नवीन गुलाटी ने बताया कि खिलाड़ी प्रिया, अंकिता, रिम्पी और मुस्कान का चयन अन्तर विश्वविद्यालय चैम्पियनषिप में भाग लेने वाली टीम में किया गया।

### पटाखों का उपयोग न करने की शपथ ली


चंडीगढ़ के सेक्टर 41 स्थित गवर्नमेंट मॉडल हाई स्कूल में बुधवार को स्पर्धा में भाग लेते छात्र।

**चंडीगढ़/पंचकूला (नस) :** सेक्टर 41 स्थित गवर्नमेंट मॉडल हाई स्कूल में दीपावली की पूर्व संध्या पर एंटी क्रैकर अभियान के बारे में विद्यार्थियों ने जानकारी लेते हुए पटाखों का उपयोग न करने की शपथ ली। साथ ही एंटी क्रैकर रैली निकालकर इस अभियान में छात्रों और शिक्षकों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। बुधवार को पहली से पांचवी कक्षा के छात्राओं ने मोमबत्ती और दीया बनाओ स्पर्धा में हिस्सा लिया। छात्रों को हेडमास्टर संजीव अरोड़ा द्वारा क्रैकर्स के बुरे प्रभावों के बारे में अवगत कराया गया।

### स्कूल में मनाया पारितोषिक समारोह

**बीबीएन (निस) :** राजकीय उच्च पाठशाला बधोनीघाट ने वार्षिक पारितोषिक समारोह धूमधाम के साथ मनाया। समारोह में सोनिया काला ने मुख्यातिथि के रूप में अव्वल रहने वाले छात्रों को सम्मानित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधिवत दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके पश्चात स्कूली छात्रों ने सांस्कृतिक व रंगारग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। हेडमास्टर नीलम सागर ने स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट में गतिविधियों से अवगत करवाया। कार्यक्रम में मंच का संचालन एलटी देवी दत्त ने किया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत पट्टानाली की प्रधान आशा कंवर, रमेश कुमार, परमिंदर शर्मा, एसएमसी प्रधान मोहन सिंहव अन्य लोग उपस्थित रहे।

### दिव्यांग छात्रों के साथ मनायी दिवाली

**चंडीगढ़ (ट्रिन्यू) :** पंजाब विश्वविद्यालय की एनेक्ट्स टीम की ओर से 30 दिव्यांग छात्रों के साथ दीपावली मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत दीया जलाने से हुई। इसके बाद छात्रों ने गाने भी गाये और नृत्य भी किया। एनेक्ट्स टीम की फैकल्टी एडवाइजर प्रो. सीमा कपूर ने बताया कि कार्यक्रम के लिए धरा और उदय प्रोजेक्ट के तहत फंड एकत्रित किए गए। पीयू के डीएसडब्ल्यू प्रो. इमानुअल नाहर ने बताया कि एनेक्ट्स गरीब लोगों में बेहतर तरीके से जीने के लिए जागरुकता फैला रही है।

### 455 छात्रों को बांटी वर्दियां

**बीबीएन (निस) :** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशला पट्टा महलोग में अटल वर्दी योजना के तहत स्कूली छात्रों को वर्दियां वितरित की गईं। प्रधानाचार्या सोनिया काला ने बताया कि इस मौके पर स्कूल के छठी कक्षा से लेकर बारहवीं कक्षा तक के कुल 455 छात्रों को वर्दियां बांटी गईं। इस अवसर पर चंद्रकांत शर्मा, गुरबक्श ठाकुर, जितेंद्र ठाकुर, अशोक कुमार, सुमन शर्मा, सुषमा, मीनाक्षी, राजिंद्र शर्मा, सुशांत शर्मा, किरण बाला, मोनिका, सायरा बानो व अन्य स्टाफ उपस्थित रहा।

### एमसीएम डीएवी कॉलेज में दिवाली मेला

**चंडीगढ़ (ट्रिन्यू) :** स्वच्छता और पर्यावरण को प्रोत्साहित करने की मुहिम में एमसीएम डीएवी कॉलेज फॉर वीमेन ने दिवाली मेला आयोजित कर इसमें पर्यावरण को सुरक्षित एवं संरक्षित करने में सहायक वस्तुएं प्रदर्शित कीं। मेले में पेश की गयी इको फ्रेंडली वस्तुएं बेची गयीं। हरित दिवाली पर आधारित यह मेला कॉलेज की स्टूडेंट्स कौंसिल ने आयोजित किया था। फेस पेंटिंग, रंगोली, मेहंदी, ओपन माइक, तम्बोला एवं मिस एथनिक वियर जैसी प्रतियोगिताएं इस आयोजन का मुख्य आकर्षण रहीं। एथनिक वियर प्रतियोगिता में श्रुति को प्रथम स्थान मिला जबकि अवनीत एवं अम्बिका को क्रमशः द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।

दैनिक ट्रिब्यून
स्थापना 15 अगस्त 1978

# यादगार जीत

## भारतीय क्रिकेट टीम ने रचा इतिहास

भारतीय क्रिकेट टीम को घर का शेर कहकर अक्सर कटाक्ष किये जाते रहे हैं, लेकिन इस बार उसने घरेलू मैदान पर जो ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है, वह वाकई काबिलेतारीफ है। देश और पिच कोई भी हो, दक्षिण अफ्रीका की गिनती विश्व की सबसे पेशेवर और जुझारू क्रिकेट टीमों में की जाती रही है। माना कि दक्षिण अफ्रीका की टीम पुनर्गठन के दौर से गुजर रही है, लेकिन उसके विरुद्ध भारतीय टीम के क्लीन स्वीप को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। टेस्ट क्रिकेट के बोझिल और अनिर्णायक होने की शिकायत अक्सर की जाती रही है, लेकिन भारत ने दक्षिण अफ्रीका के विरुद्ध शृंखला का तीसरा और आखिरी टेस्ट तो चौथे दिन महज 12 गेंदों के खेल के बाद ही जीत लिया, और वह भी एक पारी एवं 202 रन के भारी अंतर से। यही क्यों, भारतीय टीम ने दूसरा टेस्ट भी पारी के अंतर से जीता था और पहला टेस्ट 203 रनों के अंतर से। 3-0 से, और वह भी भारी अंतर से शृंखला जीतना बताता है कि भारतीय टीम खेल के हर क्षेत्र में दक्षिण अफ्रीका से कितनी श्रेष्ठ थी। यह जीत कितनी बड़ी है, इसका अंदाजा इससे भी लगाया जा सकता है कि 83 साल बाद दक्षिण अफ्रीका किसी शृंखला में दो मैच पारी के अंतर से हारा है। घरेलू मैदानों पर भी भारतीय टीम की जीत का श्रेय अक्सर धीमी पिचों पर बल्लेबाजों की लंबी पारियों और स्पिन गेंदबाजों को दिया जाता रहा है, लेकिन इस शृंखला में भारतीय तेज गेंदबाजों ने भी शानदार प्रदर्शन किया। यह आंकड़ा अपने आप में कम बड़ी उपलब्धि नहीं है कि इस शृंखला में हमारे तेज गेंदबाज मोहम्मद शामी और उमेश यादव ने मिलकर 24 विकेट चटकाये, जबकि स्पिनर रविचंद्रन अश्विन और रवींद्र जडेजा ने 28।

बल्लेबाजी की दृष्टि से भी यह शृंखला भारत के लिए कम उल्लेखनीय नहीं रही। रोहित शर्मा के रूप में भारत को एक ऐसा शानदार टेस्ट ओपनर भी मिल गया है, जो लंबी पारियां खेलने की क्षमता रखता है। वन डे क्रिकेट में तो रोहित शर्मा अरसे से ओपनर की भूमिका प्रभावशाली ढंग से निभा रहे हैं, टेस्ट क्रिकेट में उन्हें यह मौका पहली बार मिला, और उन्होंने साबित कर दिया कि वह हर तरह के खेल में माहिर हैं। तीन टेस्ट मैचों की शृंखला में रोहित ने 529 रनों का पहाड़ खड़ा किया, जो बताता है कि वह कितने आला दर्जे के बल्लेबाज हैं। उन्होंने शतक भी बनाये और दोहरा शतक भी। ओपनर की भूमिका में नये बल्लेबाज मयंक अग्रवाल ने भी निराश नहीं किया। कप्तान विराट कोहली भी इस शृंखला में अपने रंग में नजर आये और अजिंक्य रहाणे ने भी शानदार वापसी की। दरअसल पूरी भारतीय टीम ही गजब की लय और तालमेल के साथ खेली, जिसका परिणाम कई नये रिकॉर्ड के रूप में सामने आया। भारतीय टीम ने दक्षिण अफ्रीका के विरुद्ध तो क्लीन स्वीप किया ही, घरेलू मैदानों पर 11 टेस्ट शृंखलाएं जीतने का रिकॉर्ड भी बनाया। इनमें खेले गये टेस्ट मैचों में से 26 भारत ने जीते हैं, जबकि कुल एक टेस्ट में वह हारा है। घरेलू मैदानों की बात करें तो भारत आखिरी बार 2012 में भ्रमणकारी इंगलैंड से 1-2 से शृंखला हारा था। बेशक विदेशी धरती पर भी भारतीय टीम का प्रदर्शन सुधर रहा है। वर्ष 2018-19 में ऑस्ट्रेलियाई धरती पर भी भारत 1-2 से शृंखला जीतने में सफल रहा था। वन डे की तर्ज पर टेस्ट क्रिकेट में भी चैंपियन चुनने के लिए हो रही आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में अब भारतीय टीम 240 अंकों के साथ टॉप पर पहुंच गयी है। संकेत साफ है, वन डे विश्वकप में भारत भले ही नहीं जीत पाया, पर टेस्ट क्रिकेट में बादशाहत कायम करने का उसके पास पूरा मौका है।

## आज का विचार

जिनका उत्साह ख़त्म हो चुका है, उनसे वृद्ध कोई नहीं है।

**– हेनरी डेविड थोरू**

## एकदा

### गलती का अहसास

राष्ट्रपति बनने के बाद भी राजेन्द्र प्रसाद जी का घर सादा ही था। प्रसाद जी का एक पुराना नौकर था, तुलसी। एक दिन सुबह कमरे की झाड़पोंछ करते हुए उससे राजेन्द्र प्रसाद जी के डेस्क से एक हाथी दांत का पेन नीचे ज़मीन पर गिर गया। पेन टूट गया और स्याही कालीन पर फैल गई। राजेन्द्र प्रसाद बहुत गुस्सा हुए। यह पेन किसी की भेंट थी और उन्हें बहुत ही पसन्द थी। उन्होंने तुरन्त तुलसी को अपनी निजी सेवा से हटा दिया। उस दिन कई प्रतिष्ठित व्यक्ति और विदेशी पदाधिकारी उनसे मिलने आये। मगर सारा दिन काम करते हुए उनके दिल में एक कांटा-सा चुभता रहा। उन्हें लगता रहा कि उन्होंने तुलसी के साथ अन्याय किया है। जैसे ही उन्हें मिलने वालों से अवकाश मिला राजेन्द्र प्रसाद ने तुलसी को अपने कमरे में बुलाया। पुराना सेवक अपनी ग़लती पर डरता हुआ कमरे के भीतर आया। उसने देखा कि राष्ट्रपति सिर झुकाये और हाथ जोड़े उसके सामने खड़े हैं। उन्होंने धीमे स्वर में कहा—'तुलसी, मुझे माफ़ कर दो।' तुलसी से कुछ बोला ही नहीं गया। राष्ट्रपति ने फिर नम्र स्वर में दोहराया—तुलसी, तुम क्षमा नहीं करोगे क्या? इस बार सेवक और स्वामी दोनों की आंखों में आंसू आ गये। तुलसी उसके बाद आजीवन उनके साथ रहा।

**प्रस्तुति : पूनम पांडे**

## 40 साल पहले

### दैनिक ट्रिब्यून

#### रेल दुर्घटना में 23 यात्री मरे

कलकत्ता, 23 अक्तूबर (युन्यू, प्रेट्र)। आज जिला मुर्शिदाबाद में जंगीपुर के निकट अहीरन में 379-अप कटवा-बरहरवा यात्री गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। इस दुर्घटना में कम से कम 23 व्यक्ति मारे गये तथा 200 से अधिक घायल हो गये। कटवा से बरहरवा जा रही इस रेलगाड़ी के अगले दो डिब्बे पटरी से उतर कर फल्गु नदी में गिर गये तथा अन्य दो डिब्बे नीचे लटक गये। 60 घायलों को निकटवर्ती अस्पतालों में दाखिल कराया गया है। गाड़ी में कुल 10 डिब्बे थे तथा वह दुर्घटना के समय फल्गु नदी के ऊपर पुल से गुजर रही थी।

#### वायुसेना के लिए नये परिवहन विमान

नयी दिल्ली (हिस)। रक्षामंत्री सी. सुब्रह्मण्यम ने आज यहां घोषणा की कि सरकार ने वायुसेना के लिए नये परिवहन विमान प्राप्त करने का फैसला किया है। शीघ्र ही ये विमान वायुसेना में शामिल हो जायेंगे। उन्होंने बताया कि इस संबंध में सोवियत संघ से मास्को में हुई वार्ता में संतोषजनक प्रगति हुई है। भारत ने सोवियत संघ के मध्यम श्रेणी के एएन 32 परिवहन विमान खरीदने की पेशकश की है। इसका भारत में निर्माण भी किया जायेगा।

# चिंताजनक है बढ़ता राजकोषीय घाटा



जयंतीलाल भंडारी



हाल ही में इकोनॉमिक्स के लिए 2019 का नोबेल पुरस्कार प्राप्त करने वाले अभिजीत बनर्जी ने कहा है कि भारतीय अर्थव्यवस्था की रफ्तार घट रही है और सरकार का राजकोषीय घाटा (फिजिकल डेफिसिट) बढ़ रहा है। भारत सरकार को चाहिए कि वह वित्तीय स्थायित्व के बारे में चिंता करने के बजाय अर्थव्यवस्था में मांग बढ़ाने पर पूरी तरह ध्यान दे। इसी तरह इन दिनों देश और दुनिया के अर्थ विशेषज्ञ यह टिप्पणी करते हुए दिखाई दे रहे हैं कि भारत में बढ़ती हुई आर्थिक सुस्ती का मुकाबला करने के लिए सरकार के द्वारा सार्वजनिक व्यय को बढ़ाया जाना चाहिए। इससे जहां उपभोक्ता की क्रय शक्ति बढ़ेगी वहीं उद्योग-कारोबार के लिए नई मांग का निर्माण हो सकेगा। जब अर्थव्यवस्था में मंदी चक्रीय प्रकृति की होती है तो मंदी में ज्यादा खर्च करके अर्थव्यवस्था को गतिशीलता दी जा सकती है।

उल्लेखनीय है कि इन दिनों वैश्विक क्रेडिट रेटिंग एजेंसियां प्रमुखतया मूडीज, स्टैंडर्ड एंड पूअर्स, फिच तथा इंटरनेशनल मोनिटरी फंड ने भारत की विकास दर के अनुमान को घटाया है और भारत के राजस्व घाटा तथा राजकोषीय घाटा में इजाफा होने के विश्लेषण प्रस्तुत किए हैं। 10 अक्तूबर को मूडीज ने कहा है कि भारत में कारपोरेट टैक्स सहित अन्य करों में लगातार छूट दिए जाने तथा कर संग्रह में कमी के कारण चालू वित्तीय वर्ष 2019-20 में सरकार का राजस्व घाटा बढ़ेगा तथा सरकार का राजकोषीय घाटा सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 3.3 फीसदी के निर्धारित लक्ष्य से बढ़कर 4 फीसदी के स्तर पर पहुंच सकता है। ऐसे में बढ़ते हुए राजकोषीय घाटे से महंगाई और क्रेडिट रेटिंग में कमी जैसी नई चिंताएं अर्थव्यवस्था के लिए एक बड़ी चुनौती बन जाएंगी।

निःसंदेह केंद्र सरकार को अपने राजकोषीय घाटे को वित्त वर्ष 2019-20 के पहले पांच महीने में यानी अप्रैल से अगस्त, 2019 तक 5.5 लाख करोड़ रुपये तक सीमित रखने में मदद मिली है। राजकोषीय घाटा अप्रैल से अगस्त 2019 के पांच महीनों में वित्त वर्ष 2019-20 के बजट अनुमान के 78.7 फीसदी पर पहुंच गया है जो एक वर्ष पहले अप्रैल 2018 में 94.7 फीसदी रहा था। राजकोषीय घाटा पिछले वर्ष के मुकाबले कम स्तर पर रहने की बड़ी वजह आरबीआई से केंद्र को 1.47 लाख करोड़ रुपये का अधिशेष मिलना है। इससे सरकार को गैर कर राजस्व हिस्से को बढ़ाने में मदद मिली है। इसके अलावा खर्च में कमी विशेष तौर पर पूंजीगत व्यय में कमी लाने से भी राजकोषीय घाटा पिछले साल के मुकाबले कम हुआ है लेकिन अगस्त 2019 के बाद राजकोषीय घाटा तेजी से बढ़ने की प्रवृत्ति दिखा रहा है।

यद्यपि सरकार ने पूरे वित्त वर्ष 2019-20 के लिये कर संग्रह में पिछले वर्ष की तुलना में 17.5 प्रतिशत वृद्धि का लक्ष्य रखा है, लेकिन यह लक्ष्य प्राप्त होना मुश्किल है। कर संग्रह उम्मीद से कम रहने की वजह मांग में गिरावट और उद्योग-कारोबार को ऐतिहासिक राहत देना भी है। निश्चित रूप से वर्ष 2019-20 के बजट में विभिन्न वर्गों की उम्मीदों को पूरा करने के लिए जो प्रावधान सुनिश्चित हुए हैं, उन पर व्यय तुलनात्मक रूप से अधिक होते हुए दिखाई दे रहे हैं। देश के उद्योग-कारोबार में सुस्ती के मद्देनजर वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह में भी कमी दिखाई दे रही है। सितंबर 2019 में जीएसटी संग्रह घटकर 19 माह के निचले स्तर 91,916 करोड़ रुपये रहा। यह लगातार दूसरा महीना है, जब जीएसटी संग्रह 1 लाख करोड़ रुपये से कम रहा है। सरकार ने जीएसटी से प्रति माह करीब 1.18 लाख करोड़ रुपये संग्रह का लक्ष्य रखा है। ऐसे में जीएसटी राजस्व में कमी से सरकार की चिंता बढ़ गई है। हालांकि पिछले साल के वास्तविक संग्रह में 9 फीसदी की कमी को देखते हुए केंद्रीय जीएसटी संग्रह का लक्ष्य अंतरिम बजट के 6.1 लाख करोड़ रुपये से घटाकर 5.26 लाख करोड़ रुपये किया गया है। उम्मीद से कम राजस्व से केंद्र पर राज्यों के राजस्व नुकसान की भरपाई करने का भी दबाव बढ़ रहा है।

इतना ही नहीं, देश में कर राजस्व में धीमी वृद्धि और कॉरपोरेट कर में कमी से केन्द्र सरकार के साथ-साथ राज्यों को भी झटका लगा है। विगत 20 सितंबर को सरकार द्वारा कारपोरेट टैक्स की दर में कमी से सकल कर राजस्व में 1.45 लाख करोड़ रुपये का घाटा होगा, जिसमें से 60,000 करोड़ रुपये का भार राज्य वहन करेंगे। देश के 16 प्रमुख राज्य अपनी वित्तीय स्थिति बिगड़ने के कारण राजकोषीय संकट के कगार पर खड़े हैं। उन पर एक तरफ धीमी पड़ती राजस्व वृद्धि और दूसरी तरफ हाल में कॉरपोरेट कर में कमी का दोहरा असर पड़ रहा है। ज्यादातर राज्यों को या तो अपने खर्च में कटौती करनी पड़ेगी या उनका राजकोषीय घाटा बढ़ेगा।

निश्चित रूप से राजस्व संग्रह में कमी तथा कारपोरेट करों में कटौती के कारण सरकार के वित्त संसाधनों पर दबाव है। केन्द्र सरकार ने इस वित्त वर्ष में 7.04 लाख करोड़ रुपये उधारी का लक्ष्य रखा है। सरकार चालू वित्त वर्ष के पहले छह महीने में बजट में प्रस्तावित उधारी कार्यक्रम के तहत 4.42 लाख करोड़ रुपये जुटा चुकी है तथा शेष 2.62 लाख करोड़ रुपये दूसरी छमाही में जुटाए जाएंगे। सरकार ने चालू वित्त वर्ष 2019-20 में केवल रुपये में जारी होने वाले बॉन्ड से ही रकम जुटाने की तैयारी की है। सरकार पिछले वर्ष 2018-19 में राजकोषीय घाटा कम करने के लिए रिजर्व बैंक से अंतरिम लाभांश ले चुकी है।

यदि सरकार राजकोषीय घाटे को लक्ष्य के अनुरूप जीडीपी के 3.3 फीसदी के स्तर पर बनाए रखना चाहती है तो सरकार को राजकोषीय घाटे को नियंत्रित करने के लिए रणनीति के साथ आगे बढ़ना होगा। सरकार रिजर्व बैंक के लाभांश के अतिरिक्त विनिवेश को बढ़ाने तथा राष्ट्रीय लघु बचत कोष का अधिक इस्तेमाल करने समेत कुछ अन्य साधनों का भी लाभ ले सकती है। गैर जरूरी आयातित वस्तुओं पर आयात शुल्क का दायरा बढ़ाया जा सकता है। निर्यात बढ़ाने के प्रयास करने होंगे।

सरकार को कर चोरी रोकने के उपायों को अपनाना होगा। बेहतर कर अनुपालन से राजकोषीय घाटे पर काबू के लिए अधिकतम प्रयास करने होंगे। सरकार के द्वारा कुछ ऐसी वस्तुओं एवं सेवाओं पर जीएसटी बढ़ाया जा सकता है जो 0 से 5 फीसदी के दायरे में आती हैं। साथ ही राजस्व संग्रह एवं प्रवर्तन के मामले में राज्यों के जीएसटी तंत्र को केंद्र की तरह सुदृढ़ करके जीएसटी से आमदनी में वृद्धि की जा सकती है। यदि राजकोषीय घाटे को नियंत्रित करने के ऐसे विभिन्न प्रयासों से भी राजकोषीय घाटा नियंत्रित न हो और राजकोषीय घाटा क्रेडिट रेटिंग एजेंसी मूडीज के अनुमान के मुताबिक जीडीपी के 4 फीसदी तक बढ़ता हुआ दिखाई दे तो सुस्ती के दौर से अर्थव्यवस्था को निकालने के लिए इस घाटे को चिंताजनक नहीं माना जाना चाहिए। अभिजीत बनर्जी के हाल ही में दिए इस मत को भी सरकार को ध्यान में रखना चाहिए कि सरकार वित्तीय स्थिरता पर ज्यादा चिंतित होने की बजाय अर्थव्यवस्था में नई मांग का निर्माण करे। सरकार के द्वारा किसानों की आमदनी दुगनी करने, नवीकरणीय ऊर्जा तथा सस्ते आवास से संबंधित ढांचागत नीतियों पर तेजी से काम करना होगा। राजकोषीय घाटे के आकार में कुछ वृद्धि उपयुक्त ही कही जा सकती है। इससे एक ओर आम आदमी की क्रय शक्ति बढ़ेगी, जिससे नई मांग का निर्माण होगा और उद्योग-कारोबार की गतिशीलता बढ़ेगी, वहीं दूसरी ओर बढ़े हुए सार्वजनिक व्यय और सार्वजनिक निवेश से बुनियादी ढांचे को मजबूती मिलेगी।

**लेखक ख्यात अर्थशास्त्री हैं।**

चाहे राजकोषीय घाटा निर्धारित लक्ष्य से अधिक होते हुए दिखाई दे रहा है लेकिन नई मांग के लिए सार्वजनिक व्यय बढ़ाने की जरूरत है। सरकार वित्तीय स्थिरता की बजाय अर्थव्यवस्था में नई मांग पैदा करे और आम आदमी की क्रय शक्ति बढ़ाने के उपाय करे।

शिक्षण संस्थान

# सुधार से ही लौटेगी भारत की सांस्कृतिक विरासत

**मोहन मैत्रेय**

अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर आज ज्ञान-विज्ञान, आईटी, भौतिकी आदि के अन्यान्य क्षेत्रों में जो नये कीर्तिमान स्थापित हुए हैं, उनका लाभ उठाने हेतु विश्वभर के प्रमुख देशों के लगभग 46 लाख विद्यार्थी अपने देश से बाहर अन्य देशों में शिक्षा प्राप्त करने हेतु जाते हैं। इस समय अमेरिका में जाने वाले विद्यार्थियों की संख्या सर्वाधिक ग्यारह लाख है। यूके में विश्वभर से पांच लाख विद्यार्थी शिक्षारत हैं। चीन में शिक्षा हेतु प्रस्थान करने वालों की संख्या भी पांच लाख है। आस्ट्रेलिया, फ्रांस, कैनेडा, रूस तथा जर्मनी में ऐसे लाभार्थी प्रत्येक देश में ढाई लाख हैं। भारत में केवल एक प्रतिशत—45 हजार विद्यार्थी ही शिक्षा प्राप्ति हेतु आते हैं, जबकि भारत के 6.5 लाख से अधिक विद्यार्थी विदेश में इस समय शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। प्रश्न पैदा होता है कि भारत, जो प्राचीनकाल से ज्ञान-विज्ञान का केंद्र रहा है, में अध्ययन हेतु आने वाले विद्यार्थियों की संख्या इतनी कम क्यों है?

भारत में किसी समय तक्षशिला एवं नालन्दा जैसे विश्वविख्यात शिक्षा केंद्र थे। विदेशी छात्र तक्षशिला में विभिन्न भाषाओं, ज्ञान-विज्ञान, ज्योतिष, खगोल विज्ञान, आयुर्वेद आदि के अध्ययन हेतु आते थे। यमुनानगर (हरियाणा) मुख्यालय के पूर्व में अमादलपुर रोड पर प्राचीन गांव सुघ है। पाणिनी ने अपने ग्रन्थ 'कनिष्का' में चर्चा की है कि किसी समय यहां तक्षशिला-नालन्दा जैसा विश्वविख्यात शिक्षा केंद्र था। पुरातत्वविद् जनरल कनिंघम ने भी इसकी पहचान करवाई। दुर्भाग्य से हम अपनी विरासत का संरक्षण नहीं कर पाए।

'यूके', जर्मनी में अध्ययन करो' प्रसारित योजनाओं की भान्ति 'भारत में अध्ययन' की योजना भी प्रचारित-प्रसारित हुई। अप्रैल, 2018 में मानव संसाधन मंत्रालय की पहल तथा गृह मंत्रालय, विदेश मंत्रालय आदि के सहयोग से कार्यक्रम की योजना का श्रीगणेश हुआ। इस वर्ष के केंद्रीय बजट में भी योजना चर्चित हुई। सन् 1950 में 'इंडियन स्टैटिस्टिकल इंस्टीच्यूट' द्वारा प्रायोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में नेपाल, कीनिया, बांग्लादेश, घाना, युगांडा, इथोपिया आदि देशों के विद्यार्थी ही शामिल हुए।



आज विद्यार्थियों एवं अभिभावकों की यह धारणा है कि किसी प्रख्यात विश्वविद्यालय से स्नातक या स्नातकोत्तर डिग्री प्राप्त हो तो सेवारत होने पर अच्छा वेतन मिल सकेगा। अमेरिका, यूके, कैनेडा आदि देशों ने जब भारतीय विद्यार्थियों के लिए शिक्षा के द्वार खोले तो भारतीय माता-पिता एवं अभिभावकों ने व्यय की चिन्ता नहीं की। शिक्षा-निवास आदि हेतु वहां सात से पंद्रह बिलियन डालर व्यय करने पड़े। प्रतिवर्ष बारह से बीस लाख का व्यय होता। रिजर्व बैंक की रिपोर्ट के अनुसार 2013-2018 के मध्य विदेश जाने वाले विद्यार्थियों की संख्या में 44 प्रतिशत वृद्धि हुई।

पंजाब से प्रति वर्ष लगभग एक लाख विद्यार्थी 'स्टडी वीजा' के आधार पर विदेश में पढ़ने जाते हैं। पढ़ाई के साथ काम करके इन विद्यार्थियों ने अपने घरों को लगभग 90 हजार करोड़ की राशि लौटाई है, परन्तु अब स्थिति बदल रही है। काम पढ़ाई के अनुरूप नहीं मिलता। निवास में भी कठिनाई रहती है। इस बदलते माहौल में भी 'स्टडी वीजा' व्यवस्था करने वाली एजेंसियां भरपूर कमाई कर रही हैं।

भारत में अंग्रेजों के शासन से पूर्व यवनों के समय से अरबी-फारसी की शिक्षा मस्जिदों में तथा हिन्दी-संस्कृत की पढ़ाई मन्दिरों में होती थी। विल्सन प्राचीन शिक्षा प्रणाली के पक्षधर थे, परन्तु लार्ड मैकाले तथा राजा राममोहन राय की हठधर्मिता पर पश्चिमी शिक्षा प्रणाली (अंग्रेजी शिक्षा) लागू करने का निर्णय हुआ। आर्य समाज के संस्थापक स्वामी दयानन्द ने गुरुकुल प्रणाली तथा भारतीय परम्परा अनुसार डीएवी स्कूलों की स्थापना की। सनातनधर्मी तथा अन्य वर्गों ने भी शिक्षण संस्थाएं स्थापित कीं। आज एक ओर तो सरकारी स्कूल हैं जहां की स्थिति अत्यन्त दयनीय है, तो दूसरी ओर ऐसे स्कूल जहां भारी-भरकम फीस तथा अन्य सुविधाओं के लिए अतिरिक्त वसूली।

प्राचीन गुरुकुल शिक्षा पद्धति में जब शिष्य से प्रश्न किया—कौन पढ़ता है? तो उत्तर था—जो लिखता है। कंप्यूटर एवं टेबलेट के युग में लिखने का प्रश्न कहां? इसी कारण स्नातकोत्तर योग्यता प्राप्तकर्ता कई बार नौकरी हेतु सही ढंग से प्रार्थनापत्र भी नहीं लिख पाते। पुस्तकों का स्थान 'नोट्स' ने ले लिया है। किसी समय लाहौर स्थित पंजाब यूनिवर्सिटी का दिल्ली तक साम्राज्य था। आज यहां पढ़ाई कम, तमाशा अधिक होता है। दीनदयाल उपाध्याय का सुझाव था कि सरकार आर्थिक सहायता दे, परन्तु शिक्षा-व्यवस्था शिक्षाविदों के हाथ हो। आज प्रत्येक यूनिवर्सिटी में राजनीति प्रधान है। नयी-नयी यूनिवर्सिटियां खुल रही हैं, अध्ययन केंद्र नहीं—डिग्री देने की फैक्टरियां। यहां से मिलने वाली उच्च उपाधियां चपरासी, क्लर्क आदि के पद भी नहीं दिलवातीं। ऐसी स्थिति में विदेश स्टडी-वीजा ही विकल्प बनता है। वर्तमान अव्यवस्था में आमूल सुधार ही भारत की सांस्कृतिक विरासत को लौटा सकता है। कार्यसिद्धि हेतु दृढ़ संकल्पना और इच्छा-शक्ति चाहिए तथा 3.8 प्रतिशत जीडीपी (शिक्षा) में वृद्धि!

भारत में किसी समय तक्षशिला एवं नालन्दा जैसे विश्वविख्यात शिक्षा केंद्र थे पर आज लाखों विद्यार्थी शिक्षा प्राप्त करने के लिए विदेश जाते हैं। वजह, विश्वविद्यालयों में होती राजनीति। जरूरत है शिक्षा व्यवस्था शिक्षाविदों के हाथ में देने की, तभी पुराना वैभव लौट सकेगा।

तिरछी नज़र

# कन्फ्यूज्ड जनता और इधर-उधर होते नेता

**शमीम शर्मा**

गांव में 98 साल के एक बूढ़े आदमी की मृत्यु के दो दिन बाद जब समाचार मिलता है कि उसी गांव के मंदिर का एक संन्यासी भी 32 साल की उम्र में ही चल बसा तो आम आदमी कन्फ्यूज हो जाता है कि योग करें या भोग करें। यही कन्फ्यूजन आम आदमी को चुनावों के समय भी हो जाता है कि वह पार्टी के नाम पर वोट दे या व्यक्ति के नाम पर या जाति व धर्म के नाम पर।

हर विद्यार्थी परीक्षाओं के बाद नई कक्षा में आने पर सोचता है कि इस बार वह शुरू से ही पढ़ाई शुरू करेगा पर वह शुरुआत कभी नहीं आती । इसी प्रकार जनता भी हर चुनाव के बाद सोचती है कि इस बार बढ़िया चरित्रवान नेता को ही चुनेगी पर वह चुनाव कभी नहीं होता क्योंकि हर बार जनता चुनाव चिन्ह का वह बटन दबा आती है, जिससे उसके स्वार्थों की सिद्धि होती हो।

हरियाणा में इस बार चुनाव प्रचार अभियान की खासियत यह रही कि गांव के ख़ाली-ठाली युवाओं से लेकर कामकाजी युवाओं तक प्रचार में कुछ ज्यादा ही उछलकूद करते रहे। चुनावी रंग में मगन एक लड़के से जब किसी ने पूछा—हां रै तैं किसका सै तो जवाब मिला कि मैं खट्टर का सूं। वैसे इस बार का चुनाव पाला-पलट चुनाव था। वोटिंग से पहले वाली रात तक भी नेता इधर से उधर सरकते रहे और उनके घरों पर लगे झंडे-डंडे बेचारे असमंजस में पड़ गए कि उनका क्या होगा। जिस प्रकार छोटा बच्चा एक खिलौने से ऊब जाने पर उसे तोड़मरोड़ कर फेंक देता है, उसी प्रकार नेता भी अपने आका और पार्टियों से ऊबते रहे और झंडों-डंडों को तोड़मरोड़ कर फेंकते व बदलते रहे।

नतीजे घोषित होने वाले दिन सुबह-सुबह अखबार में जिन नेताओं के राशिफल में लिखा होगा कि आज ऊंचाइयां छूने का योग है तो शाम तक उनमें से बहुत अपने घर के जाले और रोशनदान साफ करते मिलेंगे। ऐसे नेताओं का आधार खिसकते समय नहीं लगेगा और बेचारे कई दिनों तक उधार चुकाने में जुटे रहेंगे। इस बार के चुनावों की खासियत यह है कि हवा किसी की थी, रुझान किसी और का और जीत कोई तीसरा तेल्ली ही जाएगा।

000

एक बर की बात है अक वोट घाल्ले पाच्छै नत्थू नैं अपणे नेताजी तैं रात नैं फोन करकै पूच्छया—और जनाब के-के ठाठ हो रहे हैं तो जवाब मिल्या अक मैं तो नेट पर बैठ्या हूं। नत्थू बोल्या—मैं भी सोचूं हूं अक यो नेट आज स्लो क्यूं चल रह्या है।

जनता भी हर चुनाव के बाद सोचती है कि इस बार बढ़िया चरित्रवान नेता को ही चुनेगी पर हर बार जनता चुनाव चिन्ह का वह बटन दबा आती है, जिससे उसके स्वार्थों की सिद्धि होती हो।

## आपकी राय

### भरोसा पैदा करें

पिछले समय से कुछ बैंकों में घोटालों की जो खबरें सामने आईं हैं, उन्होंने सोचने पर मजबूर कर दिया है कि बैंकों पर भी घोटालों का काला साया छा गया है। लोगों का पैसा यहां भी सुरक्षित नहीं है। मोदी सरकार ने अपनी पहली पारी में नोटबंदी की तब पीएनबी का महाघोटाला सामने आया और अब पंजाब-महाराष्ट्र कोऑपरेटिव बैंक के घोटाले ने तो देश की सारी बैंकिंग व्यवस्था को ही कठघरे में खड़ा कर दिया है। बेशक रिजर्व बैंक ने भरोसा दिलाया है कि बैंकों में रखा आमजन का पैसा सुरक्षित है लेकिन रिजर्व बैंक जो कुछ भी बयान दे, लेकिन यहां सवाल खड़ा होता है कि जब सभी बैंक रिजर्व बैंक के अधीन हैं तो फिर यह घोटाले आखिर हो कैसे गये? क्या बैंकों की कार्यप्रणाली की समय-समय पर जांच नहीं की जाती?

**राजेश कुमार चौहान**, जालंधर

### अशांति फैलाने का प्रयास

अभी बंगाल के प्रकाश पाल के परिवार की जघन्य हत्या का आक्रोश थमा भी नहीं था कि लखनऊ में हिन्दू नेता कमलेश तिवारी की नृशंस हत्या हो गई। असामाजिक ताकतें देश में अशांति फैलाने के लिए हिन्दू नेताओं को टारगेट कर रही हैं। आखिर कब तक हिन्दू नेताओं व परिवारों का रक्त बहेगा? बुद्धिजीवी वर्ग अब भी मौन है। किसी वर्ग विशेष के व्यक्ति के मरने पर ही संविधान और लोकतंत्र खतरे में होते हैं। दुर्जनों को दण्ड देना आवश्यक हो गया है, अपराधियों के बढ़ते हौसले कठोर निर्णय लेने की आवश्यकता को बल दे रहे हैं।

**मंगलेश सोनी**, धार, मध्यप्रदेश

### तुच्छ मानसिकता

देश की पहली निजी तेजस एक्सप्रेस से जुड़ी ऐसी खबरें सामने आ रही हैं, जिसमें तेजस में काम करने वाली होस्टेस के साथ सफर करने वाले पुरुष यात्री अनैतिक व्यवहार कर रहे हैं। कुछ यात्री तो होस्टेस से उनका मोबाइल नम्बर तक मांग रहे हैं। ऐसा व्यवहार करके वे लोग तुच्छ मानसिकता का परिचय दे रहे हैं। बेहतर होगा कि सिर्फ होस्टेस ही नहीं, बल्कि प्रत्येक महिला का सम्मान हो।

**विजय महाजन**, रोहिणी, दिल्ली

**संपादकीय पृष्ठ पर प्रकाशनार्थ लेख इस ईमेल पर भेजें :-**
dtmagzine@tribunemail.com

### ब्रिटिश पीएम जॉनसन ने बिल पर लगाया 'अल्पविराम'

# ब्रेग्जिट विधेयक पारित लेकिन समय सीमा खारिज

लंदन, 23 अक्तूबर (एजेंसी)

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने ब्रेग्जिट समझौते पर उस समय 'अल्पविराम' लगा दिया जब सांसदों ने उनके ब्रेग्जिट विधेयक को 299 के मुकाबले 329 मतों से पारित कर दिया लेकिन इससे जुड़े उस अहम प्रस्ताव को खारिज कर दिया जिसमें 31 अक्तूबर तक यूरोपीय संघ के बाहर होने की बात की गई थी। दो महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर ब्रिटेन की संसद में मंगलवार को मतदान होने के बाद जॉनसन ने कहा, 'मैं इस बात से निराश हूं कि सदन ने समझौते के साथ 31 अक्तूबर तक ब्रिटेन के यूरोपीय संघ से बाहर होने की गारंटी देने वाली समयसीमा के बजाए इसमें देरी के लिए मतदान किया है। अब हमारे सामने और अनिश्चितता है।' जॉनसन ने कहा, 'ईयू को अपना मन बना लेना चाहिए कि उसे संसद के देरी के अनुरोध का क्या उत्तर देना है।

सरकार को एकमात्र जिम्मेदार मार्ग अपनाना चाहिए और कोई समझौता नहीं होने के परिणाम की अपनी तैयारियां तेज कर देनी चाहिए। ईयू के किसी फैसले पर पहुंचने तक हम विधेयक पर अल्पविराम लगाएंगे।'



लंदन में ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जानसन संसद में अपनी बात रखते हुए।- एपी

इस बीच, यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष डोनाल्ड टस्क ने कहा कि वह ईयू नेताओं से ब्रेक्जिट की समयसीमा को आगे बढ़ाने की सिफारिश करेंगे। टस्क ने ट्वीट किया, 'प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन के (ईयू से) बाहर निकलने के समझौते को अल्पविराम देने के फैसले के बाद और बिना समझौते के ब्रेग्जिट से बचने के लिए मैं ईयू के सदस्य देशों से अपील करूंगा कि वे समयसीमा बढ़ाने का ब्रिटेन का अनुरोध स्वीकार करें। इसके लिए मैं लिखित प्रक्रिया शुरू करूंगा।' फ्रांस ने भी कहा कि वह ब्रेग्जिट की समयसीमा के 'कई दिनों के तकनीकी' विस्तार के लिए तैयार है लेकिन उसने जॉनसन और ब्रसेल्स के बीच हुए समझौते पर फिर से वार्ता करने पर इनकार कर दिया।

महाभियोग

## राजनयिक की गवाही ट्रम्प को पड़ेगी भारी

वाशिंगटन, 23 अक्तूबर (एजेंसी)

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प पर महाभियोग लगाने के लिए डेमोक्रेटिक सांसदों का पक्ष उस समय मजबूत हो गया जब यूक्रेन में शीर्ष अमेरिकी राजनयिक ने गवाही दी कि व्हाइट हाउस ने 'घरेलू राजनीतिक वजहों' के चलते कीव को दी जाने वाली सहायता पर रोक लगा दी थी। बिल टेलर ने मंगलवार को सांसदों से कहा कि यूरोपीय संघ में वाशिंगटन के राजदूत ने लगातार कहा कि ट्रम्प ने यूक्रेन के अपने समकक्ष से 2020 के अमेरिकी राष्ट्रपति पद के लिए दावेदार जो बिडेन के खिलाफ जांच करने की मांग की थी। अमेरिकी मीडिया में लीक हुई टेलर की सनसनीखेज गवाही ने उन आरोपों को बल दिया है कि ट्रम्प ने अमेरिका में अपने राजनीतिक आयामों को मजबूत करने के लिए यूक्रेन पर गैरकानूनी रूप से दबाव बनाया। इस सबूत से महाभियोग के उन आरोपों को समर्थन मिल सकता है कि ट्रम्प ने अपने पद का दुरुपयोग किया, अमेरिकी चुनाव कानूनों का उल्लंघन किया और कांग्रेस की जांच में गैरकानूनी रूप से बाधा डाली। इस मामले का पर्दाफाश सितंबर में हुआ था जब व्हिसलब्लोअर की शिकायत सामने आयी थी।

## खुदाई में निकला 1500 साल पुराने चर्च का फर्श



इस्राइल के बेइत शेमेश शहर में पुरातत्वविद् टिमना गोल्बिन (बाएं) 3 साल की खुदाई के बाद मिले बीजान्टिन साम्राज्य के ईगल प्रतीक वाले 1500 साल पुराने मोजेक चर्च का फर्श दिखाते हुए। यह शानदार फर्श ग्रीक शिलालेखों से सजा हुआ है। -एएफपी

## बोइंग ने वाणिज्यिक विमान विभाग प्रमुख को हटाया

न्यूयॉर्क, 23 अक्तूबर (एजेंसी)

बोइंग ने अपने वाणिज्यिक विमान विभाग के प्रमुख को हटा दिया है। सात महीने पहले कंपनी के 737-मैक्स विमान पर दुनियाभर में उड़ान भरने से रोक लगाने के संकट में घिरने के बाद यह अहम विदाई है। कंपनी ने अपने तिमाही परिणामों की घोषणा से एक दिन पहले एक बयान में जानकारी दी कि नवंबर 2016 से उसके वाणिज्यिक विमान विभाग के प्रमुख केविन मैकएलिस्टर को तत्काल प्रभाव से हटा दिया गया है। स्टैन डील मैकएलिस्टर का स्थान लेंगे। वह वर्तमान में कंपनी के वैश्विक सेवाओं के प्रमुख हैं।

## इटली में बिल्लियों ने बचाई दंपति की जान

रोम, 23 अक्तूबर (एजेंसी)

इटली में बिल्लियों की वजह से एक दंपति की जान बाल-बाल बच गई। इटली में भूस्खलन के दौरान एक दंपति अपने घर में सोया हुआ था। इस दौरान उनकी दो बिल्लियों ने समय रहते उन्हें जगा दिया, जिससे उनकी जान बाल-बाल बच गई। क्लॉदियो पियाना ने 'सेकोलो XIX ' समाचार पत्र को बताया कि हमारी बिल्लियों सिंबा और मोस ने शोर मचाकर मेरी पत्नी को जगा दिया। उन्होंने कहा कि मेरी पत्नी ने देखा कि वे उसी वक्त छत से गिरे प्लास्टर के एक टुकड़े से खेल रही थीं। इस दौरान उनकी नजर दीवारों में आईं दरारों पर पड़ी। इटली के लिंगुरिया क्षेत्र में भारी बारिश के चलते नदियों का पानी उफान पर है, जिसके चलते भूस्खलन हुआ और एक पुल भी बह गया। पियाना और उनकी पत्नी सबरीना सोमवार रात कैंपो लीगर में अपने घर में सोने गए थे, वे बात से अंजान थे कि उनका घर भी भूस्खलन की चपेट में आ सकता है। भूस्खलन के दौरान जान बचाने के लिये वे कार की ओर भागे, लेकिन कीचड़ में फंस गए। इस दौरान बचाव कर्मियों ने उन्हें बचा लिया। दंपति के बाहर निकलते ही उनका मकान ढह गया।

### शोध में बैक्टीरिया संक्रमण के खिलाफ दवा प्रभावी साबित

# आयुर्वेदिक एंटीबायोटिक दवा 'फीफाट्रोल' को एम्स की हरी झंडी

नई दिल्ली, 23 अक्तूबर (ट्रिन्यू)

अत्यधिक इस्तेमाल से बेअसर हो रही एलोपैथी की एंटीबायोटिक दवाओं का विकल्प आयुर्वेद में मौजूद है। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) भोपाल के अध्ययन में एक आयुर्वेदिक एंटीबायोटिक दवा फीफाट्रोल एक प्रमुख बैक्टीरिया संक्रमण के खिलाफ प्रभावी साबित हुई है। शोधकर्ता टीम के प्रमुख और एम्स भोपाल के निदेशक डॉ. समरन सिंह के बताया कि फीफाट्रोल में बैक्टीरिया के खिलाफ लड़ने की क्षमता देखी गई है। एम्स भोपाल ने शोध में पाया कि फीफाट्रोल स्टैफिलोकोकस प्रजाति के बैक्टीरिया के खिलाफ बेहद असरदार है। स्टैफिलोकोकस बैक्टीरिया त्वचा, श्वसन तथा पेट संबंधी संक्रमण के लिए जिम्मेदार हैं। आयुर्वेद विशेषज्ञ डॉ. रामनिवास पराशर के अनुसार शोध साबित करता है कि आयुर्वेद में एंटीबायोटिक दवाओं का विकल्प मौजूद है, जो पूरी तरह से जड़ी-बूटियों पर आधारित है। सरकार को इस दिशा में फोकस करना चाहिए। दरअसल, एलोपैथी की एंटीबायोटिक दवाओं के अत्यधिक इस्तेमाल से अब उनके खिलाफ बैक्टीरिया में प्रतिरोधक क्षमता पैदा हो रही है। एमिल फार्मास्यूटिकल्स की निर्मित फीफाट्रोल 13 जड़ी-बूटियों से तैयार एक एंटी माइक्रोबियल सोल्यूशन है, जिसमें पांच बूटियों की प्रमुख हिस्सेदारी तथा 8 के अंश मिलाये गये हैं। इनमें सुदर्शन वटी, संजीवनी वटी, गोदांती भस्म, त्रिभुवन कीर्ति रस तथा मृत्युंजय रस हैं जबकि 8 अन्य औषधीय अंशों में तुलसी, कुटकी, चिरयात्रा, मोथा, गिलोय, दारुहल्दी, करंज तथा अप्पामार्ग शामिल हैं।

## ब्रिटेन में ट्रक से मिली 39 लाशें

लंदन, 23 अक्तूबर (एजेंसी)

ब्रिटिश पुलिस ने बुधवार को लंदन के समीप एक ट्रक के कंटेनर से 39 शव मिलने का सनसनीखेज खुलासा किया। माना जा रहा है कि यह ट्रक बुल्गारिया से आया था। एस्सेक्स पुलिस ने बताया कि लंदन के पूर्व ग्रेयज में औद्योगिक पार्क में घटनास्थल पर पाए गए लोगों को मृत घोषित कर दिया गया है। प्रारंभिक संकेतों से पता चलता है कि मृतकों में 38 वयस्क और एक किशोर है। प्राप्त जानकारी के अनुसार हत्या के संदेह में उत्तरी आयरलैंड के 25 वर्षीय एक व्यक्ति को गिरफ्तार भी किया गया है। एस्सेक्स पुलिस के मुख्य अधीक्षक एंड्रयू मैरिनर ने एक बयान में कहा, 'यह बहुत दुखद घटना है जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने अपनी जान गंवा दी।' उन्होंने कहा, 'हम जांच कर रहे हैं कि यह घटना कैसे हुई।' पुलिस ने बताया कि वाटरग्लेड इंडस्ट्रियल पार्क में ट्रक के कंटेनर के भीतर लोगों के पाए जाने के बाद एम्बुलेंस सेवा ने उन्हें सूचना दी। मैरिनर ने कहा, 'हम पीड़ितों की पहचान कर रहे हैं। हालांकि मुझे लगता है कि यह लंबी प्रक्रिया हो सकती है। हमारा मानना है कि यह ट्रक बुल्गारिया से आया।' उन्होंने बताया कि ऐसा माना जा रहा है कि ट्रक ने शनिवार को ब्रिटेन में प्रवेश किया।



लंदन के समीप बुधवार को उस कंटेनर के पास खड़े फोरेंसिक अधिकारी, जिसमें 39 शव मिले।-एपी

## सर्व धर्म समभाव !



वेटिकन सिटी में बुधवार को हुई एक अंतर-धार्मिक बैठक के अवसर पर विभिन्न धर्मानुयायियों के साथ खड़े पोप फ्रांसिस। यह बैठक पोप के साप्ताहिक संबोधन के मौके पर हुई थी।-एपी

### आईएमएफ को उम्मीद

## अगले साल 7 प्रतिशत रह सकती है भारत की वृद्धि दर

सिंगापुर, 23 अक्तूबर (एजेंसी)

अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) ने अगले साल भारत की आर्थिक वृद्धि दर सुधरकर 7 प्रतिशत पर पहुंच जाने का अनुमान जताया है। मौद्रिक नीति के जरिये प्रोत्साहन और कंपनी कर में कटौती जैसे उपायों से आर्थिक वृद्धि में तेजी आने की उम्मीद है। आईएमएफ के एशिया प्रशांत विभाग के उप-निदेशक जोनाथन ओस्ट्री ने संवाददाताओं से कहा, 'भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर अगले वित्त वर्ष (2020-21) में सात प्रतिशत के आसपास रहने की संभावना है। चालू वित्त वर्ष में इसके 6.1 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया है। मौद्रिक नीति प्रोत्साहन जैसे उपायों से आर्थिक वृद्धि को गति मिलेगी।'

हाल की तिमाहियों में भारतीय अथर्व्यवस्था की नरमी के बारे में ओस्ट्री ने कहा, 'वास्तव में इससे आईएमएफ समेत हममें से कइयों को अचंभा हुआ।' उन्होंने कहा, 'नरमी का कोई एक कारण नहीं है ... इसके कई कारण हैं। इनमें कंपनी तथा नियामकीय माहौल को लेकर अनिश्चितताएं, गैर-बैंकिंग वित्तीय क्षेत्र में दबाव तथा ग्रामीण क्षेत्र में दबाव समेत अन्य कारण हैं।' आईएमएफ की एक रिपोर्ट के अनुसार भारत की सेवा क्षेत्र में सफलता उल्लेखनीय है। यह दुनिया की सूचना और संचार प्रौद्योगिकी सेवा निर्यात को साझा करता है जो एक दशक में तीन गुना हो गया है। जहां 2000 में यह 6.3 प्रतिशत था वह 2010 में 17.8 प्रतिशत हो गया।

## शव यात्रा में हंगामा, 200 पर केस, 33 गिरफ्तार

मुंबई, 23 अक्तूबर (एजेंसी)

मुंबई में एक व्यक्ति की शव यात्रा के दौरान हिंसा के मामले में पुलिस ने करीब 200 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए 33 लोगों को गिरफ्तार कर लिया। यह एक ऐसे व्यक्ति की शव यात्रा थी जिसकी 17 साल की बेटी लापता थी और उसकी कोई जानकारी नहीं मिलने पर उसने आत्महत्या कर ली थी। एक अधिकारी ने बताया कि हिंसा के दौरान कम से कम 7 पुलिसकर्मी इसमें घायल हो गए। पिछले हफ्ते, पंचाराम रिठाडिया (44) ने तिलक नगर रेलवे स्टेशन के निकट रेलगाड़ी के आगे कूद कर कथित तौर पर आत्महत्या कर ली थी। वह कई महीनों से लापता अपनी 17 वर्षीय बेटी का पता नहीं लगने के कारण परेशान था। सुसाइड नोट में उसने पुलिस पर मदद न करने का आरोप लगाया था।

### बिशप फ्रैंको पर रेप का मामला

## नन ने महिला आयोग, एनएचआरसी में की शिकायत

कोट्टायम (केरल), 23 अक्तूबर (एजेंसी)

बिशप फ्रैंको मुलक्कल के खिलाफ बलात्कार का मामला दर्ज कराने वाली एक नन ने राष्ट्रीय एवं राज्य महिला आयोग और राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) का रुख करते हुए आरोप लगाया है कि पादरी तथा उनके समर्थक विभिन्न ऑनलाइन मंचों के जरिये उसे 'परेशान' कर रहे हैं। नन ने अपनी शिकायतों में आरोप लगाया कि बिशप और उनके समर्थक सोशल मीडिया और यूट्यूब चैनलों के माध्यम से उसे और मामले में गवाह उसकी साथी ननों को अपमानित कर रहे हैं।

नन ने राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग से की गई अपनी शिकायत में कहा, 'यौन उत्पीड़न की शिकायत करने के बाद से, मुझे विभिन्न मंचों पर अपमानित किया गया है।' उसे और उसकी साथी ननों को चरित्र हनन का सामना करना पड़ रहा है। नन ने एनएचआरसी और महिला आयोगों से कानून का उल्लंघन करने वाले लोगों के खिलाफ 'गंभीर कार्रवाई' करने और उसे तथा उसकी साथी ननों को न्याय दिलाने की अपील की। पिछले वर्ष जून में कोट्टायम पुलिस को दी अपनी शिकायत में नन ने आरोप लगाया था कि बिशप मुलक्कल ने मई 2014 में कुराविलांगड में एक अतिथि गृह में उसके साथ बलात्कार किया और बाद में कई मौकों पर उसका यौन उत्पीड़न किया। पुलिस ने बिशप को गिरफ्तार किया था। मुलक्कल ने इन आरोपों को 'निराधार और मनगढ़ंत' बताया था।

# जिंदगी लाइव

## जाह्नवी और अंगद ने पूरी की 'गुंजन सक्सेना : द करगिल गर्ल'



**मुंबई (एजेंसी)** : फिल्म 'धड़क' से बॉलिवुड करियर की शुरुआत करने वाली जाह्नवी कपूर अब फिल्म 'गुंजन सक्सेना : द करगिल गर्ल' में नजर आएंगी। इंडियन एयरफोर्स पायलट गुंजन सक सेना की बायोपिक में जाह्नवी कपूर एयरफोर्स की वर्दी पहने हुए युद्ध करते हुए देखेंगे। बताया जाता है कि फिल्म की शूटिंग भारत और जॉर्जिया में हुई है। गुंजन सक सेना 1999 में युद्ध क्षेत्र में प्रवेश करने वाली पहली महिला लड़ाकू विमान चालकों में से एक थीं। फिल्म जाह्नवी के ऑन स्क्रीन भाई बने हैं अंगद बेदी। इस साल की शुरुआत में फिल्म के पोस्टर का एक सेट रिलीज किया था। शरण शर्मा के निर्देशन वाली इस फिल्म में पंकज त्रिपाठी जाह्नवी के पिता के और नीना गुप्ता मां के किरदार में नजर आएंगी। फिल्म में रजत बरमेचा, विजय वर्मा, मनु ऋषि और हर्ष छाया भी महत्वपूर्ण किरदारों में हैं।

## 'महान पटकथाओं से ही महान फिल्में'

**मुंबई (एजेंसी)** : अदाकारा कल्कि कोचलीन का कहना है कि वह अपने हर किरदार को निभाने से पहले उसके बारे में पूरी रिसर्च करती हैं। 21वें जियो एमएएमआई मुंबई फिल्म समारोह में 'द ब्लैक लिस्ट' की संस्थापक फ्रैंकलिन लियोनार्द के साथ बातचीत में अभिनेत्री ने पटकथाएं चुनने के तरीके के बारे में बताया। कल्कि ने कहा, 'महान पटकथाओं से ही महान फिल्में बनती हैं। मुझे लगता है कि फिल्म के विषय के बारे में रिसर्च करना किरदार की बारीकियां समझने के लिए बहुत महत्वपूर्ण होता है।' 'सेक्रेड गेम्स' की अभिनेत्री ने लियोनार्द के साथ पटकथा लेखन, भारत में फिल्म निर्माण और हॉलीवुड में भारतीय सिनेमा के भविष्य जैसे विषयों पर चर्चा की।





नयी दिल्ली में बुधवार को अपनी आगामी फिल्म 'सांड की आंख' की प्रोमोशन को पहुंचीं अभिनेत्रियां तापसी पन्नू और भूमि पेडनेकर मस्ती के मूड में।-प्रेट्र

## 'हाउसफुल 4' है - हाउस ऑफ फूल्स

**मुंबई (एजेंसी)** : लोगों को मल्टीस्टारर फिल्म 'हाउसफुल 4' का बेसब्री से इंतजार है। शुक्रवार को रिलीज हो रही फिल्म से जुड़े लोग जोरशोर से प्रचार में जुटे हैं। फिल्म के ऐक्टर्स सोशल मीडिया पर कुछ न कुछ शेयर कर रहे हैं। हाल ही में अक्षय ने रितेश को चैलेंज किया कि वह बीच रोड पर बाला डांस करके दिखाएं। इस पर रितेश ने न सिर्फ डांस किया बल्कि उसका विडियो अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर भी शेयर किया। इसके बाद अब अक्षय कुमार ने 'हाउसफुल 4' की टीम की एक फनी तस्वीर शेयर की है। इस तस्वीर के साथ उन्होंने लिखा, 'हाउसफुल ऑफ फूल्स।'



## 'डिजिटल मुद्रा 'लिब्रा' से बढ़ेगा अमेरिकी दबदबा'

**वाशिंगटन (एएजेंसी)** : फेसबुक की प्रस्तावित डिजिटल मुद्रा 'लिब्रा' एक तरफ दुनियाभर में अमेरिका के वित्तीय दबदबे का विस्तार करेगी, वहीं वैश्विक स्तर पर नकदी की तंगी से जूझ रहे लोगों की मदद भी करेगी। फेसबुक के मुख्य कार्यकारी मार्क जुकरबर्ग ने विधिनिर्माताओं के समक्ष दिए जाने वाले अपने बयान में यह बात कही। अमेरिका की प्रतिनिधि सभा की वित्तीय सेवा समिति द्वारा समन किए गए जुकरबर्ग ने बुधवार को पेश होने से एक दिन पहले यह बयान जारी किया। वह बुधवार को दूसरी बार अमेरिका की कांग्रेस के समक्ष पेश हुए। उल्लेखनीय है कि दुनिया की सबसे बड़ी सोशल नेटवर्किंग साइट फेसबुक की योजना एक डिजिटल मुद्रा 'लिब्रा' पेश करने की है। इसे लेकर उसे अमेरिका और यूरोप में नियामकों और कानून निर्माताओं के प्रतिरोध का सामना करना पड़ रहा है। अपने तैयार बयान में जुकरबर्ग ने कहा, 'चीन आने वाले महीनों में इसी तरह की मुद्रा जारी करने पर तेजी से काम कर रहा है। लिब्रा को डॉलर का समर्थन होगा और मेरा मानना है कि यह दुनिया में अमेरिका के वित्तीय दबदबे के साथ-साथ हमारे लोकतांत्रिक मूल्यों को भी विस्तार देगी।'



मुंबई में बुधवार को आने वाली फिल्म 'दबंग-3' के ट्रेलर लांच के दौरान अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा और सलमान खान मीडिया से रूबरू हुए।- एएफपी

## दूसरे देशों, राज्यों में पासपोर्ट बनवाकर भाग रहे विदेश

# गैंगस्टरों ने उड़ायी पंजाब पुलिस की नींद

दविंदर पाल/ट्रिन्यू
चंडीगढ़, 23 अक्तूबर (ट्रिन्यू)

पंजाब के गैंगस्टरों द्वारा देश के दूसरे राज्यों और विदेशों में पासपोर्ट बनवाकर विदेश भाग जाने के मामलों ने पंजाब पुलिस के लिए नयी चुनौती खड़ी कर दी है। सूत्रों की मानें तो पंजाब पुलिस को अब तक मिली जानकारी के अनुसार गैंगस्टर गुरजीत सिंह लाडा ने उत्तर प्रदेश के बरेली में, दविंदर सिंह बिट्टा ने गुजरात के अहमदाबाद में, गोपी घनशामपुरिया ने बरेली में पासपोर्ट के लिए आवेदन किया था लेकिन पुलिस को इस बारे में समय रहते पता चल गया। इसी तरह सुखप्रीत सिंह बुड्ढा ने दुबई स्थित दूतावास से पासपोर्ट का रीन्यूअल करवा लिया। पंजाब पुलिस ने केंद्रीय खुफिया एजेंसियों की मदद से सुखप्रीत सिंह बुड्ढा और गौरव पटियाल को अर्मेनिया से गिरफ्तार भी कर लिया है। दोनों गैंगस्टर फिलहाल अर्मेनिया की पुलिस की हिरासत में हैं और उन्हें भारत लाने के प्रयास किये जा रहे हैं। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक गैंगस्टरों द्वारा पासपोर्ट हासिल कर विदेश भाग जाना पुलिस के लिए नयी चुनौती है। पुलिस की जांच के दौरान यह बात सामने आई है कि गुरजीत सिंह लाडा और दविंदर सिंह ने अपनी असल पहचान छिपा कर दूसरे नामों से पासपोर्ट हासिल किये। सुखप्रीत बुड्ढा का एक से अधिक बार दुबई जाना पुलिस के लिए बड़ी चिंता का विषय बन गया है। गैंगस्टर दुबई से पासपोर्ट का रीन्यूअल करवा कर अर्मेनिया चला गया। वह दुबई से एक बार भारत वापस भी आया लेकिन राज्य तथा केंद्रीय खुफिया एजेंसियों को इसकी भनक तक नहीं लगी। गौरव पटियाल अपने भाई सौरव ठाकुर के पासपोर्ट पर विदेश दौरे पर गया।

पंजाब पुलिस के अधिकारियों का कहना है कि गैंगस्टरों द्वारा नाम बदलकर पासपोर्ट हासिल करना गंभीर मामला है क्योंकि पासपोर्ट आम आदमी को आसानी से हासिल नहीं होता है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी इस मुद्दे पर विदेश मंत्रालय तथा केंद्रीय खुफिया एजेंसियों के संपर्क में हैं। अधिकारियों के मुताबिक इस समय एक दर्जन के करीब गैंगस्टर हैं जो पुलिस के हाथ नहीं आये हैं जबकि आधा दर्जन के करीब गैंगस्टर पुलिस के साथ मुठभेड़ों में मारे जा चुके हैं।

### जेल में बजेगी गैंगस्टर की शादी की शहनाई

**मोगा (ट्रिन्यू) :** पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के आदेश पर उच्च सुरक्षा वाली नाभा जेल में 30 अक्तूबर को दोहरे हत्याकांड में उम्रकैद की सजा काट रहे मोगा जिले के गांव दौधर के नामी गैंगस्टर मनदीप सिंह उर्फ धरू की शादी की शहनाइयां बजेंगी। हाईकोर्ट ने नाभा जेल काम्प्लैक्स में कर्मचारियों के रिहायशी क्वार्टरों के पास बने गुरुद्वारे में शादी की रस्में पूरी करने के आदेश दिये हैं। आदेशों के मुताबिक सुबह 10 बजे से 6 घंटे के भीतर पुलिस सुरक्षा में शादी की रस्में पूरी करनी होंगी। शादी में दूल्हे के परिजनों के अलावा दुल्हन के रिश्तेदारों को भी शामिल होने और फोटोग्राफी की इजाजत दी गई है।

## अमरेंद्र ने गेहूं के समर्थन मूल्य में वृद्धि को बताया अपर्याप्त

चंडीगढ़, 23 अक्तूबर (ट्रिन्यू)

पंजाब के मुख्यमंत्री कैप्टन अमरेंद्र सिंह ने केंद्र सरकार की ओर से गेहूं के समर्थन मूल्य में की गई 85 रुपए की वृद्धि को अस्वीकार कर दिया है। एक बयान में मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाब में किसान पहले ही संकट के दौर से गुजर रहा है और केंद्र ने किसानों को खाद्यान्न के उचित भाव नहीं दिये। उन्होंने कहा कि इस मामूली बढ़ोतरी से खेती की लागत में हुई वृद्धि की भरपाई नहीं हो पायेगी। उन्होंने केंद्र के इस फैसले को खानापूर्ति बताया। उन्होंने कहा कि इस बढ़ोतरी से किसानों की बड़ी समस्याओं का समाधान तो दूर, संकट में डूबी खेती को अंतरिम राहत की भी काई उम्मीद नहीं है।

# स्कूली छात्राओं ने शिक्षक पर लगाये छेड़छाड़ के आरोप, विभाग ने किया सस्पेंड

## आरोपी शिक्षक की बिगड़ी तबीयत, अस्पताल में भर्ती

धर्मशाला, 23 अक्तूबर (निस)

कांगड़ा जिले के गंगथ में एक सरकारी स्कूल की छात्राओं ने शिक्षक पर छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ गंगथ चौकी में मामला दर्ज कर लिया है। वहीं इससे पूर्व स्कूल में बुधवार को जमकर हंगामा हुआ और स्कूल के बच्चे शिक्षक के खिलाफ धरने पर बैठ गए। मौके पर माहौल काफी तनावपूर्ण बन गया। हंगामे के बीच ही आरोपी शिक्षक की तबीयत बिगड़ने पर उसे नूरपुर अस्पताल में भर्ती करवाया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए शिक्षा विभाग ने आरोपी शिक्षक को सस्पेंड भी कर दिया है। आरोप है कि करीब तीन महीने से उक्त टीचर छात्राओं से छेड़छाड़ कर रहा था। अब हिम्मत जुटाकर छात्र-छात्राओं ने स्कूल परिसर में शिक्षक के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। छात्राओं का आरोप है कि शिक्षक लैब में बुलाकर उन्हें किस और हग करने का दबाव डालकर एसेस्मेंट के ज्यादा नंबर लगाने की बात करता था और ऐसा न करने पर छात्राओं को कम नंबर लगाने की धमकी देता था।

### टीचिंग स्टाफ, लोग शिक्षक के समर्थन में

आरोपी शिक्षक का कहना है कि उनके खिलाफ आरोप साजिश के तहत लगाए गए हैं। वह छात्र-छात्राओं से अनुशासन बनाए रखने को कहते हैं। इसलिए स्कूल के क्लेरिकल स्टाफ ने उनके खिलाफ यह साजिश की है। इस बीच टीचिंग स्टाफ भी उक्त टीचर के पक्ष में खड़ा हो गया है और कुछ स्थानीय लोग भी इस मामले में टीचर के पक्ष में आए हैं।

### विभाग ने लिया संज्ञान

शिक्षा विभाग के उपनिदेशक ने सारे मामले पर संज्ञान लिया है और उनकी और से गठित टीम के अधिकारियों ने मौके पर पहुंच कर छात्र-छात्राओं का भी पक्ष जाना। डीएसपी नूरपुर डा. साहिल अरोड़ा ने आरोपी शिक्षक के खिलाफ मामला दर्ज करने की पुष्टि की है।

## खबर है...

### पंजाब विधानसभा का विशेष सत्र 6 को

**चंडीगढ़ (ट्रिन्यू) :** गुरु नानक देव के 550वें प्रकाशोत्सव के उपलक्ष्य में 6 नवंबर को पंजाब विधानसभा का विशेष सत्र बुलाया गया है। विधानसभा अध्यक्ष राणा केपी सिंह ने बताया कि इस विशेष सत्र में उप-राष्ट्रपति वैंकेया नायडू, पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह तथा पंजाब के राज्यपाल वीपी सिंह बदनौर भी भाग लेंगे। सत्र में गुरु नानक देव के दर्शन तथा शिक्षाओं पर ही चर्चा होगी।

### हार्डवेयर स्टोर में आग, 3 घंटे में पाया काबू




शिमला में मंगलवार रात विक्ट्री टनल के पास हार्डवेयर स्टोर में लगी आग से उठती लपटें। -दैनिक ट्रिब्यून

**शिमला (निस) :** राजधानी शिमला में विक्ट्री टनल के पास नारायण हार्डवेयर स्टोर में आग लगने से भारी मात्रा में सामान जल गया। यह घटना बीती देर रात हुई। आग की लपटें और धुआं देखकर इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं, लेकिन तब तक काफी नुकसान हो चुका था। इस आगजनी में किसी तरह की जान का नुकसान नहीं हुआ है। फायर ब्रिगेड को आग पर काबू पाने में तीन घंटे का समय लगा।

### शिक्षकों की प्रशिक्षण कार्यशाला संपन्न

**शिमला (निस) :** शिक्षा, विधि एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश भारद्वाज ने आज शिमला में पांच दिवसीय समग्र शिक्षा अभियान द्वारा आयोजित राज्य के शिक्षकों की प्रशिक्षण कार्यशाला के समापन समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।कार्यशाला में राज्य के शिक्षकों को संबोधित करते हुए शिक्षा मंत्री ने कहा कि प्रारम्भिक शिक्षा में नवीनतम तकनीकों एवं सकारात्मक बदलावों की आवश्यकता है, जिससे छात्रों को मजबूत नींव प्रदान हो और उनका समग्र विकास संभव हो।

### लवी मेले को लेकर प्रशासन ने कसी कमर

**रामपुर बुशहर (निस) :** हर वर्ष 11 से 14 नवंबर तक लगने वाले अंतर्राष्ट्रीय व्यापारिक 'लवी मेले' को लेकर रामपुर बुशहर प्रशासन तैयारियां पूरी करने में जुटा है। तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए बैठकों का दौर जारी है। इसी संदर्भ में डीएसपी रामपुर अभिमन्यु वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि मेले को लेकर लगभग सभी तैयारियां पूरी की जा चुकी हैं। कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए करीब साढ़े पांच सौ अतिरिक्त पुलिस जवानों की अनुमति के लिए एसपी शिमला को पत्र भेजा गया है। उल्लेखनीय है कि मेले में अधिकांश व्यापारी बाहरी राज्यों से भी आते हैं।

### लापता युवक का शव बरामद, केस दर्ज

**होशियारपुर (निस) :** उत्तर प्रदेश से आकर पिछले तीन वर्षों से नंदाचोर में फास्ट फूड का काम करने वाले 20 वर्षीय युवक का शव रक्त रंजित हाल में बरामद करने के बाद थाना बुल्लोवाल पुलिस ने हत्या के आरोप में मामला दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एएसआई कुलबंत सिंह ने बताया कि मान सिंह ने शिकायत में बताया कि उसका भाई दिनेश कुमार नंदाचोर में फास्ट फूड की दुकान करता था। दिनेश जब गत रात घर नहीं आया तो उसके परिवार वाले उसकी तलाश करने लगे। इस दौरान आज सुबह सैर कर रहे लोगों ने नंदाचोर से सरहाला जाने वाले मार्ग पर एक रक्तरंजित शव देखा तो इसकी सूचना पुलिस को दी। जांच में पता चला की उक्त शव लापता दिनेश का है। दिनेश के सिर व आंख पर चोट के निशान पाये गए, जबकि उसका मोबाइल भी गायब था।

### स्कूल की चौथी मंजिल से कूदी छात्रा



लुधियाना में बुधवार को स्कूल की चौथी मंजिल से कूदने वाली छात्रा की हालत को लेकर परेशान मां (पीले कपड़ों में)। -अश्विनी धीमान

**लुधियाना (निस) :** स्थानीय भाई रणधीर सिंह नगर स्थित शहर के प्रतिष्ठित डीएवी पब्लिक स्कूल में आज दोपहर के समय एक छात्रा ने रहस्यमय परिस्थितियों में कथित रूप से स्कूल की चौथी मंजिल से छलांग लगा दी। स्कूल प्रबंधन द्वारा छात्रा को गंभीर अवस्था में तुरंत स्थानीय दयानंद अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। सराभा नगर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सुश्री मधुबाला ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया कि छात्रा ने छलांग क्यों लगाई। उन्होंने बताया स्कूल में लगे कैमरों की फुटेज को पुलिस ने कब्जे में लेकर उनकी जांच शुरू कर दी है। उन्होंने बताया कि अभी छात्रा बयान देने की स्थिति में नहीं है। छात्रा का पिता एक कारोबारी है।

## मनाली से देहरा तक 230 किलोमीटर की राफ्टिंग

# ब्यास की लहरों की सवारी पर निकले जांबाज

कुल्लू, 23 अक्तूबर (निस)




मनाली से बुधवार को चार दिवसीय रिवर राफ्टिंग अभियान की शुरुआत करता पर्वतारोहण एवं संबंधित खेल संस्थान का दल।-निस

पर्यावरण संरक्षण और साहसिक खेलों को बढ़ावा देने के लिए अटल बिहारी वाजपेयी पर्वतारोहण एवं संबंधित खेल संस्थान मनाली का चार दिवसीय रिवर राफ्टिंग अभियान बुधवार को मनाली से आरंभ हो गया। इस अभियान के तहत संस्थान के निदेशक कर्नल नीरज राणा के नेतृत्व में 13 सदस्यीय दल मनाली से कांगड़ा जिला के देहरा में पौंग झील तक ब्यास नदी में लगभग 230 किलोमीटर का सफर राफ्टिंग से ही तय करेगा। वन, परिवहन, युवा सेवाएं और खेल मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर ने बाहणु पुल के पास इस दल को रवाना किया तथा स्वयं भी पतलीकूहल तक राफ्टिंग कर इन जांबाजों की हौसलाअफजाई की।

गोविंद सिंह ने कहा कि स्वच्छ आबोहवा और सुंदर वादियों के कारण ही हिमाचल प्रदेश में प्रतिवर्ष लाखों पर्यटक आते हैं। राज्य की आर्थिकी में पर्यटन उद्योग की बहुत ही महत्वपूर्ण योगदान है। इसलिए यहां पर्यावरण संरक्षण के प्रति आम जनमानस में जागरूकता अत्यंत महत्वपूर्ण है। वन मंत्री ने कहा कि रिवर राफ्टिंग का संभवतः यह विश्व का सबसे लंबा अभियान होगा और इसे लिम्का बुक ऑफ रिकार्ड्स में दर्ज करवाने के लिए पर्वतारोहण संस्थान ने ऑनलाइन आवेदन भी कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि हिमाचल प्रदेश अब भारत में रिवर राफ्टिंग में अग्रणी भूमिका निभाने जा रहा है। वर्ल्ड राफ्टिंग एसोसिएशन ने अगले वर्ष मनाली में प्रथम एशियन राफ्टिंग चैंपियनशिप के आयोजन के लिए हरी झंडी दे दी है और हिमाचल प्रदेश के लगभग 25 राफ्टरों को सर्बिया में प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए भी हामी भरी है। एशियन चैंपियनशिप के आयोजन के बाद कुल्लू घाटी में विश्व चैंपियनशिप का मार्ग भी प्रशस्त होगा। इससे प्रदेश एडवेंचर टूरिजम को बढ़ावा मिलेगा।

अभियान के शुभारंभ अवसर पर बीआरओ के कमांडर कर्नल उमा शंकर, एसडीएम रमन घरसंगी, एएसपी राजकुमार चंदेल, राफ्टिंग एसोसिएशन के पदाधिकारी और अन्य गणमान्य लोग भी उपस्थित थे।

## चिट्टे सहित पकड़ा रणजी टीम का वीडियो एनालिस्ट एचपीसीए से सस्पेंड

धर्मशाला, 23 अक्तूबर (निस)

चिट्टे के साथ पकड़े रणजी टीम के वीडियो एनालिस्ट बिशॉप सेन को एचपीसीए ने सस्पेंड कर दिया है। एचपीसीए के मीडिया प्रभारी मोहित सूद ने बताया कि एचपीसीए में रणजी टीम के वीडियो एनालिस्ट बिशॉप सेन को सोमवार रात्रि पुलिस द्वारा नशे की खेप के साथ गिरफ्तार करने का मामला सामने आने पर एचपीसीए की अनुशासनात्मक कमेटी ने तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया है। गौरतलब है कि वीडियो एनालिस्ट बिशॉप सेन के पिता परवीन सेन भी रणजी खिलाड़ी रह चुके हैं। उल्लेखनीय है कि डमटाल पुलिस स्टेशन की टीम ने सघेड़ पुल डमटाल के पास राष्ट्रीय राजमार्ग पर नाके के दौरान तीन कार सवार युवकों को चिट्टे सहित गिरफ्तार किया था। पकड़े गए आरोपियों की पहचान रमन कुमा (29), निवासी बड़ोल धर्मशाला, बिक्रम नारायण प्रधान (31), निवासी दाड़ी, धर्मशाला और बिशॉप सेन (27) निवासी एयरपोर्ट रोड शिमला के रूप में हुई थी।

## बाइक फिसलने से छात्र की मौत, परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

मंडी, 23 अक्तूबर (निस)

सुंदरनगर में धनोटू में नेशनल हाईवे-21 पर एक तेज रफ्तार पल्सर बाइक स्किड होने से घायल हुए छात्र की मौत हो गई है। परिजनों के नेरचौक मेडिकल कालेज पहुंचकर हत्या की आशंका जताकर मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। बीबीएमबी कालोनी पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल से नमूने एकत्र कर लिए हैं। जानकारी के अनुसार पेट्रोल पंप धनोटू के पास नेशनल हाईवे-21 पर बाइक स्किड हो गई, जिससे बाइक पर सवार जड़ोल ग्राम पंचायत निवासी अविनाश (18), बैजनाथ निवासी मयंक (22) और थुनाग के शिकावरी के जही निवासी कुशल ठाकुर (18) घायल हो गये। अविनाश को काफी चोटें आईं। इसके बाद अविनाश को उठाकर अन्य दो छात्र उपचार की बजाय उसे कालेज होस्टल में ले गए, जहां उसकी तबीयत बिगड़ने पर उसे सीधे नेरचौक स्थित लाल बहादुर शास्त्री मेडिकल कालेज लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने अविनाश को मृत घोषित कर दिया।

## खाई में लुढ़की कार, 5 की मौत

रामपुर बुशहर/कुल्लू, 23 अक्तूबर (निस)

कुल्लू जिले के दुर्गम क्षेत्र डीम पंचायत में शिल के पास एक स्कार्पियो दुर्घटनाग्रस्त हो गई जिसमें पांच लोगों की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार स्कार्पियो (सीएच-03 यू 6394) में जब पांच लोग अपने घर की तरफ जा रहे थे तो इस दौरान वाहन करीब पांच सौ मीटर नीचे खाई में जा गिरा, जिससे इसमें सवार पांचों लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। पंचायत प्रधान भाग चंद ने प्रशासन को हादसे की सूचना दी। पांचों मृतकों की उम्र 40 वर्ष से नीचे बताई जा रही है।

प्राप्त सूचना के अनुसार मरने वालों में राकेश, निवासी गांव डीम, बलवंत उर्फ शालू निवासी डीम, ज्ञानसिंह निवासी गांव नंगेढ और पवन निवासी गांव ओड्ड शामिल हैं,जबकि पांचवें मृतक व्यक्ति की पहचान अभी नहीं हो पायी है। मृतकों के शवों को पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से सड़क तक पहुंचाया गया।

# हवालाती की अस्पताल में मौत गुस्साये परिजनों ने लगाया जाम

## एसपी के आश्वासन के बाद हटे



बठिंडा में बुधवार को हवालाती की मौत के बाद आईटीआई चौक पर जाम लगा कर रोष प्रदर्शन करते परिजन।-निस

बठिंडा, 23 अक्तूबर (निस)

हवालाती की अस्पताल में मौत के बाद उसके परिजनों ने भारतीय किसान यूनियन उगराहां के सहयोग से आईटीआई चौक पर जाम लगा कर रोष प्रदर्शन किया। इसमें बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल हुईं। उन्होंने मांग की कि हवालाती बिंदर सिंह की मौत के कारण जेल प्रशासन व डाक्टर पर कारवाई की जाये। मृतक बिंदर सिंह की उम्र करीब 20 वर्ष बताई गई है और वह जिले के गांव जंडिया का रहने वाला था। उसका पिता जसपाल सिंह मजदूरी कर अपना परिवार चलाता है।

मृतक के चाचा हरदीप सिंह ने बताया कि उसके भतीजे पर नशे बेचने के आरोप में थाना नंदगढ़ में लगभग एक वर्ष पहले मामला दर्ज किया गया था जिसकी सुनवाई अदालत में चल रही थी। वह तब से ही हवालात में था। प्राप्त जानकारी के अनुसार जेल में बिंदर सिंह की तबीयत खराब होने पर उसे सिविल अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। बाद में उसकी हालत बिगड़ने पर उसे फरीदकोट मेडिकल कालेज रैफर कर दिया गया। वहां से भी उसकी हालत नाजुक हो जाने के कारण उसे कल स्थानीय निजी सुपर स्पेशिएलिटी अस्पताल में भर्ती करवाया गया जहां मंगलवार-बुधवार की मध्य रात उसकी मौत हो गई। बिंदर सिंह के शव को सिविल अस्पताल ले जाया गया। जब कोई अधिकारी उनकी सुध लेने नहीं पहुंचा तो परिजनों में रोष फैल गया और उन्होंने भारतीय किसान यूनियन एकता उगराहां के संगत ब्लाक अध्यक्ष कुलवंत शर्मा व यूनियन सदस्यों के सहयोग से आईटीआई चौक पर बने ओवरब्रिज पर जाम लगा दिया जिससे मंडी डबवाली व मानसा की तरफ आने-जाने वाले वाहनों को अनाज मंडी से होकर बादल बाईपास का चक्कर काट कर आना पड़ा। जाम के चलते स्कूलों की छुट्टी का समय होने के कारण बच्चों को ले जाने वाले परिजनों को भी काफी परेशानी उठानी पड़ी। उसके बाद पुलिस कर्मचारी मृत युवक के पिता जसपाल सिंह व यूनियन नेता कुलवंत शर्मा को एस पी (डी) से बात करवाने ले गये जिन्होंने उन्हें न्याय दिलवाने का भरोसा दिलवाया। उसके बाद शव का पोस्टमार्टम करवा वारिसों को सौंप दिया गया।

इस सम्बंध में जेल अधीक्षक केन्द्रीय जेल बठिंडा बलविन्द्र सिंह का कहना था कि बिंदर सिंह कई दिन से बीमार चल रहा था। उसका इलाज करवाया जा रहा था। इलाज के दौरान ही उसकी मौत हुई है।

# इनवेस्टर मीट के लिए हिमाचल ने केंद्र से मांगा सहयोग

शिमला, 23 अक्तूबर (निस)

प्रधान सचिव संजय कुंडू ने नयी दिल्ली में वित्त एवं कार्पोरेट मामलों के केन्द्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर से भेंट की तथा उन्हें धर्मशाला में 7 व 8 नवंबर को आयोजित 'ग्लोबल इनवेस्टर्स मीट' के बारे में विस्तृत जानकारी दी। अनुराग ठाकुर ने 7 नवंबर को इनवेस्टर्स मीट में अपनी भागीदारी की पुष्टि की तथा संयुक्त अरब अमीरात के साथ आयोजित होने वाले सत्र की अध्यक्षता करने पर सहमति जताई। संयुक्त अरब अमीरात इस आयोजन में भागीदार देश है।

बाद में संजय कुंडू केन्द्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री प्रकाश जावड़ेकर से भी मिले तथा उन्हें इनवेस्टर्स मीट के कार्यक्रम के उद्देश्य व लक्ष्यों के बारे में बताया। उन्होंने इस आयोजन के लिए मंत्रालय से समर्थन देने के लिए भी अनुरोध किया। मंत्री ने मंत्रालय की ओर से पूर्ण सहयोग और आयोजन के व्यापक प्रचार का आश्वासन दिया।

संजय कुंडू ने सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के सचिव अमित खरे तथा आकाशवाणी के महानिदेशक एफ. शहरेयार से भी मुलाकात की। दोनों ने इस बड़े आयोजन के पूर्ण समर्थन तथा व्यापक प्रचार का आश्वासन दिया। संजय कुंडू ने भारत में संयुक्त अरब अमीरात के राजदूत अहमद अबाना से भी इनवेस्टर मीट के बारे में विस्तार से चर्चा की।



नयी दिल्ली में मंगलवार सायं प्रधान सचिव संजय कुंडू केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर से मुलाकात के दौरान गुलदस्ता भेंट करते हुए।-दैनिक ट्रिब्यून

### मुख्यमंत्री का उद्यमियों से इनवेस्टर्स मीट को सफल बनाने का आग्रह

मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने कहा कि हिमाचल प्रदेश के उद्यमी राज्य के 'ब्रांड एम्बेस्डर' हैं और प्रदेश में निवेश को आकर्षित करने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने उद्यमियों से 7 व 8 नवम्बर को धर्मशाला में होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर मीट को सफल बनाने में अपना सहयोग देने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने बद्दी-बरोटीवाला-नालागढ़ इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के रजत जयंती समारोह की अध्यक्षता करते हुए कहा कि प्रदेश की प्रगति और विकास में उद्यमियों की महत्वपूर्ण भूमिका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश अब 'ईज ऑफ डूइंग रिफॉर्मस' में 'फास्ट मूवर्स' की श्रेणी में शीर्ष स्थान पर है और सिंगल विंडो के माध्यम से निवेशकों को सेवाएं उपलब्ध करवाने में दक्षता, पारदर्शिता, समयबद्धता और जवाबदेही सुनिश्चित कर रही है। उन्होंने क्षेत्र के उद्यमियों को ग्लोबल इनवेस्टर मीट में सक्रिय रूप से भागीदार बनने के लिए आमंत्रित किया।

## प्रकाशोत्सव में सिर्फ 8 दिन शेष

# मुख्यमंत्री की घोषणा पर नहीं हुआ अमल

## कैबिनेट मीटिंग में किया था सिविल अस्पताल को सुपर स्पेशिएलिटी बनाने का ऐलान

कपूरथला, 23 अक्तूबर (निस)

सुल्तानपुर लोधी में 10 सितंबर को हुई पंजाब की पहली कैबिनेट बैठक में सीएम कैप्टन अमरेंद्र सिंह ने गुरु नानक देव के 550वें प्रकाशोत्सव समागम को लेकर सुल्तानपुर लोधी के सरकारी सिविल अस्पताल को सुपर स्पेशिएलिटी अस्पताल बनाने का ऐलान किया था। समागम में अब मात्र 8 दिन बचे हैं। एक नवंबर से शताब्दी समागम शुरू हो रहे हैं और 12 नवंबर को मुख्य समागम होगा लेकिन अभी तक यही पता नहीं है कि आखिर यह सुपर स्पेशिएलिटी अस्पताल कब बनेगा। इस हिसाब से देखा जाए तो शताब्दी समागम के बाद ही सुपर स्पेशिएलिटी अस्पताल होने की संभावना है।

सिविल अस्पताल की इमारत तो नयी बना दी गई है लेकिन स्टाफ कम है। विभाग के डायरेक्टर व प्रमुख सचिव सहित अन्य उच्च अधिकारी कई बार सिविल अस्पताल का दौरा भी कर चुके हैं लेकिन हकीकत यह है कि सिविल अस्पताल में स्टाफ की कमी है। एमसीएच में पूरा स्टाफ नहीं है। और तो और अस्पताल में स्वीपर, धोबी व माली तक नहीं हैं। आईसीयू एमरजेंसी की सुविधा तो मिल गई है लेकिन उनके मुताबिक स्टाफ नर्स व डॉक्टर नहीं मिले।

### विकास कार्य भी अधूरे

प्रकाश पर्व के संबंध में ऐतिहासिक शहर सुल्तानपुर लोधी में चल रहे विकास कार्य अब भी अधूरे हैं। सरकार की ओर से 23 अक्तूबर तक सभी कार्य पूरे करने के लिए विभिन्न विभागों के अधिकारियों को निर्देश जारी किए गए थे, के बावजूद भी टेंट सिटी, पवित्र बेईं पर घाट बनाने, शहर के मुख्य बाजार की सड़क को पक्के करने, रेलवे स्टेशन के नवीनीकरण, टेंट सिटी की पार्किंग में अभी भी बहुत से कार्य हैं, जो पूरे नहीं हो सके हैं। पवित्र बेईं पर घाट बनाने और बेईं किनारे पर रेलिंग लगाने का कार्य निरंतर जारी है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री कैप्टन अमरेंद्र सिंह की ओर से 25 अक्तूबर को सुल्तानपुर लोधी में 400 करोड़ रुपये की लागत से बन रहे विभिन्न प्रोजेक्ट, जिनमें नया बना बस अड्डा, पवित्र बेईं पर बने पुल आदि का लोकार्पण किया जाना है।

सीएम कैप्टन अमरेंद्र सिंह को 23 अक्तूबर को सिविल अस्पताल को मल्टी स्पेशिएलिटी अस्पताल बनने पर उद्घाटन करने आना था, लेकिन अब 24 अक्तूबर को आने की संभावना है लेकिन नाम के मल्टी स्पेशिएलिटी में स्टाफ कब पूरा होगा, यह किसी को पता नहीं है।



पटियाला में बुधवार को गोल्ड मेडल दिखाती तनिशबीर कौर। उन्होंने यूएई में आयोजित एशियन बॉक्सिंग चैंपियनशिप में यह मेडल हासिल किया। स्कूल पहुंचने पर उनका स्वागत किया। -प्रेट्र

## श्रीकांत, कश्यप फ्रेंच ओपन के पहले दौर से बाहर

पेरिस, 23 अक्तूबर (एजेंसी)

भारत के किदाम्बी श्रीकांत और पारूपल्ली कश्यप फ्रेंच ओपन बैडमिंटन के पहले दौर से हारकर बाहर हो गए। श्रीकांत को चीनी ताइपै के दूसरी वरीयता प्राप्त चोउ तियेन चेन ने 15-21, 21-7, 21 -14 से हराया। वहीं कश्यप हांगकांग के एंग का लोंग एंगस से 11-21, 9-21 से हार गए। भारत के समीर वर्मा को जापान के केंता निशिमोतो ने 20-22, 21-18, 21-18 से हराया।

अब पुरूष एकल वर्ग में एकमात्र भारतीय शुभंकर डे बचे हैं जो दूसरे दौर में इंडोनेशिया के शेसार हिरेन आर से खेलेंगे। मिश्रित युगल के पहले दौर में भारत के सात्विक साइराज रांकिरेड्डी और अश्विनी पोनप्पा और प्रणाव जेरी चोपड़ा और एन सिक्की रेड्डी हारकर बाहर हो गए। रांकिरेड्डी और पोनप्पा को चौथी वरीयता प्राप्त कोरिया के सियो सियुंग जाए और चाए युजुंग ने 21-17, 21-18 से हराया। वहीं चोपड़ा और रेड्डी को इंगलैंड के क्रिस एडकाक और गैब्रियल एडकाक ने 21-13, 21-18 से मात दी।

## एमसीसी के आजीवन सदस्य बने ग्रीम स्मिथ

लंदन, 23 अक्तूबर (एजेंसी)

दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान ग्रीम स्मिथ को मेरिलबोन क्रिकेट क्लब (एमसीसी) का मानद आजीवन सदस्य चुना गया है। एमसीसी ने ट्विटर पर स्मिथ की सदस्यता की घोषणा की। एमसीसी ने मंगलवार को ट्वीट किया, 'एमसीसी आज दक्षिण अफ्रीका के दिग्गज ग्रीम स्मिथ को क्लब का मानद आजीवन सदस्य चुने जाने की घोषणा करता है।'

### सुडोकू

सुडोकू 81 वर्गों का ग्रिड है, जो 9 वर्गों के ब्लॉक में बंटा हुआ है। कुछ वर्गों के अंक लिखे हैं और खाली वर्गों में 1 से लेकर 9 तक के अंक लिखने हैं। कोई नंबर 1 पंक्ति, कॉलम या 9 वर्ग वाले छोटे ब्लॉक में दोबारा नहीं आ सकता है।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 7 | 6 | | | | | |
| | | 4 | | 8 | | | | |
| | | 6 | 7 | | | | 3 | |
| 3 | | 2 | | | | | | 8 |
| | 4 | 8 | | | | 3 | 1 | |
| 5 | | | | | | 2 | | 9 |
| | 6 | | | | 3 | 1 | | |
| | | | | 7 | | 5 | | |
| | | | | | 5 | 4 | | 7 |

**पिछले कल का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 3 | 6 | 2 | 8 | 5 | 7 | 4 | 9 |
| 8 | 4 | 7 | 3 | 9 | 1 | 6 | 5 | 2 |
| 2 | 5 | 9 | 4 | 6 | 7 | 1 | 8 | 3 |
| 6 | 8 | 3 | 9 | 5 | 4 | 2 | 1 | 7 |
| 5 | 7 | 1 | 8 | 2 | 6 | 3 | 9 | 4 |
| 4 | 9 | 2 | 7 | 1 | 3 | 8 | 6 | 5 |
| 3 | 6 | 5 | 1 | 7 | 9 | 4 | 2 | 8 |
| 7 | 1 | 8 | 5 | 4 | 2 | 9 | 3 | 6 |
| 9 | 2 | 4 | 6 | 3 | 8 | 5 | 7 | 1 |

### आज का दिन
-सत्यव्रत बैंजवाल

वीरवार, 24 अक्तूबर, परिधावी नामक विक्रमी संवत् 2076, कार्तिक कृष्ण पक्ष 11 तिथि ( रात 10.19 तक ), मघा नक्षत्र (दोपहर 1.18 तक), शुक्ल योग (दोपहर 1.36 तक), कार्तिक 8 प्रविष्टे।
**व्रत पर्व** : रमा एकादशी, कौमुदि महोत्सव प्रारंभ, गंडमूल।
**दिशाशूल** : दक्षिण दिशा की यात्रा पर दही खाकर जाएं।
**राहुकाल** : दोपहर 1.30 से 3.00 तक।

| | जम्मू | दिल्ली | चंडीगढ़ |
|---|---|---|---|
| सूर्योदय | 6.44 | 6.31 | 6.35 |
| सूर्यास्त | 5.45 | 5.38 | 5.38 |

### सितारों के इशारे
-मदन गुप्ता सपाटू

**आज 24 अक्तूबर को है जन्मदिन तो कैसा रहेगा आपका साल**

आपका मुख्य ग्रह शुक्र है जो आपको कई आयामों से वित्तीय लाभ प्रदान करेगा। इस वर्ष व्यापार में धनलाभ होने की संभावना है और व्यापार में बढ़ोतरी हो सकती है। पैतृक संपत्ति से भी धनलाभ होने की संभावना है। समय और परिस्थितियों को देखते हुए कार्य करें। इस वर्ष उम्मीद से अधिक धनलाभ होने की उम्मीद है। अगर स्थायी रिलेशनशिप में हैं तो अन्य कोई भी प्रेम संबंध नुकसानदायक हो सकता हैं। अपनी भावनाओं पर नियंत्रण रखने की जरूरत है। बड़े और जोखिम भरे से लोन से बचने की आवश्यकता है।
**शुभ रंग** : सफेद, समुद्री हरा, हल्का नीला, गुलाबी
**शुभ दिन** : बृहस्पतिवार और शुक्रवार
**शुभ अंक** : 3, 6, 9
**शुभ रत्न** : हीरा, मोती
जन्मदिन को गरीबों को चावल से बनी पीली मिठाइयां दान करें।

### राशिफल

**मेष** 21 मार्च से 20 अप्रैल
ज्योतिष में रुचि संभव है। पदोन्नति में देरी है। धन मिलने में बाधा है।वाहन धीमे चलाएं।

**तुला** 23 सितंबर से 23 अक्तूबर
फिल्म में रुचि संभव है। साझेदारों में चल रहा विवाद समाप्त हो सकता है।

**वृष** 21 अप्रैल से 21 मई
लोन मिलने में समय लग सकता है। फिल्म में रुचि संभव है। निवेशक का सम्मान करें।

**वृश्चिक** 24 अक्तूबर से 22 नवंबर
धन मिल सकता है। पदोन्नति संभव है। विवाह प्रस्ताव पर निर्णय ले सकते हैं।

**मिथुन** 22 मई से 21 जून
प्रेम संबंध मधुर हो सकते हैं। अनुबंध मिल सकता है। पदोन्नति की संभावना है।

**धनु** 23 नवंबर से 21 दिसंबर
उच्चशिक्षा में विवाद से बचें। रिश्तेदारों की सेहत पर ध्यान दें। फिल्म में रुचि संभव है।

**कर्क** 22 जून से 22 जुलाई
निवेश सावधानी से करें। अनुबंध मिलने में समय, विदेश यात्रा में विवाद संभव है।

**मकर** 22 दिसंबर से 20 जनवरी
यात्रा में विवाद न करें। निवेश न करें। सुख में कमी हो सकती है। धन मिलने में बाधा है।

**सिंह** 23 जुलाई से 22 अगस्त
अनुबंध मिल सकता है। पदोन्नति की संभावना है। धन-उपहार मिल सकता है।

**कुंभ** 21 जनवरी से 18 फरवरी
अनुबंध मिल सकता है। यात्रा में लाभ हो सकता है। पदोन्नति की संभावना है।

**कन्या** 23 अगस्त से 22 सितंबर
अनुबंध मिलने में बाधा है। कृषि-व्यापार में कम लाभ से तनाव संभव है।

**मीन** 19 फरवरी से 20 मार्च
जीवनसाथी के साथ यात्रा कर सकते हैं। विवाह प्रस्ताव मिल सकता है।

पं. भानुप्रतापनारायण मिश्र

# बीसीसीआई में भी खेलूंगा कप्तानी पारी : गांगुली

■ 2000 से 2005 तक टीम इंडिया के कप्तान रह चुके हैं सौरव। बोले - जैसे भारत की अगुआई की थी, वैसे ही बोर्ड को चलाऊंगा

मुंबई, 23 अक्तूबर (एजेंसी)

नव नियुक्त बीसीसीआई अध्यक्ष सौरव गांगुली ने बुधवार को भ्रष्टाचार मुक्त कार्यकाल का वादा किया और कहा कि वह बोर्ड की अगुआई उसी तरह करेंगे जिस तरह से उन्होंने 2000 से 2005 तक भारतीय टीम की कप्तानी संभाली थी। दुनिया के सबसे अमीर क्रिकेट संस्था के शीर्ष पद पर निर्विरोध चुने जाने के बाद 47 साल के गांगुली ने संकेत दिया कि वह किसी से भी प्रभावित हुए बिना जिस तरह से चाहते हैं, उसी तरह बीसीसीआई का काम संभालेंगे।

अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर 18,000 से ज्यादा रन बना चुके गांगुली ने कहा, 'मैं उसी तरह काम करूंगा, जो मैं जानता हूं और जो मुझे लगता है कि बीसीसीआई के लिये सर्वश्रेष्ठ होगा और विश्वसनीयता से कोई समझौता नहीं होगा। भ्रष्टाचार मुक्त कार्यकाल होगा और बीसीसीआई में सभी के लिये समान होगा।'

### कप्तानी के दिनों को किया याद

गांगुली ने वह दौर याद किया जब वह टीम के कप्तान बने थे । उस समय मैच फिक्सिंग के कारण भारतीय क्रिकेट विवादों के घेरे में था जब गांगुली को इसे ढर्रे पर लाने की जिम्मेदारी सौंपी गई। मोहम्मद अजहरूद्दीन उस समय फिक्सिंग विवाद के केंद्र में थे और अब वह हैदराबाद क्रिकेट संघ के अध्यक्ष हैं। दोनों पूर्व साथी खिलाड़ियों ने बुधवार की बैठक के बाद एक दूसरे को गले लगाया। गांगुली ने कहा, 'यह इत्तेफाक की बात है कि जब मैं कप्तान बना तो ऐसे ही हालात थे और मैं 6 साल तक कप्तान रहा।' उन्होंने कहा, 'अभी भी हालात ऐसे ही हैं और चीजों को ढर्रे पर लाना है। सुधार करने होंगे। राज्य संघों को काफी पैसा देना है। काफी काम करना है।'

### 'चीजें आसान करने आया हूं, मुश्किल नहीं'

बीसीसीआई अध्यक्ष सौरव गांगुली ने सोमवार को विराट कोहली को भारतीय क्रिकेट का सबसे अहम व्यक्ति करार दिया और कप्तान को सभी संभव समर्थन देने का वादा किया ताकि चीजें आसान हों, मुश्किल नहीं। बीसीसीआई अध्यक्ष पदभार संभालने के बाद गांगुली ने कहा कि वह बृहस्पतिवार को भारतीय कप्तान से बात करेंगे और आगे के बारे में चर्चा करेंगे।

### टीम इंडिया का ब्लेजर पहनकर पहुंचे दादा

अपनी पहली प्रेस कान्फ्रेंस में भारत का ब्लेजर पहनकर आये गांगुली ने कहा ,'मुझे यह तब मिला था जब मैं भारत का कप्तान था लेकिन तब मुझे अहसास नहीं हुआ कि यह इतना ढीला है । लेकिन मैने तय किया कि मैं यही पहनूंगा।' उन्होंने कहा, 'मैंने जिस तरह से भारत की अगुआई की थी, उसी तरह से बीसीसीआई का पद संभालूंगा।' गांगुली ने करीब 11 साल पहले अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह दिया था। अपने संन्यास के बाद इस बार जब उन्हें बोर्ड की कमान मिली तो दादा ने इस खास मौके पर अपने उसी ब्लेजर को पहनना सही समझा, जिस पर उन्हें हमेशा नाज है।



मुंबई स्थित बीसीसीआई मुख्यालय में बुधवार को नवनियुक्त अध्यक्ष सौरव गांगुली सचिव जय शाह और कोषाध्यक्ष अरुण सिंह धूमल के साथ। -प्रेट्र

### अन्य पदाधिकारियों का परिचय

**जय शाह (सचिव)** : 31 वर्ष के जय बीसीसीआई के सबसे युवा पदाधिकारी हैं। गृहमंत्री अमित शाह के बेटे जय 2009 से गुजरात क्रिकेट संघ से जुड़े हैं। वह सितंबर 2013 में जीसीए के संयुक्त सचिव बने थे।
**अरुण सिंह धूमल (कोषाध्यक्ष)** : राजनीतिक परिवार से आये अरुण फिलहाल वित्त राज्यमंत्री हैं। ठाकुर को जनवरी 2017 में बीसीसीआई अध्यक्ष पद से हटाया गया था। धूमल 2012 से 2015 के बीच हिमाचल क्रिकेट संघ के उपाध्यक्ष रहे जब ठाकुर इसके अध्यक्ष थे। वह बीसीसीआई में एचपीसीए के प्रतिनिधि रहे।
**जयेश जार्ज (संयुक्त सचिव)** : 50 वर्ष के जार्ज को क्रिकेट प्रशासन का बरसों का अनुभव है जो केरल क्रिकेट संघ के सचिव, संयुक्त सचिव, कोषाध्यक्ष और अध्यक्ष रहे । वह 2005 से केसीए से जुड़े रहे हैं।
**महीम वर्मा (उपाध्यक्ष)** : उनके पिता पीसी वर्मा उत्तराखंड क्रिकेट संघ के सचिव रहे। महीम सीएयू के संयुक्त सचिव रहे हैं। सितंबर में उन्हें सचिव चुना गया जब संघ को बीसीसीआई से मान्यता मिली।

### धोनी को मिलेगा पूरा सम्मान

बीसीसीआई अध्यक्ष सौरव गांगुली ने बुधवार को कहा कि अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में महेंद्र सिंह धोनी के भविष्य पर बात की जायेगी लेकिन 2 बार के विश्व कप विजेता कप्तान को पूरा सम्मान मिलेगा। गांगुली ने कहा कि उन्हें नहीं पता कि धोनी के जेहन में क्या है लेकिन उनके दर्जे के खिलाड़ी को पूरा सम्मान मिलेगा। धोनी ने विश्व कप सेमीफाइनल में भारत के बाहर होने के बाद से अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से दूरी बना रखी है जिससे उनके भविष्य को लेकर अटकलें लगाई जा रही है। गांगुली ने बोर्ड अध्यक्ष बनने के बाद प्रेस कान्फ्रेंस में कहा, 'यह उन पर निर्भर करता है। जब मैं बाहर हुआ तो पूरी दुनिया ने कहा कि मैं कभी वापसी नहीं कर सकूंगा लेकिन मुझे खुद पर भरोसा था। मैंने वापसी की और 4 साल तक खेला।' उन्होंने कहा, 'चैम्पियंस इतनी जल्दी खत्म नहीं होते। वह महान खिलाड़ियों में से एक है और भारत को गर्व है कि एम एस धोनी जैसा खिलाड़ी हमारे पास है । आप उसकी उपलब्धियों को देखें तो यही कहेंगे 'वाह धोनी वाह।'

### बीसीसीआई के अध्यक्षों की सूची

1- आर ई ग्रांट गोवन (1928-1933)
2-सर सिकंदर हयात खान (1933-1935)
3-नवाब हमीदुल्लाह खान (1935-1937)
4- के एस दिग्विजय सिंहजी (1937-1938)
5-पी सुब्बरायन (1938-1946)
6-एंथोनी एस डिमेलो (1946-1951)
7-जे सी मुखर्जी (1951-1954)
8-विजयनग्राम के महाराजकुमार (1954-1956)
9-सरदार एसएस मजीठिया (1956-1958)
10-आर के पटेल (1958-1960)
11. एम ए चिदंबरम (1960-1963)
12. महाराजा एफ गायकवाड़ (1963-1966)
13. जेड आर ईरानी (1966-1969)
14. ए एन घोष (1969-1972)
15. पी एम रूंगटा (1972-1975)
16. रामप्रकाश मेहरा (1975-1977)
17. एम चिन्नास्वामी (1977-1980)
18. एस के वानखेड़े (1980-1982)
19. एनकेपी साल्वे (1982-1985)
20. एस श्रीरामन (1985-1988)
21.बी एन दत्त (1988-1990)
22. माधवराव सिंधिया (1990-1993)
23. आई एस बिंद्रा (1993-1996)
24. राज सिंह डूंगरपुर (1996-1999)
25. ए सी मुथैया (1999-2001)
26. जगमोहन डालमिया (2001-2004)
27. रणबीर सिंह महेंद्र (2004-2005)
28. शरद पवार (2005-2008)
29. शशांक मनोहर (2008-2011)
30. एन श्रीनिवासन (2011-2013)
31. जगमोहन डालमिया (2013-2013)
32. एन श्रीनिवासन (2013-2014)
33.शिवलाल यादव (अंतरिम)(2014-2014)
34. सुनील गावस्कर (2014-2014)
35.जगमोहन डालमिया (2015-2015)
36. शशांक मनोहर (इस्तीफा) (2015-2016)
37. अनुराग ठाकुर (बर्खास्त) (2016-2017)
38. सी के खन्ना (अंतरिम) (2017-2019)
39. सौरव गांगुली (2019-वर्तमान)

## लोढा समिति की सिफारिशों को जस का तस लागू किया : राय

नयी दिल्ली, 23 अक्तूबर (एजेंसी)

बीसीसीआई के 33 महीने के संचालन के दौरान भारतीय क्रिकेट का 'अच्छा और बुरा' दौर देखने वाले प्रशासकों की समिति (सीओए) के प्रमुख विनोद राय खुश हैं कि सौरव गांगुली के दर्जे का कोई व्यक्ति भारतीय क्रिकेट की बागडोर संभाल रहा है। बीसीसीआई से हटने के बाद पूर्व नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) राय ने कहा हमने लोढा समिति की सिफारिशों को जस का तस लागू किया है। विराट कोहली और रवि शास्त्री की जोड़ी को काम करने की पूरी आजादी देना, अनिल कुंबले का राष्ट्रीय कोच का पद छोड़ना, सीओए की साथी सदस्य डायना इडुल्जी से कई मुद्दों पर मतभेद, बीसीसीआई सीईओ राहुल जौहरी के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोप और उच्चतम न्यायालय द्वारा नियुक्त लोढा समिति की सिफारिशों को लागू करने में सामने आई मुश्किलों पर बात की। उन्होंने कहा मैं सौरव का बेहद सम्मान करता हूं। मैंने उसे बंगाल क्रिकेट संघ का प्रभावी तरीके से संचालन करते हुए देखा है। मुझे नहीं लगता कि बीसीसीआई की बागडोर संभालने के लिए उससे बेहतर व्यक्ति हो सकता है। राय ने अब 4 पूर्व खिलाड़ी बड़े स्तर पर प्रशासन का हिस्सा हैं। सौरव बीसीसीआई अध्यक्ष हैं, बृजेश पटेल आईपीएल अध्यक्ष हैं, अंशमन गायकवाड़ और शांता रंगास्वामी शीर्ष परिषद में शामिल हैं।

हम पूरी तरह से पारदर्शी रहे। सीओए की 100 से अधिक बैठकों (स्थिति रिपोर्ट) की जानकारी बोर्ड की वेबसाइट पर उपलब्ध है।



मुंबई में बुधवार को मीडिया से बातचीत करते सीओए प्रमुख विनोद राय और सदस्य डायना इडुल्जी। -प्रेट्र

### धोनी के मसले को आसानी से हल किया जा सकता है : जगदाले

**इंदौर (भाषा)** : बीसीसीआई के पूर्व सचिव संजय जगदाले ने बुधवार को कहा कि अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में महेंद्र सिंह धोनी के भविष्य के मसले को गांगुली और चयनकर्ताओं द्वारा 38 वर्षीय विकेटकीपर बल्लेबाज से बात कर आसानी से हल किया जा सकता है। जगदाले ने कहा, 'धोनी के भविष्य का मसला कोई बड़ा मुद्दा नहीं है और इसे ज्यादा तूल दिये जाने की जरूरत नहीं है। गांगुली और चयनकर्ता, धोनी से सीधे बात कर इस मुद्दे को आसानी से हल कर सकते हैं।' पूर्व राष्ट्रीय चयनकर्ता ने कहा, हर देश के बड़े क्रिकेटरों से बातचीत के जरिये ऐसे मसलों को सुलझा लिया जाता है।

## मुझे कोई भुगतान नहीं चाहिए : गुहा

नयी दिल्ली, 23 अक्तूबर (एजेंसी)



जाने माने इतिहासकार रामचंद्र गुहा ने बुधवार को कहा कि प्रशासकों की समिति में अपने कार्यकाल के लिए उन्होंने भुगतान की उम्मीद नहीं की थी और सीओए की पहली बैठक में ही इसे स्पष्ट कर दिया था। गुहा ने 40 लाख रुपये का भुगतान लेने से इनकार कर दिया जबकि सीओए के एक अन्य पूर्व सदस्य बैंकर विक्रम लिमये ने भी भुगतान लेने से मना कर दिया। लिमये को 50 लाख 50 हजार रुपये का भुगतान होना था।

बुधवार को बीसीसीआई के संचालन से हटने वाली विनोद राय की अगुआई वाली प्रशासकों की समिति में शुरुआत में चार सदस्य थे जिन्हें उच्चतम न्यायालय ने 30 जनवरी 2017 को नियुक्त किया था।

गुहा ने निजी कारणों से जुलाई 2017 में इस्तीफा दिया जबकि लिमये भी इसके बाद अपना पद छोड़कर नेशनल स्टाक एक्सचेंज (एनएसई) के प्रबंध निदेशक और सीईओ बन गये। गुहा के इस्तीफा पत्र से बाद में काफी बवाल हुआ क्योंकि उन्होंने खिलाड़ियों और कोचों के कई पदों पर होने के कारण हितों के टकराव से निपटने में नाकाम रहने के लिए बीसीसीआई को लताड़ लगाई थी। उन्होंने राष्ट्रीय टीम के तत्कालीन कोच अनिल कुंबले के मामले से निपटने के तरीके की भी आलोचना करते हुए कहा था कि उनका कार्यकाल बढ़ाया जाना चाहिए था।

**विजय हजारे ट्रॉफी**

## छत्तीसगढ़ को 9 विकेट से हरा कर्नाटक फाइनल में

### राहुल, पडीक्कल के अर्धशतक। तमिलनाडु से सामना

बेंगलुरू, 23 अक्तूबर (एजेंसी)

लोकेश राहुल (88 रन) और साथी सलामी बल्लेबाज देवदत्त पडीक्कल (92) के अर्धशतक तथा दोनों के बीच शतकीय साझेदारी से कर्नाटक ने बुधवार को छत्तीसगढ़ को 9 विकेट से हराकर विजय हजारे ट्रॉफी के फाइनल में प्रवेश किया जहां उसका सामना तमिलनाडु से होगा जिसने दूसरे सेमीफाइनल में गुजरात को 5 विकेट से मात दी।

मेजबान टीम ने 224 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 40 ओवर में जीत हासिल कर ली जिसमें राहुल और पडीक्कल के अर्धशतक के बाद मयंक अग्रवाल ने छत्तीसगढ़ के आक्रमण की धज्जियां उड़ाते हुए नाबाद 47 रन (33 गेंद में 3 चौके और 4 छक्के) का योगदान दिया। राहुल ने 111 गेंद में छह चौके और एक छक्के से 88 रन बनाये।

पहले बल्लेबाजी करते हुए छत्तीसगढ़ की टीम 19 रन पर दो विकेट गंवाकर मुश्किल में थी। इसके बाद उसने तीसरा विकेट 35 रन पर गंवा दिया और ये सभी वी कौशिक (46 रन देकर चार विकेट) ने हासिल किये। इसके बाद उन्होंने आशुतोष सिंह (20) को पवेलियन भेजा। कप्तान हरप्रीत सिंह भाटिया ने अमनदीप खरे (78 रन, 102 गेंद, चार चौके) के साथ 40 रन की भागीदारी निभायी। कर्नाटक के गेंदबाजों ने नियमित अंतराल पर विकेट झटकना जारी रखा लेकिन खरे डटे रहे और आउट होने वाले 8वें खिलाड़ी रहे।

सुमित सुरेशराव रायकर (40 रन) ने अंत में छत्तीसगढ़ को 223 रन बनाने में मदद की। कौशिक के चार विकेट के अलावा अभिमन्यु मिथुन, आफ स्पिनर के गौतम और लेग स्पिनर प्रवीण दुबे ने 2-2 विकेट हासिल किये। कर्नाटक इस लक्ष्य का पीछा करते हुए जरूरी रन गति से आगे ही रहा जिसमें राहुल और पडीक्कल ने कुछ खूबसूरत शाट लगाये। पडीक्कल ने लगातार पांचवां अर्धशतक जड़ा जबकि हाल में भारतीय टेस्ट टीम से बाहर किये गये राहुल ने कुछ बेहतरीन शाट लगाये और शानदार छक्के से मैच समाप्त किया। पडीक्कल हालांकि शतक से चूक गये, उन्हें अजय मंडल ने 92 रन पर आउट किया।

## अभिषेक नायर ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से लिया संन्यास

मुंबई, 23 अक्तूबर (एजेंसी)

मुंबई के अनुभवी आलराउंडर अभिषेक नायर ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास ले लिया है।

नायर ने बुधवार को कहा, 'मैं बिलकुल संतुष्ट हूं। इतने सारे क्रिकेटर उस स्थिति में पहुंचना चाहते हैं जिस स्थिति में मैं आज हूं। मैं इतने लंबे समय तक खेलने का मौका मिलने के लिए सिर्फ आभार ही जता सकता हूं। बेशक कोई मलाल नहीं है। मैं खुश हूं।'

नायर ने सिर्फ 3 एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय मैचों में भारत का प्रतिनिधित्व किया लेकिन प्रथम श्रेणी क्रिकेट में उनका रिकार्ड शानदार रहा। मुश्किल स्थिति से टीम को उबारने के लिए मुंबई के



संकटमोचन के रूप में पहचाने जाने वाले 36 साल के नायर ने 103 प्रथम श्रेणी मैचों में से अधिकांश मुंबई की टीम के लिए खेले और इस दौरान 5749 रन बनाए और 173 विकेट भी हासिल किए। नायर ने लगभग डेढ़ दशक के अपने करियर के दौरान घरेलू स्तर की शीर्ष टीमों में शामिल मुंबई को कई मैच जिताए।

**वुशु विश्व चैंपियनशिप**

## स्वर्ण जीतने वाले पहले भारतीय बने प्रवीण कुमार

शंघाई, 23 अक्तूबर (एजेंसी)

प्रवीण कुमार बुधवार को 48 किग्रा वर्ग में फिलिपीन के रसेल डियाज को हराकर वुशु विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले भारतीय बने। प्रवीण ने 15वीं विश्व वुशु चैंपियनशिप के पुरुष सेंडा वर्ग में डियाज को 2-1 से हराया।

भारतीय खिलाड़ी ने इससे पहले मंगलवार को सेमीफाइनल में उज्बेकिस्तान के खासन इकरोमोव को 2-0 से शिकस्त देकर फाइनल में प्रवेश किया था। पूजा कादियान 2017 में वुशु में पहली भारतीय विश्व चैंपियन बनीं थी जब उन्होंने महिला 75 किग्रा सेंडा स्पर्धा में रूस



के येवगेनिया स्टेपानोवा को हराया था। टूर्नामेंट में हिस्सा ले रहे अन्य भारतीयों में पूनम (महिला 75 किग्रा) और सनाथोई देवी (महिला 52 किग्रा) ने रजत पदक जीता जबकि विक्रांत बालियान ने पुरुष 60 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक हासिल किया। भारत एक स्वर्ण, 2 रजत और एक कांस्य पदक के साथ सेंडा स्पर्धा में ओवरआल तीसरे स्थान पर रहा।

## तीनों प्रारूपों में शीर्ष 10 में पहुंचने वाले तीसरे भारतीय बने रोहित

दुबई, 23 अक्तूबर (एजेंसी)

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज में पारी का आगाज करने वाले रोहित शर्मा आईसीसी रैंकिंग में तीनों प्रारूपों में शीर्ष दस में पहुंचने वाले तीसरे भारतीय हो गए। रोहित से पहले कप्तान विराट कोहली और क्रिकेट को अलविदा कह चुके




गौतम गंभीर यह श्रेय हासिल कर चुके हैं। रोहित ने रांची में तीसरे टेस्ट में 212 रन की पारी खेली और 12 पायदान चढकर आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में 10वें स्थान पर पहुंच गए ।

अजिंक्य रहाणे करियर की सर्वश्रेष्ठ 5वीं रैंकिंग पर पहुंचे। वह टेस्ट बल्लेबाजों की रैंकिंग में कोहली और चेतेश्वर पुजारा के बाद तीसरे भारतीय हैं। मयंक अग्रवाल 18वें स्थान पर हैं ।

प्लेयर आफ द सीरिज रहे रोहित सीरीज से पहले 44वें स्थान पर थे। वह वनडे में फरवरी 2018 में आईसीसी रैंकिंग में दूसरे और टी-20 में नवंबर 2018 में सातवें स्थान पर पहुंचे थे। कोहली तीनों प्रारूपों में नंबर एक रह चुके हैं। वहीं गंभीर टेस्ट और टी20 में शीर्ष और वनडे में आठवें स्थान पर रहे थे।

epaper.dainiktribuneonline.com


नयी दिल्ली में बुधवार को मंडी हाउस के करीब दिव्यांग छात्रों ने अपनी मांगों के समर्थन में सिकंदरा रोड को जाम कर दिया। -मुकेश अग्रवाल

## जमानत के लिए हाईकोर्ट पहुंचे चिदंबरम

नयी दिल्ली, 23 अक्तूबर (एजेंसी)

पूर्व वित्त मंत्री पी चिदंबरम ने आईएनएक्स मीडिया धन शोधन मामले में जमानत के लिए दिल्ली हाईकोर्ट में बुधवार को अर्जी दी। आईएनएक्स मीडिया मामले में उन्हें मंगलवार को सुप्रीमकोर्ट ने जमानत दे दी थी। उन्हें सीबीआई ने इस मामले में 21 अगस्त को गिरफ्तार किया था, लेकिन चिदंबरम (74) अभी भी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की हिरासत में हैं। एजेंसी ने उन्हें 17 अक्तूबर को हिरासत में लिया था। सीबीआई ने 15 मई 2017 को एक प्राथमिकी दर्ज की थी जिसमें आईएनएक्स मीडिया समूह को 2007 में विदेशी चंदा प्राप्त करने के लिए विदेशी निवेश संवर्धन बोर्ड (एफआईपीबी) की ओर से मिली मंजूरी में गड़बड़ियां करने का आरोप लगाया गया था। 2007 में चिदंबरम वित्त मंत्री थे। इसके बाद ईडी ने इस संबंध में 2017 में धनशोधन का एक मामला दर्ज किया था।

# आज हो सकते हैं करतारपुर गलियारा समझौते पर हस्ताक्षर

## जीरो प्वॉइंट पर होगी अधिकारियों की मुलाकात

इस्लामाबाद, 23 अक्तूबर (भाषा)

पाकिस्तान ने बुधवार को कहा कि करतारपुर गलियारे को चालू करने के लिए भारत के साथ ऐतिहासिक समझौते पर बृहस्पतिवार को हस्ताक्षर हो सकते हैं।

यह गलियारा भारत के पंजाब में डेरा बाबा नानक गुरुद्वारे को करतारपुर के गुरुद्वारे से जोड़ेगा जो अंतर्राष्ट्रीय सीमा से महज 4 किलोमीटर दूर है। करतारपुर में गुरुद्वारा पाकिस्तान में पंजाब प्रांत के नरोवाल जिले में स्थित है।

शुरुआत में दोनों पक्ष बुधवार को समझौते पर हस्ताक्षर करने के लिए राजी हुए थे। विदेश कार्यालय के प्रवक्ता मोहम्मद फैसल ने यहां पत्रकारों से कहा, 'हमारी समझौते पर बृहस्पतिवार को हस्ताक्षर करवाने की कोशिश है।' नयी दिल्ली में विदेश मंत्री ने सोमवार को कहा था कि मंत्रालय के संयुक्त सचिव स्तर के एक अधिकारी बृहस्पतिवार को करतारपुर गलियारे के पास जीरो प्वॉइंट पर पाकिस्तान के अधिकारियों से मिलेंगे और भारत की ओर से समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करेंगे।



**यह होगी व्यवस्था**

श्रद्धालु सुबह आएंगे और गुरुद्वारा दरबार साहिब में मत्था टेकने के बाद शाम को लौट जाएंगे। हर दिन इस पवित्र धर्म स्थल पर कम से कम 5,000 श्रद्धालुओं को आने की अनुमति दी जाएगी। हर श्रद्धालु को शुल्क के तौर पर 20 डॉलर देने होंगे। भारत ने हर श्रद्धालु पर 20 डॉलर का सेवा शुल्क लगाने के फैसले का विरोध किया है।

### चांद के पास से गुजरा नासा का सेटेलाइट

# अमेरिकी ऑर्बिटर को नहीं दिखा 'विक्रम'

वाशिंगटन, 23 अक्तूबर (एजेंसी)

अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने कहा है कि चंद्रमा क्षेत्र के पास से हाल ही में गुजरे उसके चंद्रमा ऑर्बिटर द्वारा कैद की गई तस्वीरों में चंद्रयान-2 के लैंडर विक्रम का कोई सुराग नहीं मिला है। यह ऑर्बिटर चंद्रमा के उस क्षेत्र से गुजरा था जहां भारत के महत्वाकांक्षी मिशन 'चंद्रयान-2' ने सॉफ्ट लैंडिंग का प्रयास किया था। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने सात सितंबर को चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर विक्रम की सॉफ्ट लैंडिंग कराने का प्रयास किया था लेकिन लैंडर से संपर्क टूट जाने के बाद से उसका कुछ पता नहीं चल सका है।

लूनर रिकॉनसन्स ऑर्बिटर (एलआरओ) के परियोजना वैज्ञानिक नोआह एडवर्ड पेट्रो ने ई-मेल के जरिए विशेष बातचीत में कहा, 'एलआरओ मिशन ने 14 अक्तूबर को चंद्रयान-2 विक्रम लैंडर के उतरने वाले स्थान के क्षेत्र की तस्वीरों को कैद किया लेकिन उसे लैंडर का कोई सुराग नहीं मिला।' पेट्रो ने बताया कि कैमरा टीम ने बहुत ध्यान से इन तस्वीरों का अध्ययन किया और बदलाव का पता लगाने वाली तकनीक का इस्तेमाल किया जिसमें लैंडिंग की कोशिश से पहले की तस्वीर और 14 अक्तूबर को ली गई तस्वीर के बीच तुलना की गई।

एलआरओ मिशन परियोजना के उप वैज्ञानिक जॉन केलर ने बताया, 'यह संभव है कि विक्रम किसी छाया में छिपा हो या फिर जिस क्षेत्र में हमने उसे खोजा, वहां पर वह न हो। यह क्षेत्र कभी भी छाया से पूरी तरह से मुक्त नहीं होता है।' इससे पहले 17 अक्तूबर को किए गए एक मिशन में भी एलआरओ टीम को लैंडर की तस्वीर लेने या उसका पता लगाने में कामयाबी नहीं मिली थी।

## कांग्रेस, झामुमो के 2-2 विधायकों समेत 5 भाजपा में शामिल

रांची, 23 अक्तूबर (एजेंसी)

झारखंड में विधानसभा चुनावों से ठीक पहले, मुख्यमंत्री रघुवर दास की उपस्थिति में कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुखदेव भगत समेत दो विधायकों, झामुमो के दो विधायकों, एक निर्दलीय विधायक तथा दो पूर्व अधिकारियों समेत 9 नेताओं ने बुधवार को भाजपा का दामन थाम लिया। आज कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं लोहरदगा से विधायक सुखदेव भगत, बरही से कांग्रेस विधायक मनोज यादव, झारखंड मुक्ति मोर्चा के बहरागोड़ा से विधायक कुणाल सारंगी, मांडू से झामुमो विधायक जयप्रकाश भाई पटेल एवं राज्य के पूर्व कैबिनेट मंत्री तथा नौजवान युवा मोर्चा के अध्यक्ष भानु प्रताप शाही आज यहां प्रदेश भाजपा कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा में शामिल हो गए।

## पाक पॉप गायिका ने मोदी को दी धमकी

इस्लामाबाद, 23 अक्तूबर (भाषा)

पाकिस्तानी पॉप गायिका एवं अभिनेत्री रबी पीरजादा ने ट्विटर पर एक आपत्तिजनक तसवीर पोस्ट की है, जिसमें वह 'सुसाइड जैकेट' पहने नजर आ रही हैं और जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा हटाने को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धमकी दे रही हैं। उर्दू प्वाइंट डॉट कॉम की खबर के मुताबिक ट्विटर पर पीरजादा की तसवीर पोस्ट होने के बाद इसने काफी संख्या में लोगों का ध्यान अपनी ओर खींचा है। कुछ लोग उसकी बहादुरी को लेकर उसकी सराहना कर रहे हैं, जबकि बाहरी दुनिया में देश की छवि खराब करने को लेकर अन्य लोगों ने उसे फटकार लगाई है। तसवीर में लाहौर की 27 वर्षीय गायिका पीरजादा को एक जैकेट पहने देखा जा सकता है जिसमें विस्फोटक लगे हुए हैं।

# घाटी के कश्मीरी पंडितों को भी मिलेगी दाखिलों में छूट

नयी दिल्ली, 23 अक्तूबर (एजेंसी)

उच्च शिक्षण संस्थानों में कश्मीरी विस्थापितों के बच्चों को प्रवेश में मिलने वाली छूट अब घाटी में रह रहे कश्मीरी पंडितों को भी दी जाएगी। मानव संसाधन विकास (एचआरडी) मंत्रालय के अधिकारियों ने यह जानकारी दी है। गैर-विस्थापित कश्मीरी पंडितों को भी ये छूट देने के संबंध मे मंत्रालय को कई प्रतिवेदन मिलने के बाद यह फैसला लिया गया। मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, "मामले पर विचार किया गया और गृह मंत्रालय एवं जम्मू-कश्मीर प्रशासन के साथ चर्चा करने के बाद यह निर्णय लिया गया है कि 2020-21 अकादमिक सत्र से देश के अन्य हिस्सों में स्थित उच्च शिक्षण संस्थानों में प्रवेश के लिए जो छूट कश्मीरी विस्थापितों के बच्चों को मिलेगी वही गैर विस्थापित कश्मीरी पंडित या कश्मीरी हिंदू परिवारों के लिए भी दी जाएगी।" विद्यार्थियों की दी जाने वाली इन छूटों में कट ऑफ प्रतिशत में 10 प्रतिशत तक की छूट मिलना बशर्ते वे न्यूनतम अहर्ताएं पूरी करते हों, प्रत्येक पाठ्यक्रम में प्रवेश क्षमता में पांच प्रतिशत तक की बढ़ोतरी और तकनीकी एवं पेशेवर पाठ्यक्रम कराने वाले संस्थानों में मेरिट कोटा में कम से कम एक सीट आरक्षित रखना शामिल है।

## एमबीए पास आतंकी पर 15 लाख इनाम

जम्मू, 23 अक्तूबर (हप्र)

एमबीए की पढ़ाई कर आतंकवाद की राह पर चलने वाले एक और आतंकी मौत पर 15 लाख का इनाम घोषित किया गया है। हारून वानी, जो भाजपा नेता परिहार बंधुओं और संघ के नेता चंद्रकांत शर्मा की हत्या समेत कई वारदात में शामिल था, को जिंदा या मुर्दा पकड़वाने पर डोडा पुलिस ने 15 लाख का इनाम घोषित किया है। पुलिस ने डोडा शहर में उसके पोस्टर भी लगा दिए हैं।

**कश्मीर में आतंकियों ने स्कूल जलाया, पेट्रोल बम फेंका :** आतंकियों ने मंगलवार देर रात दक्षिण कश्मीर के कुलगाम जिले के वुथु अच्छाबल गांव में स्थित सरकारी स्कूल की इमारत को आग लगा दी। जबकि आज सुबह उन्होंने श्रीनगर के बटमालू इलाके में सुरक्षाबलों पर एक पेट्रोल बम भी फेंका।

**हिज्बुल के 2 सदस्य गिरफ्तार**
जम्मू (एजेंसी) : जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में पुलिस ने हिज्बुल मुजाहिदीन के 2 सक्रिय सदस्यों को गिरफ्तार किया है। इनमें से एक हिज्बुल के जहांगीर सरूरी का भाई है। दोनों की पहचान हिज्बुल आतंकी अमीन भट उर्फ जहांगीर सरूरी के भाई अब्दुल करीन और दच्छान पट्टी के दानिश नसीर के तौर पर की गई है।




### रेलिगेयर फिनवेस्ट घोटाला

# सिंह बंधुओं ने नहीं दिया कोई प्रस्ताव, बातचीत बेनतीजा

नयी दिल्ली, 23 अक्तूबर (एजेंसी)

फोर्टिस हेल्थकेयर के पूर्व प्रमोटर मालविंदर सिंह और उनके भाई शिविंदर सिंह तथा घोटाले में घिरी रेलिगेयर फिनवेस्ट लिमिटेड (आरएफएल) के बीच समझौते को लेकर हुई वार्ता किसी नतीजे पर नहीं पहुंची क्योंकि इसमें किसी तरह का प्रस्ताव नहीं दिया गया। दिल्ली की एक अदालत को बुधवार को यह जानकारी दी गई। मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट दीपक शेरावत को आरएफएल के वकील ने बताया कि सिंह बंधुओं ने कोई प्रस्ताव नहीं दिया, इसलिए समझौता वार्ता किसी नतीजे पर नहीं पहुंची।

आरएफएल में निधि का कथित तौर पर दुरुपयोग करने के आरोप में गिरफ्तार सिंह बंधुओं के वकील ने अदालत को सूचित किया कि प्रस्ताव लाना संभव नहीं था क्योंकि ऐसा करने के लिए आरोपियों का साथ बैठकर मुद्दे पर चर्चा करना आवश्यक है।

# आईटीबीपी की चंडीगढ़ में पश्चिमी कमान, गुवाहाटी में पूर्वी कमान के गठन को मंजूरी

नयी दिल्ली, 23 अक्तूबर (भाषा)

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने भारत तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) के ग्रुप 'ए' सामान्य ड्यूटी काडर और गैर-सामान्य ड्यूटी काडर की 'काडर समीक्षा' के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने आईटीबीपी में काडर समीक्षा के इस प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। बैठक के बाद केंद्रीय मंत्री प्रकाश जावडे़कर ने संवाददाताओं से कहा कि इससे ज्याद पद बनेंगे, काम सरल होगा और कार्यक्षमता बढ़ेगी।

सरकारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि आईटीबीपी के वरिष्ठ ड्यूटी पदों में पर्यवेक्षीय स्टाफ बढ़ाने के लिए सहायक कमांडेंट से अपर महानिदेशक तक के विभिन्न पदों में ग्रुप 'ए' सामान्य ड्यूटी (कार्यकारी) काडर और गैर-सामान्य ड्यूटी काडर की काडर समीक्षा करने का निर्णय। इसके तहत अपर महानिदेशक के नेतृत्व और महानिरीक्षक के सहयोग में दो नई कमानों (चंडीगढ़ में पश्चिमी कमान और गुवाहाटी में पूर्वी कमान) का गठन करने की बात कही गई है। यह प्रस्ताव विभिन्न स्तरों पर ग्रुप 'ए' कार्यकारी सामान्य ड्यूटी काडर में 60 पदों और ग्रुप 'ए' गैर सामान्य काडर में दो पदों के सृजन के लिए है।




### पिछले 20 हफ्तों से विरोध प्रदर्शन जारी

# हांगकांग की नेता कैरी लेम को हटायेगा चीन

बीजिंग, 23 अक्तूबर (एजेंसी)

चीन हांगकांग की संकट में घिरी मुख्य कार्यकारी कैरी लेम को हटाने संबंधी योजना बना रहा है। फाइनेंशियल टाइम्स ने बुधवार को यह खबर दी। हांगकांग में लोकतंत्र स्थापित करने के पक्ष में पिछले करीब पांच महीने से विरोध हो रहे हैं।

चीन समर्थक नेता को अर्ध स्वायत्त शहर में प्रदर्शनकारियों से लगातार आलोचना झेलनी पड़ी है। अब तक चीन की केंद्र सरकार लेम और हांगकांग पुलिस को अपना समर्थन देती आई है। प्रदर्शनकारियों को 'दंगाई' कह कर उसने हिंसा का विरोध भी किया है। लेकिन फाइनेंशियल टाइम्स की खबर के मुताबिक चीन की सरकार अब लेम के स्थान पर एक अंतरिम मुख्य कार्यकारी को नियुक्त करने की योजना बना रही है। हांगकांग में पिछले 20 हफ्तों से विरोध प्रदर्शन जारी हैं। इसका कोई राजनीतिक हल फिलहाल नहीं दिख रहा है तथा हिंसक झड़पें हर महीने बढ़ ही रही हैं।

### फ्लैग मीटिंग में गोली चलाने का मामला

## बीएसएफ ने जांच में पाया बांग्लादेश की फायरिंग अकारण

कोलकाता, 23 अक्तूबर (एजेंसी)

सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने अपनी जांच में पाया है कि पिछले सप्ताह भारतीय जवान की जान लेने वाली 'बीजीबी' की गोलीबारी 'अकारण और अवांछित' थी। बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश (बीजीबी) के एक कर्मी ने 17 अक्तूबर को पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास फ्लैग मीटिंग के दौरान अपनी एके-47 राइफल से गोली चला दी थी, जिसमें बीएसएफ के हेड कांस्टेबल विजय भान की जान चली गई थी और एक अन्य जवान राजवीर यादव घायल हो गया था।

## चुनाव याचिका पीएम की आपत्ति पर फैसला सुरक्षित

प्रयागराज, 23 अक्तूबर (एजेंसी)

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से एक चुनाव याचिका पर की गई आपत्ति पर अपना निर्णय बुधवार को सुरक्षित रख लिया। प्रधानमंत्री की ओर से तेज बहादुर द्वारा दायर याचिका पर आपत्ति की गई है। वाराणसी संसदीय क्षेत्र से सांसद के तौर पर प्रधानमंत्री मोदी के निर्वाचन को चुनौती देने वाली एक याचिका पर सुनवाई करते हुए जस्टिस मनोज गुप्ता ने निर्णय सुरक्षित रखा। पीएम के वकील सत्यपाल जैन ने दलील दी कि याचिका विचार योग्य नहीं है क्योंकि इसमें न किसी कारण का उल्लेख है न ही गड़बड़ी का कोई आरोप है। हालांकि, अदालत ने आपत्ति को लेकर वकील की दलील सुनने के बाद निर्णय सुरक्षित रख लिया।

### पुलिस के साथ बातचीत करने से किया इनकार

# फ्रांस के संग्रहालय में छिपा एक संदिग्ध, अरबी में लिखा संदेश

नाइस (फ्रांस), 23 अक्तूबर (एजेंसी)

दक्षिण फ्रांस के एक संग्रहालय में एक व्यक्ति छिपा हुआ है और उस संग्रहालय की दीवार पर अरबी भाषा में धमकी भरे संदेश भी लिखे हुए हैं। पुलिस के एक सूत्र ने बताया कि अधिकारियों ने सेंट-राफेल शहर में स्थित इस संग्रहालय को घेर लिया है।

माना जा रहा है कि एक व्यक्ति रात में इस संग्रहालय में घुस गया था। संभावना है कि उसके साथ एक और व्यक्ति भी है। अंदर छिपे व्यक्ति ने पुलिस से बातचीत करने से इनकार कर दिया। सूत्रों ने बताया कि संग्रहालय की दीवार पर एक संदेश लिखा है, 'यह संग्रहालय जहन्नुम बनने जा रहा है।' सभी यह स्पष्ट नहीं है कि इस व्यक्ति के पास हथियार हैं अथवा नहीं। इस बात का भी पता नहीं चल पाया है कि वह अकेला है अथवा उसके साथ कोई और भी है। पुलिस ने ट्विटर पर लोगों को कॉन और सेंट ट्रोपेज शहरों के बीच स्थित इस स्थान पर नहीं जाने की चेतावनी दी है। उल्लेखनीय है कि इस संग्रहालय में एक ऐतिहासिक स्मारक और यहां रोमन इतिहास से जुड़ी अनेक बहुमूल्य वस्तुओं का संग्रह है।

सर्कुलेशन, विज्ञापन बुकिंग तथा अन्य संबंधित जानकारी हेतु कृपया निम्नांकित नंबरों पर सोमवार से शनिवार तक सुबह 10.00 बजे से सायं 5.00 बजे के बीच सम्पर्क करें :
सर्कुलेशन : 0172-2670419
या ई-मेल करें : circulation@tribunemail.com
विज्ञापन :
क्लासिफाइड : 0172-2670257
या ई-मेल करें : classified@tribunemail.com
डिस्प्ले : 0172-2670256
या ई-मेल करें : advt@tribunemail.com

प्रकाशक व मुद्रक राजकुमार सिंह द्वारा द ट्रिब्यून ट्रस्ट की ओर से द ट्रिब्यून प्रेस, सेक्टर 29-सी, चंडीगढ़ से मुद्रित व द ट्रिब्यून, सेक्टर 29-सी, चंडीगढ़ से प्रकाशित।
कॉपीराइट © द ट्रिब्यून ट्रस्ट, सर्वाधिकार सुरक्षित।
आर.एन.आई. रजि. नंबर 32198/78.
चंडीगढ़ फोन : 2655066, 2655067, 2655068.
सर्कुलेशन : 0172-2670419, विज्ञापन : 0172-2670256-257.
संपादक : राजकुमार सिंह*
*पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु जिम्मेदार।

epaper.dainiktribuneonline.com